## ओ-जोन में बसी कॉलोनियों के पुराने निर्माण पर नहीं होगी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई: रेखा



नई दिल्ली: दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में हुई उच्चस्तरीय बैठक में जानकारी दी गई।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्ष: 20 अंक: 161 पृष्ठ: 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com
हरियाणा संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




**फास्ट न्यूज**

### नमो भारत ने बनाया नया रिकॉर्ड, एक दिन में 1.25 लाख से अधिक यात्रियों ने किया सफर

**नई दिल्ली।** दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर ने यात्री संख्या का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 8 जून को एक ही दिन में लगभग 1.25 लाख यात्रियों को सेवा प्रदान की। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एनसीआरटीसी के अनुसार, सोमवार को कॉरिडोर पर करीब 1,25,500 यात्रियों ने यात्रा की, जो अबतक की सबसे अधिक दैनिक यात्री संख्या है। एनसीआरटीसी ने कहा कि यह उपलब्धि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में लोगों की यात्रा संबंधी आदतों में आ रहे बदलाव को दशार्ती है, जहां बड़ी संख्या में यात्री तेज, भरोसेमंद और समयबद्ध सार्वजनिक परिवहन के रूप में नमो भारत को प्राथमिकता दे रहे हैं। एनसीआरटीसी ने बताया कि वर्तमान में औसतन करीब एक लाख यात्री प्रतिदिन नमो भारत सेवाओं का उपयोग कर रहे हैं। यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी इसके बढ़ते उपयोग का प्रमुख कारण है। समय की पाबंदी और विश्वसनीयता को महत्व देने वाले कार्यालय कर्मी, छात्र और अन्य नियमित यात्री बड़ी संख्या में इस सेवा को अपना रहे हैं।

### प्रधानमंत्री ने कुवैत के अमीर से की बात, पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जाबेर अल-सबा से टेलीफोन पर बातचीत की और पश्चिम एशिया के हालात पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और सुरक्षा स्थिति पर अपने विचार साझा किए। प्रधानमंत्री मोदी ने कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हुए हमलों की भारत की ओर से कड़ी निंदा दोहराई और इस मुद्दे पर गहरी चिंता व्यक्त की।प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति और स्थिरता की जल्द से जल्द बहाली के लिए तनाव कम करने, बातचीत और कूटनीति की अपील दोहराई।

प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि ने लैंड पोर्ट्स का महत्व स्थापित किया: अमित शाह

# लैंड पोर्ट्स के तेज विकास से सुरक्षा सुनिश्चित हुई है: शाह

**योगदान**

**सीमावर्ती क्षेत्रों के समग्र विकास में भी लैंड पोर्ट्स ने महत्वपूर्ण योगदान दिया: अमित शाह**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को भारत के लैंड पोर्ट्स के संचालन को आधुनिक और सुव्यवस्थित बनाने के लिए विकसित डिजिटल मंच लैंड पोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम (विनिमय) का उद्घाटन किया। यह प्रणाली सीमा शुल्क, आव्रजन, सीमा सुरक्षा बल और अन्य संबंधित पक्षों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करेगी। इस अवसर पर शाह ने कहा कि लैंड पोर्ट्स अथॉरिटी की संकल्पना 2014 से पहले एक रिपोर्ट की सिफारिशों से सामने आई थी। वर्ष 2012 से 2014 के बीच इसे आकार दिया गया और दो लैंड पोर्ट भी शुरू किए गए। लेकिन 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में इस अवधारणा को नई दिशा मिली। वास्तव में लैंड पोर्ट्स अथॉरिटी का विचार मुख्य रूप से सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण आया था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के विजन ने इसे केवल सुरक्षा के पहले कवच तक सीमित नहीं रखा। इसके साथ-साथ इसे व्यापार को सुगम और सुरक्षित बनाने के एक प्रभावी माध्यम के रूप में भी विकसित किया गया।उन्होंने कहा कि इस सोच में एक नया आयाम भी जोड़ा गया कि लैंड पोर्ट दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क का पुल बन सकते हैं। साथ ही यह भी प्रयास किया गया कि लैंड पोर्ट भारत की संस्कृति और विरासत के राजदूत के रूप में भी कार्य करें। गृह मंत्री ने कहा कि विस्तृत अध्ययन के बाद वह यह कह सकते हैं कि लैंड पोर्ट्स के तेज विकास से न केवल व्यापार बढ़ा है और सुरक्षा सुनिश्चित हुई है बल्कि अवैध व्यापार को वैध व्यापार में बदलने के प्रयासों को भी बल मिला है। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों के समग्र विकास में भी लैंड पोर्ट्स ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है और जिन इलाकों में पलायन बड़ी समस्या थी, वहां इस चुनौती से निपटने में भी मदद मिली है।

### भारत जैसे विशाल देश में सीमा प्रबंधन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण: शाह

शाह ने कहा कि भारत जैसे विशाल देश में सीमा प्रबंधन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि गृह मंत्रालय स्मार्ट बॉर्डर की अवधारणा और बहुआयामी रणनीति के साथ देश की स्थलीय सीमाओं की सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस विजन में लैंड पोर्ट्स अथॉरिटी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि लैंड पोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम (विनिमय) तैयार करते समय सभी हितधारकों की जरूरतों और सुरक्षा संबंधी आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा गया है। उनके अनुसार यह प्रणाली स्मार्ट बॉर्डर की अवधारणा के साथ मिलकर अधिक सुरक्षित और मजबूत सीमा प्रबंधन व्यवस्था के निर्माण में सहायक होगी।

### सरकार ने कोयला एक्सचेंज स्थापित करने के लिए जारी किए नियम

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश में कोयला कारोबार व्यवस्था को ज्यादा पारदर्शी, दक्ष और आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए कोयला एक्सचेंज स्थापित करने के नियम प्रकाशित किए हैं। इससे विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के तहत ऊर्जा बाजारों को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी।
कोयला मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि सरकार देश में कोयला एक्सचेंजों की स्थापना के लिए मार्ग तैयार कर रही है।
मंत्रालय ने कहा कि हाल ही में पारित खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2025 ने खनिज एक्सचेंज की अवधारणा को लागू किया है। केंद्र सरकार को कोयले और उसके प्रसंस्कृत रूपों सहित खनिजों के पारदर्शी और कुशल व्यापार को बढ़ावा देने का अधिकार दिया है। मंत्रालय के मुताबिक उपरोक्त के अनुसरण में कोयला मंत्रालय ने 04 जून को राजपत्र में कोयला एक्सचेंज नियम, 2026 प्रकाशित किए गए हैं। ये नियम कोयला मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।
इस पहल को सुगम बनाने के लिए कोयला मंत्रालय ने दिसंबर, 2025 में कोयला नियंत्रक संगठन (सीसीओ) को कोयला एक्सचेंजों के पंजीकरण और विनियमन के लिए जिम्मेदार प्राधिकरण के रूप में नामित किया है।



अरशद खान ने 49वें ओवर में पलटा मैच, भारत ए ने श्रीलंका ए पर दर्ज की रोमांचक जीत।

### सबसे लंबे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री को मिल रही विश्व नेताओं की बधाई

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने वाले नरेन्द्र मोदी को उनकी उपलब्धियों पर विश्व के नेताओं से बधाई और शुभकामना संदेश मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार विश्वभर के नेताओं ने प्रधानमंत्री के परिवर्तनकारी शासन, वैश्विक दक्षिण के लिए उनके प्रयासों और समावेशी एवं आर्थिक रूप से गतिशील भारत के उनके दृष्टिकोण की सराहना की है। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायका ने 8 जून को प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में श्रीलंका सरकार और जनता की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए कहा, यह उपलब्धि न केवल आपके कार्यकाल का प्रमाण है, बल्कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की जनता द्वारा आपके नेतृत्व पर बार-बार जताए गए विश्वास और भरोसे का भी प्रमाण है।

## नदी जोड़ो परियोजनाओं में धन नहीं, सोच सबसे बड़ी चुनौती : उपराष्ट्रपति



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने मंगलवार को कहा कि देश में पानी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नदियों को जोड़ने और भूजल स्तर बढ़ाने के प्रयासों को तेज करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि नदी जोड़ो परियोजनाओं को लागू करने में धन की कमी बड़ी बाधा नहीं है बल्कि लोगों की सोच और राजनीतिक कारण अधिक चुनौतीपूर्ण हैं। उपराष्ट्रपति भवन में जल शक्ति मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान राधाकृष्णन ने कहा कि राष्ट्रीय हित में पानी के बेहतर प्रबंधन के लिए दूरदर्शी और सहयोगपूर्ण दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। बैठक में उन्हें जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग की विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी दी गई।
उपराष्ट्रपति ने जल संचय जन भागीदारी अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इसमें सरकार, समाज, उद्योग और विभिन्न संगठनों की भागीदारी से जल संरक्षण और भूजल स्तर बढ़ाने का अच्छा प्रयास किया जा रहा है।

### जोजिला सुरंग परियोजना में मुख्य सुरंग ब्रेकथ्रू का नितिन गडकरी ने किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कारगिल के मीनामार्ग स्थित जोजिला सुरंग परियोजना के मुख्य सुरंग ब्रेकथ्रू (आरपार होना) का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और अधिकारी मौजूद रहे। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि जोजिला सुरंग परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग-1 पर बालटाल से मीनामार्ग तक लगभग 14 किलोमीटर लंबी द्विदिशीय (टू वे) सुरंग के निर्माण से जुड़ी है। 6,800 करोड़ रुपये की लागत से विकसित हो रही यह परियोजना एशिया की सबसे लंबी सुरंग है। 2,900 से 3,310 मीटर की ऊंचाई पर निर्मित यह सुरंग कठिन मौसम और जटिल भूगर्भीय परिस्थितियों के बीच भारतीय इंजीनियरिंग क्षमता का उदाहरण है।

## सशक्त पंचायतें ही मजबूत लोकतंत्र और समृद्ध गांवों की आधारशिला: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ग्रामीणों को बड़ी राहत देते हुए ऐलान किया है कि जो परिवार गांव की शामलात भूमि पर पिछले 20 वर्षों से मकान बनाकर रह रहे है, ऐसे परिवार मालिकाना हक के लिए नियमानुसार अब 16 जनवरी 2027 तक अपने आवेदन कर सकते है। उन्होंने कहा कि ऐसे परिवारों से वर्ष 2004 की कलेक्टर दर की डेढ़ गुणा के अनुसार भूमि खरीद की राशि




जमा करवाई जाएगी। दस्तावेजी कठिनाइयों के कारण कई पात्र लोग आवेदन नहीं कर सके थे, ऐसे में सरकार ने उन्हें राहत दी है। इसके साथ ही उन्होंने घोषणा की है कि ग्रामीण क्षेत्र में कचरा प्रबंधन को मजबूत बनाने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली, चालक और कचरा संग्रहण कर्मी उपलब्ध करवाए जाएंगे। यह ट्रैक्टर ई–वी होंगे। इसके अलावा वेस्ट-टू-एनर्जी परियोजनाओं पर भी सरकार काम कर रही है।

**मालिकाना हक**

**ग्रामीण क्षेत्र में कचरा प्रबंधन को मजबूत बनाने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली, चालक उपलब्ध करवाए जाएंगे**

### 'विकसित भारत जी राम जी' योजना एक जुलाई से होगी लागू

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** "विकसित भारत जी राम जी" एक जुलाई से देशभर में लागू कर दिया जाएगा। इसके लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय ने मंगलवार को 95,692 करोड़ रु. का अंतरिम आवंटन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को जारी किया। मनरेगा के तहत 30 हजार करोड़ रु. पहले ही आवंटित कर दिए गए हैं। इस प्रकार इस योजना की कुल राशि 1.25 लाख करोड़ रु. से अधिक हो जाएगी। इस संबंध में मंगलवार को ग्रामीण विकास मंत्रालय में केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यों के ग्रामीण विकास मंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासामी भी शामिल हुए।

*राज्यपाल ने वर्चुअल माध्यम से 'नक्षत्र वाटिकाइ तथा 'स्व-रोजगार धामइ का शिलान्यास एवं 'डिजिटल नॉलेज सेंटर' का उद्घाटन किया*

## राज्यपाल ने परमार औद्यानिकी विश्वविद्यालय की 17वीं सीनेट बैठक की अध्यक्षता की

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंकज शर्मा**
**हिमाचल** प्रदेश के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कविन्द्र गुप्ता ने आज डॉ. वाई.एस. परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में आयोजित 17वीं सीनेट बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर विधायक एवं सीनेट सदस्य संजय अवस्थी व विनोद सुल्तानपुरी, कुलपति डॉ. हरमिंदर सिंह बवेजा, सीनेट के अन्य सदस्य, प्राध्यापक तथा अधिकारी उपस्थित थे।
बैठक के दौरान राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों



की समीक्षा की तथा विभिन्न महत्त्वपूर्ण विषयों पर अपने सुझाव एवं निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान बागवानी, वानिकी तथा पर्वतीय कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है।
राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की दीर्घकालिक विकास योजना पर बल देते हुए इसे देश के अग्रणी कृषि एवं बागवानी विश्वविद्यालयों में स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप पाठ्यक्रमों को समयानुकूल बनाने तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डाटा एनालिटिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी जैसी आधुनिक तकनीकों को शिक्षा व्यवस्था में समुचित स्थान देने पर भी बल दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देश दिए कि बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के पुनर्गठन की प्रक्रिया निर्धारित समयावधि में पूर्ण की जाए तथा विभिन्न वित्तीय संस्थानों और औद्योगिक साझेदारों के साथ सहयोग बढ़ाकर विद्यार्थियों के लिए रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर सृजित किए जाएं। राज्यपाल ने वर्चुअल माध्यम से 'नक्षत्र वाटिकाइ तथा 'स्व-रोजगार धामइ का शिलान्यास एवं 'डिजिटल नॉलेज सेंटर' का उद्घाटन किया।

**विशिष्ट**

**संस्थान बागवानी, वानिकी तथा पर्वतीय कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में देशभर में अपनी पहचान बना चुका है**

## मप्र से कांग्रेस की राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मध्य प्रदेश में राज्यसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच के तीसरी तीसरी सीट के कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र खारिज कर दिया गया है। भाजपा की आपत्ति पर मंगलवार शाम को रिटर्निंग ऑफिसर अरविंद शर्मा ने यह फैसला लिया। इसके बाद राज्यसभा की तीसरी सीट का चुनावी समीकरण बदल गया है और भाजपा के तीनों उम्मीदवारों के निर्विरोध निर्वाचित होने की संभावना बढ गई है। दरअसल, मीनाक्षी नटराजन के नामांकन के खिलाफ भाजपा ने औपचारिक आपत्ति दर्ज



कराई थी।
भाजपा का आरोप है कि मीनाक्षी ने तेलंगाना की हैदराबाद अदालत में लंबित एक मामले की जानकारी नामांकन पत्र में छिपाई है। इसको लेकर पर्यवेक्षक ने कारण बताओ नोटिस जारी कर मंगलवार शाम तक जवाब मांगा था। आपत्ति पर सुनवाई के दौरान विधानसभा परिसर में दिनभर राजनीतिक हलचल बनी रही।
भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों के वरिष्ठ नेता रिटर्निंग अफसर कार्यालय के बाहर मौजूद रहे। नामांकन की जांच के दौरान विधानसभा परिसर में दोनों दलों के नेताओं के बीच तीखी नोकझोंक और हंगामे की स्थिति भी बनी। नारेबाजी और शोर-शराबे के बीच कांग्रेस विधायक हेमंत कटारे और विक्रांत भूरिया ने रिटर्निंग ऑफिसर के कमरे में घुसने की कोशिश की, जिसे पुलिस और विधानसभा के सुरक्षाकर्मियों ने रोक दिया।

# डिजिटल समृद्धि का नया आधार बनेगा प्रोजेक्ट गंगा : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

गांव-गांव तक हाई स्पीड डिजिटल कनेक्टिविटी पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री ने किया प्रोजेक्ट गंगा का शुभारंभ, 20 लाख परिवारों को डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ने की बड़ी पहल,एक लाख से अधिक रोजगार सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम, यूपी का नया 'डिजिटल एक्सप्रेसवे' साबित होगा प्रोजेक्ट गंगा, डिजिटल शिक्षा, टेलीमेडिसिन और स्मार्ट कृषि को मिलेगा नया आधार

**नेटवर्क विकसित**

प्रोजेक्ट गंगा के तहत प्रदेश में डिजिटल सेवा प्रदाताओं (डीएसपी) का एक व्यापक नेटवर्क विकसित किया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के गांवों तक हाई स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचाने, डिजिटल समावेशन को नई गति देने और युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर सृजित करने की दिशा में मंगलवार को मुख्यमंत्री ने 'प्रोजेक्ट गंगा' का शुभारंभ किया। यह परियोजना ग्रामीण क्षेत्रों में लास्ट माइल डिजिटल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के साथ-साथ डिजिटल शिक्षा, टेलीमेडिसिन, ई-गवर्नेंस, कौशल विकास और तकनीक आधारित रोजगार के नए अवसरों का विस्तार करेगी। प्रोजेक्ट गंगा के तहत प्रदेश में डिजिटल सेवा प्रदाताओं (डीएसपी) का एक व्यापक नेटवर्क विकसित किया जाएगा। इसके माध्यम से लगभग 20 लाख परिवारों तक हाई स्पीड इंटरनेट पहुंचाने, 8 से 10 हजार डिजिटल सेवा प्रदाता तैयार करने तथा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से एक लाख से अधिक रोजगार अवसर सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है। परियोजना के प्रथम चरण में 21 जनपदों में इसका संचालन प्रारंभ किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज के दौर में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी एक बुनियादी आवश्यकता बन चुकी है। इंटरनेट की गति जितनी तेज होगी, विकास की रफ्तार भी उतनी ही तेज होगी। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट गंगा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'डिजिटल इंडिया' विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार गंगोत्री से गंगासागर तक मां गंगा का प्रवाह अपने मार्ग में आने वाले क्षेत्रों के विकास, समृद्धि और जीवन का आधार रहा है।





## प्रोजेक्ट गंगा भी प्रदेश की डिजिटल समृद्धि का एक मजबूत आधार बनेगाः सीएम योगी

प्रोजेक्ट गंगा भी प्रदेश की डिजिटल समृद्धि का एक मजबूत आधार बनेगा। यह पहल गांवों तक डिजिटल अवसर पहुंचाकर सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन की नई संभावनाएं सृजित करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश में ई-ऑफिस, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी), बीसी सखी, ग्राम सचिवालय सहित अनेक तकनीक आधारित पहलों के माध्यम से शासन और जनता के बीच की दूरी कम हुई है। इन प्रयासों ने डिजिटल सशक्तिकरण को नई गति दी है और आम नागरिकों तक सेवाओं की पहुंच को आसान बनाया है। प्रोजेक्ट गंगा इसी यात्रा का अगला महत्वपूर्ण चरण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रथम चरण में 21 जनपदों में प्रारंभ हो रही इस परियोजना को आगे चलकर प्रदेश की सभी 57 हजार ग्राम पंचायतों और लगभग 8 हजार न्याय पंचायतों तक पहुंचाना होगा। इससे लास्ट माइल डिजिटल कनेक्टिविटी की परिकल्पना साकार होगी और गांव स्मार्ट विलेज के रूप में विकसित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए 8 हजार डिजिटल उद्यमी तैयार करने का लक्ष्य रखा गया था। प्रोजेक्ट गंगा इस लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सरकार का प्रयास केवल इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। यह परियोजना युवाओं को डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ते हुए स्वरोजगार और उद्यमिता के नए अवसर प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने हिंदुजा समूह को इस पहल के लिए बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार 'सीएम युवा' योजना के माध्यम से युवाओं को 5 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करा रही है। प्रोजेक्ट गंगा के अंतर्गत चयनित युवा भी इस सुविधा का लाभ उठाकर डिजिटल सेवा प्रदाता के रूप में अपना उद्यम स्थापित कर सकेंगे।

## 'परियोजना की सफलता प्रशिक्षित और सक्षम डिजिटल सेवा प्रदाताओं पर निर्भर करेगी'

चयन और प्रशिक्षण के महत्व पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना की सफलता प्रशिक्षित और सक्षम डिजिटल सेवा प्रदाताओं पर निर्भर करेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि चयनित युवाओं को तकनीकी, प्रबंधकीय और व्यावसायिक दृष्टि से गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे अपने क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं का प्रभावी नेटवर्क विकसित कर सकें।

कार्यक्रम में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि प्रोजेक्ट गंगा उत्तर प्रदेश के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि तकनीक तक व्यापक पहुंच सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन का आधार बनती है। मोबाइल फोन का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि तकनीक ने उन लोगों के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव लाया है, जो कभी इससे दूर थे। आज सामान्य नागरिक डिजिटल माध्यमों से सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहा है और देश-दुनिया से सीधे जुड़ रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रोजेक्ट गंगा डिजिटल सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाकर इस परिवर्तन को और गति देगा।

इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि प्रोजेक्ट गंगा केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के डिजिटल भविष्य की मजबूत नींव है। यह पहल प्रदेश के युवाओं, विद्यार्थियों, किसानों और उद्यमियों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगी तथा आने वाले वर्षों में व्यापक बदलाव का माध्यम बनेगी। हिंदुजा समूह की ओर से ग्रुप प्रेसिडेंट कॉरपोरेट अफेयर्स सुनील कुमार चड्ढा ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया विजन को जमीनी स्तर पर साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का अभिनव मॉडल अपनाने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है। हिंदुजा समूह इस परियोजना में नो प्रॉफिट, नो लॉस के सिद्धांत के साथ सहयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप परियोजना में महिलाओं की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

# योग से ही संभव है स्वस्थ भारत, विकसित भारत का संकल्पः श्याम सिंह

**विरासत**

योग भारत की प्राचीन और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, जिसने पूरी दुनिया को जीवन जीने का मार्ग दिखाया है

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींदः** कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि योग भारत की प्राचीन और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है। जिसने पूरी दुनिया को निरोग और संतुलित जीवन जीने का मार्ग दिखाया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वैश्विक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आज दुनिया के करीब 190 देश योग को अपना रहे हैं।



जब देश का हर नागरिक स्वस्थ रहेगाए तभी विकसित भारत का संकल्प साकार होगा। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा मंगलवार को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में एक दिवसीय जिलास्तरीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर एवं प्रतियोगिता के आयोजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। शिविर में भारी संख्या में विद्यार्थियों, विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास किया।हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चला रही है।

एक जून से शुरू हुए योग पखवाड़े के तहत गांव-गांव और शहरों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के संदेश को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि यदि हमारी युवा पीढ़ी योग को अपनाएगी तो वह नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहेगी।

# अंबुजा सीमेंट्स के कौशल विकास कार्यक्रम ने गुजरात के 20 हजार से अधिक ग्रामीण युवाओं का बदला जीवन

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः** विविध क्षेत्रों में कार्यरत अदाणी समूह की सीमेंट एवं निर्माण सामग्री कंपनी अंबुजा सीमेंट्स ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर)पहल स्किल एंड एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (सेडी) के माध्यम से गुजरात के 20,334 से अधिक ग्रामीण युवाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।यह कार्यक्रम कोडिनार, सूरत, गांधीनगर,साणंद, मोरबी,महुवा और राजुला जैसे क्षेत्रों में संचालित किया जा रहा है।बाजार की मांग के अनुरूप तैयार किए गए इस कार्यक्रम के तहत युवाओं को इलेक्ट्रिकल कार्य,वेल्डिंग,सीएनसी कटिंग और डाटा एंट्री जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाता है।इससे उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त हुए हैं।कार्यक्रम की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रशिक्षित युवाओं में से 75 प्रतिशत से अधिक को रोजगार मिला है। अब तक 425 से अधिक प्लेसमेंट साझेदारों के सहयोग से 16,285 से अधिक युवाओं को नौकरी मिल चुकी है, जिससे उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है।इस पहल की एक विशेषता लैंगिक समानता को बढ़ावा देना भी है।

कार्यक्रम के तहत युवतियों को वेल्डिंग और इलेक्ट्रिकल कार्य जैसे पारंपरिक रूप से पुरुष-प्रधान क्षेत्रों में प्रशिक्षण लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।अब तक 9,565 युवतियां इन पाठ्यक्रमों में नामांकन करा चुकी हैं।

# विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने के लिए प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारीः ज्योतिरादित्य

**टीम एक्शन इंडिया**

**रोहतक।** केंद्रीय संचार एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम.सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व स्थिरता और अभूतपूर्व परिवर्तन दोनों का अनुभव किया है। यही कारण है कि आज भारत विश्व मंच पर एक मजबूत, आत्मविश्वासी और तेजी से विकसित हो रही शक्ति के रूप में स्थापित हुआ है। विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देश के 140 करोड़ नागरिकों को अपनी पूर्ण आहुति देने का समय आ गया है।

मंगलवार को केंद्रीय मंत्री वैश्य महाविद्यालय के सभागार में आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा रोपा गया यह पौधा आज वटवृक्ष बनकर लाखों विद्यार्थियों को शिक्षा रूपी छाया प्रदान कर रहा है। महात्मा गांधी ने देशभर में दो संस्थाओं की नींव रखी थी, जिनमें रोहतक की वैश्य शिक्षण संस्था शामिल है। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि हरियाणा और विशेष रूप से रोहतक की धरती का देश के इतिहास में विशेष स्थान रहा है। पानीपत की वीर भूमि का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए मराठा वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। सिंधिया परिवार के 16 पूर्वजों ने इस लड़ाई में कुबार्नी दी थी।



# टीवीएस मोटर कंपनी ने अपने प्रीमियम और खास एक्सपीरिएंस चैनल टीवीएस पैडॉक की घोषणा की

**टीम एक्शन इंडिया**

**मंडी:** दोपहिया एवं तिपहिया सेगमेन्ट में ग्लोबल लीडर टीवीएस वेनु के एक भाग टीवीएस मोटर कंपनी ने आज प्रीमियम पोर्टफोलियो के लिए समर्पित अपने एक्सक्लुजिव रीटेल चैनल टीवीएस पैडॉक की घोषणा के साथ उपभोक्ता उन्मुख रीटेल एवं ओनरशिप के अनुभव में नया बेंचमार्क स्थापित किया है। यह पहल कंपनी की प्रीमियम मोबिलिटी की यात्रा में उल्लेखनीय उपलब्धि है जो ब्राण्ड के साथ जुड़ाव,पर्सनलाइज्ड सर्विस और बेहतरीन आफ्टरसेल्स सपोर्ट को एक ही रीटेल इकोसिस्टम के तहत लाती है।टीवीएस मोटर पिछले चार दशकों से रेसिंग में सक्रिय है और लम्बे समय से इसका मानना है कि मोटरस्पोर्ट ही इंजीनियरिंग की उत्कृष्टता एवं परफोर्मेन्स इनोवेशन की असली परीक्षा है।रेसिंग टीवीएस मोटर कंपनी की प्रीमियम प्रोडक्ट रेंज में प्रोडक्ट डेवलपमेन्ट और उपभोक्ताओं के जुड़ाव का मुख्य आधार बनी हुई है।टीवीएस मोटर ने प्रोडक्ट के दायरे से आगे बढ़कर कम्युनिटी, अनुभवों, मर्चेन्डाइज,एक्सेसरीज एवं कई साझेदारियों के माध्यम से ब्राण्ड के रोमांचक एवं आकर्षक अनुभव तेयार किए हैं।

# बैठक में अनुपस्थित डीडीपीओ पर गिरी मंत्री की गाज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नारनौल।** हरियाणा की स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान तथा आयुष मंत्री आरती सिंह राव ने मंगलवार को नारनौल में अधिकारियों की समीक्षा बैठक के दौरान कार्यों में कोताही और बैठक में समय पर उपस्थित न होने पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी (डीडीपीओ) के खिलाफ सख्त रुख अपनाया। उन्होंने उपायुक्त को डीडीपीओ प्रमोद कुमार के निलंबन की सिफारिश करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों और योजनाओं की समीक्षा की। बैठक सुबह 10 बजे निर्धारित समय पर शुरू हुई, लेकिन डीडीपीओ प्रमोद कुमार समय पर नहीं पहुंचे। इसे गंभीरता से लेते हुए मंत्री ने नाराजगी व्यक्त की। पत्रकारों से बातचीत में आरती सिंह राव ने कहा कि बैठक का नोटिस कई दिन पहले जारी किया गया था। बैठक में जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और विधायक मौजूद थे, लेकिन संबंधित अधिकारी की अनुपस्थिति गैर-जिम्मेदाराना रवैये को दशार्ती है। उन्होंने कहा कि पंचायत एवं विकास विभाग से जुड़े साढ़े सात करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की समीक्षा की जानी थी, जिसके लिए डीडीपीओ की मौजूदगी आवश्यक थी।

मंत्री ने बताया कि पिछले डेढ़ वर्ष में हुए विकास कार्यों, लंबित परियोजनाओं और अधूरे कामों की प्रगति की जानकारी लेने के लिए बैठक आयोजित की गई थी। ऐसे में जिम्मेदार अधिकारी का अनुपस्थित रहना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। इसके अलावा सरकारी अस्पतालों में एक्स-रे सीटी स्कैन और अल्ट्रासाउंड जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा चुकी हैं।



# नशामुक्त भारत अभियान को मिली नई गति, यूपी में व्यापक जनजागरण अभियान




**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में मद्यनिषेध विभाग के जरिए नशा मुक्त भारत अभियान को नई गति मिली है। योगी सरकार नशे की समस्या से जूझ रहे लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने और युवाओं को नशे की गिरफ्त में आने से बचाने के लिए व्यापक स्तर पर जनजागरण अभियान चला रही है। इसके तहत जागरूकता कार्यक्रमों के साथ-साथ हेल्पलाइन, परामर्श और पुनर्वास सेवाओं का भी लगातार विस्तार किया जा रहा है। प्रदेश में नशे के खिलाफ सामाजिक चेतना विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों के समन्वय से अभियान संचालित किया जा रहा है। स्कूलों, कॉलेजों और ग्राम पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया जा रहा है। कई स्थानों पर लोगों को नशा न करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई जा रही है।

**मदद**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में हेल्पलाइन नंबर के जरिए 37 हजार से ज्यादा लोगों तक पहुंचाई गई मदद

**37 हजार से अधिक लोगों तक पहुंचाई गई सहायता**

केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त भारत अभियान के तहत योगी सरकार लगातार प्रयासरत है। 247 हेल्पलाइन नंबर 14416 और अन्य परामर्श सेवाओं के माध्यम से नशे की समस्या से जूझ रहे व्यक्तियों और उनके परिवारों को मानसिक एवं भावनात्मक सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, हेल्पलाइन और परामर्श व्यवस्था के जरिए प्रदेश में अब तक 37 हजार से अधिक लोगों तक सहायता पहुंचाई जा चुकी है। इससे जरूरतमंद लोगों को समय पर मार्गदर्शन और विशेषज्ञों की सलाह मिल रही है।

नकल और फजीवड़े पर योगी सरकार का सख्त शिकंजा, 75 जिलों के 1183 केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई परीक्षा, पांच मामलों में गिरफ्तारी और एफआईआर

# सिपाही भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन 7.32 लाख अभ्यर्थी हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने के लिए किए गए व्यापक प्रबंधों का असर दूसरे दिन भी देखने को मिला। मंगलवार को प्रदेश के सभी 75 जिलों के 1183 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के डीजी एसबी शिरडकर के अनुसार दोनों पालियों में कुल 9,62,833 अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए बुलाया गया था, जिनमें से 7,32,731 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। कुल उपस्थिति 76.10 प्रतिशत दर्ज की गई। योगी सरकार ने भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक सत्यापन, सीसीटीवी निगरानी, फ्रिस्किंग, पहचान सत्यापन और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है। इसी का परिणाम रहा कि दूसरे दिन भी विभिन्न जिलों में नकल, प्रतिरूपण और भ्रामक प्रचार के मामलों का तत्काल पता लगाकर संबंधित आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की गई। हरदोई के वेणी माधव विद्यापीठ इंटर कॉलेज में परीक्षा दे रहे अभ्यर्थी रोहित पथौरी को नकल के उद्देश्य से छिपाकर लाए गए मोबाइल फोन और पूर्व प्रतियोगी परीक्षा के प्रश्नपत्रों के साथ पकड़ा गया। पुलिस ने उसके विरुद्ध उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम-2024 तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।



**अलीगढ़ और मुजफ्फरनगर में फर्जी अभ्यर्थी पकड़े गए**

अलीगढ़ में धर्म समाज महाविद्यालय परीक्षा केंद्र पर एक व्यक्ति फर्जी आधार कार्ड के सहारे दूसरे अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देने पहुंचा था। जांच में मामला उजागर होने पर आरोपी सहित उसके सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया गया। इसी प्रकार मुजफ्फरनगर के डीएवी इंटर कॉलेज में भी एक व्यक्ति कूटरचित आधार कार्ड के जरिए दूसरे अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देता पकड़ा गया। दोनों मामलों में भारतीय न्याय संहिता और सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है कानपुर के सिद्दीकी फैज-ए-आम इंटर कॉलेज मखनिया में द्वितीय पाली की परीक्षा शुरू होने से पहले फ्रिस्किंग के दौरान एक अभ्यर्थी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट को परीक्षा केंद्र के अंदर ले जाने का प्रयास करता पकड़ा गया। उससे पूछताछ की जा रही है।

# गांवों को विकास की धुरी बनाकर आगे बढ़ रहा है हरियाणाः सीएम

## मुख्यमंत्री ने सशक्त पंचायत समारोह में विभिन्न योजनाओं के तहत 2,697 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की, पंचायतों को अधिक अधिकार और संसाधन देने, ग्रामीण विकास को गति प्रदान करने पर बल

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ग्रामीणों को बड़ी राहत देते हुए ऐलान किया है कि जो परिवार गांव की शामलात भूमि पर पिछले 20 वर्षो से मकान बनाकर रह रहे है, ऐसे परिवार मालिकाना हक के लिए नियमानुसार अब 16 जनवरी 2027 तक अपने आवेदन कर सकते है। उन्होंने कहा कि ऐसे परिवारों से वर्ष 2004 की कलेक्टर दर की डेढ़ गुणा के अनुसार भूमि खरीद की राशि जमा करवाई जाएगी। दस्तावेजी कठिनाइयों के कारण कई पात्र लोग आवेदन नहीं कर सके थे, ऐसे में सरकार ने उन्हें राहत दी है। इसके साथ ही उन्होंने घोषणा की है कि ग्रामीण क्षेत्र में कचरा प्रबंधन को मजबूत बनाने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली, चालक और कचरा संग्रहण कर्मी उपलब्ध करवाए जाएंगे। यह ट्रैक्टर ई–वी होंगे। इसके अलावा वेस्ट-टू-एनर्जी परियोजनाओं पर भी सरकार काम कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को पंचकूला के इंद्रधनुष आडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय सशक्त पंचायत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 17 जिलों के 179 गांवों की फिरनियों पर एल.ई.डी. स्ट्रीट लाइटों का उद्घाटन भी किया, जिन पर 23 करोड़ 21 लाख रुपये की लागत आई है। साथ ही 17 जिलों में 44 करोड़ रुपये की लागत से बनी 350 अटल लाइब्रेरियों का भी लोकार्पण किया। उन्होंने ग्राम विकास के लिए पंचायती राज संस्थाओं को विकास कार्यों हेतु 1 हजार 56 करोड़ 75 लाख रुपये सीधे उनके खातों में भी ट्रांसफर किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जागृत ग्राम पुरस्कारों के तहत प्रदेश की 6 ग्राम पंचायतों को विकास, स्वच्छता और सुशासन के नए मानदंड स्थापित करने के लिए सम्मानित किया तथा उन्हें 1 करोड़ 66 लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी गई। इन पंचायतों में फतेहाबाद जिला की गांव जांडली कलां की ग्राम पंचायत को 51 लाख रुपये, चरखीदादरी के गांव झिंझर की पंचायत को 31 लाख रुपये, अंबाला के साहा की पंचायत को 21 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई। इसी प्रकार द्वितीय श्रेणी में फतेहाबाद जिला के गांव जल्लोपुर की पंचायत को 31 लाख रुपये, गांव गदली को 21 लाख रुपये तथा करनाल के मर्दानहेड़ी गांव की ग्राम पंचायत को 11 लाख रुपये का पुरस्कार दिया गया। उन्होंने इस दौरान कुरुक्षेत्र के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व पर आधारित ह्यधर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्रह्न पुस्तक का विमोचन भी किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारत की असली शक्ति हमेशा गांवों और पंचायतों में है तथा पंच परमेश्वर की परंपरा ने देश में लोकतंत्र को जीवित रखा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में गांवों को विकास का भागीदार बनाने की दिशा में लगातार ऐतिहासिक कदम उठाए जा रहे हैं और आज इसी श्रृंखला में विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 2,697 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांव को योजना का अंतिम पड़ाव नहीं, बल्कि विकास का पहला केंद्र मानने की सोच दी है।








### 2036 ओलंपिक को रखें टारगेट, नशे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई में पंचायतों से मांगा सहयोग

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि नशे के खिलाफ सरकार पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने सरपंचों से आह्वान किया कि वे अपने गांवों को नशामुक्त बनाने का संकल्प लें और नशा तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शुरू किए गए मानस पोर्टल पर कोई भी व्यक्ति नशे से संबंधित जानकारी दे सकता है तथा सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। यदि किसी स्तर पर पुलिस कर्मियों की मिलीभगत की जानकारी मिलती है तो उसके विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ गांवों के सरपंचों ने यह संकल्प लिया है कि उनके गांव में न तो कोई व्यक्ति नशा करेगा और न ही कोई नशा बेचेगा। ऐसे प्रयास पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणास्रोत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों के युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलों की ओर प्रेरित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यदि पंचायतों को खेल सामग्री की आवश्यकता होगी तो खेल विभाग आवश्यक सहायता उपलब्ध करवाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2036 ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए खेल संस्कृति को मजबूत बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

**विकसित गांव की पहचान नशामुक्ति, स्वच्छता और जल संरक्षण: सैनी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीति करने के लिए पूरा समय है, लेकिन चुने जाने के बाद पांच वर्षों तक गांव के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। विकसित गांव की पहचान नशामुक्त वातावरण, स्वच्छता, पर्याप्त पेयजल उपलब्धता और पर्यावरण संरक्षण से होती है। उन्होंने सरपंचों से पराली न जलाने के लिए किसानों को जागरूक करने का आह्वान किया और कहा कि सरकार इस दिशा में विभिन्न प्रोत्साहन योजनाएं चला रही है।

### सशक्त पंचायतें ही मजबूत लोकतंत्र और समृद्ध गांवों की आधारशिला हैं: सीएम

**मुख्यमंत्री** नायब सिंह सैनी ने कहा कि गांवों की समस्याओं का समाधान करना केवल सरकार की ही नहीं बल्कि पंचायत प्रतिनिधियों की भी साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कई ऐसे कार्य हैं जिन्हें बिना किसी अतिरिक्त वित्तीय सहायता के भी जनभागीदारी के माध्यम से पूरा किया जा सकता है। गांवों को विकास का केंद्र बनाने के लिए सरपंचों की सक्रिय भूमिका अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राज्य में 98 प्रतिशत से अधिक गांव ओ.डी.एफ. प्लस बन चुके हैं और 2 अक्टूबर 2026 तक सभी गांवों को ओडीएफ प्लस मॉडल गांव बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2,100 से अधिक अमृत सरोवर बनाए जा चुके हैं। सरकार ने ग्राम पंचायत द्वारा विकास कार्य कराने की सीमा 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 21 लाख रुपये की। इसके साथ ही पंचायत कार्यों और न्यायिक मामलों के लिए पंच-सरपंचों को अधिकारी तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट के बराबर टी.ए.-डी.ए. दिया जाता है। पंचायतों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के लिए स्टाम्प ड्यूटी में हिस्सेदारी और बिजली खपत पर लगने वाली 2 प्रतिशत दर सीधे पंचायत खातों में दी जा रही है।

**बिना पर्ची-खर्ची के रोजगार से बढ़ा युवाओं का विश्वास**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले नौकरी प्राप्त करने के लिए सिफारिश और पैसे की आवश्यकता समझी जाती थी, लेकिन वर्तमान सरकार ने इस व्यवस्था को पूरी तरह समाप्त किया है। उन्होंने बताया कि हाल ही में लगभग 3,000 से अधिक युवाओं का चयन पूर्णतः पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से हुआ है तथा किसी भी अभ्यर्थी को कोई पैसा नहीं देना पड़ा।

### प्राकृतिक खेती और फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने का आह्वान

मुख्यमंत्री ने सरपंचों से किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और लोगों के स्वास्थ्य की दृष्टि से प्राकृतिक खेती अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों तथा देसी गाय पालने वाले किसानों को प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। साथ ही फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए भी विशेष योजनाएं लागू की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि मोरनी क्षेत्र में हल्दी की खेती को बढ़ावा देने के लिए समझौते किए गए हैं तथा हल्दी और अदरक की खेती करने वाले किसानों को 45 हजार रुपये तक प्रति एकड़ की सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग का प्रभाव अब खाद्य पदार्थों और दूध तक में दिखाई देने लगा है, इसलिए टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाना समय की मांग है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित हरियाणा और विकसित भारत का सपना गांवों की चौपालों से ही साकार होगा। जितने जागरूक गांव होंगे, उतना ही मजबूत प्रदेश और देश बनेगा। उन्होंने कहा कि सरकार योजनाएं बना सकती है, बजट उपलब्ध करा सकती है और नीतियां तैयार कर सकती है, लेकिन इतिहास तब बनता है जब जनता स्वयं संकल्प लेकर आगे बढ़ती है। उन्हें विश्वास है कि हरियाणा की पंचायतें, युवा और आमजन मिलकर विकास का नया इतिहास रचेंगे। समारोह के दौरान राज्य के विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए सरपंचों ने मुख्यमंत्री के साथ संवाद कर ग्रामीण विकास एवं पंचायत सशक्तिकरण से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। महेंद्रगढ़, पिंजौर, पंचकूला, पुंडरी सहित विभिन्न क्षेत्रों के सरपंचों ने ग्राम पंचायतों के समग्र विकास के लिए पारदर्शी एवं जवाबदेह व्यवस्था स्थापित करने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गांवों में स्थापित की गई ई-लाइब्रेरी युवाओं के लिए वरदान साबित हो रही हैं, जिनकी बदौलत अनेक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बिना किसी पर्ची-खर्ची के सरकारी नौकरियों में चयन का अवसर मिला है। सरपंचों ने यह भी कहा कि पंचायतों में होने वाले विकास कार्यों का विवरण डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराए जाने से पारदर्शिता बढ़ी है और भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगा है।

# समाज, शासन और जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद शक्ति का बेहतर स्रोतः उप सभापति

## देश को आर्थिक रूप से सशक्त, सामाजिक रूप से समृद्ध और तकनीकी रूप से बनाना है मजबूत

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** राज्य सभा के उप सभापति हरिवंश ने कहा कि समाज, शासन और जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद शक्ति का बेहतर स्रोत होता है। जिसके परामर्श से जनहितैषी कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा सकता है। वर्तमान समय के दौर में परामर्श होना बहुत ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा की ताकत से ही देश का नया इतिहास लिखा जा सकता है।

उप सभापति हरियाणा विधानसभा द्वारा आयोजित सीपीए इंडिया रीजन नॉर्थ जोन - 11 कॉन्फ्रेंस के दूसरे सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र




कल्याण, उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण मिड्ढा सहित कई राज्यों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, विधायकों ने भाग लिया। उप सभापति ने कहा कि डिजिटल युग में सूचना की ताकत समाज व देश को विकसित बनाने की अहम कड़ी है। दुनिया के अधिकांश देश, श्रमिक संघ जो तकनीकी रूप से आगे है वे दुनिया को रास्ता दिखा रहे है। नवॉचर के नवीनतम अध्याय आगे आ रहे है। लेकिन चुनौतियां भी बहुत आ रही है। हमें उनका हल निकालते हुए आगे बढ़ाना है। हरिवंश ने कहा कि देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन 2047 संकल्प नहीं, बल्कि 140 करोड़ आबादी का सपना है। इसमें देश को आर्थिक रूप से सशक्त, सामाजिक रूप से समृद्ध और तकनीकी रूप से मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीम राव आंबेडकर के कथन अनुसार भले ही आपसी मतभेद हो, लेकिन दलगत राजनीति और भावनाओं से ऊपर उठकर केवल देशहित में ही सोचना चाहिए। हमें आजादी के दौर पर गर्व करना चाहिए। देश आज आर्थिक रूप से सशक्त बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके लिए समाज को जागरूक, सतर्क और मुखर बनाना है। नशा एक चुनौतीपूर्ण समस्या है। ऐसी सामाजिक समस्याओं से सचेत रहना है और इनको खत्म करना है।

# विक्रम सिंह ने सौर ऊर्जा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) एवं दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह के नेतृत्व में प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को नई गति मिली है । मई 2026 को मंथ ऑफ सोलर मनाते हुए (यूएचबीवीएन) के विभिन्न सर्कलों, डिवीजनों और उपमंडलों ने सौर ऊर्जा अपनाने को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की । उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने के लिए प्रेरित करने तथा प्रक्रियाओं को सरल बनाने के परिणामस्वरूप राज्य में सौर ऊर्जा अपनाने की गति लगातार बढ़ रही है । यूएचबीवीएन मुख्यालय, पंचकूला में आयोजित एक समारोह में प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने मई माह के दौरान अधीक्षण अभियंता (एसई), कार्यकारी अभियंता (एक्सईएन) तथा उपमंडल अधिकारी (एसडीओ) स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों एवं कार्यालयों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया । मई माह के प्रदर्शन में अधीक्षण अभियंता श्रेणी में

**क्रियान्वयन**

**प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को नई गति मिली है**

कुरुक्षेत्र सर्कल ने 1,062 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित कर निगम में प्रथम स्थान प्राप्त किया । कार्यकारी अभियंता श्रेणी में भी एक्सईएन ऑपरेशन डिवीजन, कुरुक्षेत्र ने 603 स्थापनाओं के साथ पहला स्थान हासिल किया । एक्सईएन कैथल डिवीजन 446 स्थापनाओं के साथ दूसरे तथा एक्सईएन जगाधरी डिवीजन 346 स्थापनाओं के साथ तीसरे स्थान पर रहे । उपमंडल अधिकारी श्रेणी में पिपली सब-डिवीजन ने 188 स्थापनाओं के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया । कलायत और न.-2, कुरुक्षेत्र सब-डिवीजन 148 स्थापनाओं के साथ दूसरे तथा ईस्ट अम्बाला सब-डिवीजन 136 स्थापनाओं के साथ तीसरे स्थान पर रही । कुरुक्षेत्र सर्कल ने योजना के क्रियान्वयन में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए निगम के अग्रणी सर्कलों में अपनी विशेष पहचान बनाई । मई माह के

# मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं कार्यकर्ताः राव

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़/नारनौल**

**हरियाणा** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को नारनौल विधानसभा के बीएलए-1 तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान पर विस्तार से चर्चा की गई तथा संगठनात्मक स्तर पर इसकी प्रभावी निगरानी और सफल क्रियान्वयन को लेकर रणनीति तैयार की गई। बैठक को संबोधित करते हुए हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची का शुद्ध और त्रुटिरहित होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर लोगों को मतदाता सूची में अपना नाम जांचने तथा आवश्यक संशोधन करवाने के लिए जागरूक करें।

# सीपीए सम्मेलन में मंथन विकसित भारत-2047 का संकल्प दोहराया

**जनभागीदारी**

**केवल आर्थिक प्रगति का लक्ष्य नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय प्रेरणा और जनभागीदारी का व्यापक अभियान**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (कॉमनवेल्थ पार्लियामेंटरी एसोसिएशन- इंडिया रीजन जोन-क्क उत्तर क्षेत्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन मंगलवार को हरियाणा विधानसभा के तत्वावधान में चंडीगढ़ में विकसित भारत-2047 के लक्ष्य एवं भविष्य की चुनौतियों को साकार करने में जागरूक समाज और जनप्रतिनिधियों की भूमिकाय विषय पर विशेष विचार-विमर्श आयोजित किया गया। इस सत्र में हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर सहित विभिन्न राज्यों से आए विधायकों ने अपने विचार रखे और विकसित भारत के निर्माण में समाज, युवाओं तथा जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर व्यापक चर्चा की।



**विकसित भारत के लिए जागरूक**

**समाज और उत्तरदायी नेतृत्व आवश्यक**

अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि विकसित भारत-2047 केवल आर्थिक प्रगति का लक्ष्य नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय प्रेरणा और जनभागीदारी का व्यापक अभियान है। इसके लिए जागरूक समाज, उत्तरदायी जनप्रतिनिधि और प्रभावी प्रशासनिक व्यवस्था का समन्वय आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता का विश्वास मजबूत करना और जनप्रतिनिधियों का जनता के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देना विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की आधारशिला है।

# नवनियुक्त चेयरमैन भारत भूषण जुयाल ने संभाला पदभार

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा राज्य सहकारी एपेक्स बैंक लिमिटेड (हरको बैंक) के नवनियुक्त चेयरमैन भारत भूषण जुयाल ने बैंक के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों संग हवन यज्ञ करने उपरांत अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, विधायक घनश्याम दास अरोड़ा,हरियाणा विधानसभा के पूर्व स्पीकर कंवर पाल गुज्जर, हरको बैंक के प्रबंध निदेशक डॉ. प्रफुल्ल रंजन ने नवनियुक्त चेयरमैन भारत भूषण जुयाल को शुभकामनाएं दी। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात नवनियुक्त चेयरमैन भारत भूषण

**जिम्मेदारी**

**स्वयं सहायता समूहों तथा ग्रामीण एवं शहरी ग्राहकों के आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका**

जुयाल ने कहा कि हरको बैंक राज्य के किसानों, सहकारी संस्थाओं, स्वयं सहायता समूहों तथा ग्रामीण एवं शहरी ग्राहकों के आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि बैंक की गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए ग्राहकों को बेहतर एवं आधुनिक बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि बैंक में पारदर्शिता, जवाबदेही और कार्यकुशलता को बढ़ावा देने के साथ-साथ डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। किसानों, युवाओं, महिलाओं तथा छोटे उद्यमियों को सुलभ ऋण एवं वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। जुयाल ने बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के संग संकल्प लेते हुये आह्वान किया कि वे टीम भावना एवं समर्पण के साथ कार्य करते हुए हरको बैंक को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में योगदान दें।

# अंबाला छावनी का शहीद स्मारक बनेगा एशिया का सबसे बड़ा स्मारकः वर्मा

## 1857 की क्रांति की पहली चिंगारी अंबाला से भड़की थी, शहीद स्मारक के प्रमाणों ने आश्चर्यचकित किया- बी.एल. वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा ने कहा कि अंबाला क्रांतिकारियों की धरती रही है और यहां निर्मित आजादी की पहली लड़ाई का शहीद स्मारक न केवल देश बल्कि एशिया का सबसे बड़ा शहीद स्मारक बनने जा रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शीघ्र ही इस भव्य स्मारक को राष्ट्र को समर्पित करेंगे, जिससे नई पीढ़ी देश के गौरवशाली और वास्तविक इतिहास को प्रत्यक्ष रूप से जान और समझ सकेगी। वर्मा आज अंबाला छावनी में निमार्णाधीन आजादी की पहली



लड़ाई के शहीद स्मारक का अवलोकन करने के उपरांत मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज भी उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि स्मारक के पूर्ण होने और जनता के लिए खुलने के बाद इसकी भव्यता और दिव्यता देश-दुनिया के लोगों को आकर्षित करेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह स्मारक इतिहास, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा तथा देश-विदेश से बड़ी संख्या में लोग इसे देखने आएंगे। ऊर्जा मंत्री अनिल विज पिछले लगभग 30 वर्षों से इस स्मारक के निर्माण के

**स्मारक**

**मोदी जल्द राष्ट्र को समर्पित करें शहीद स्मारक, देश-दुनिया के आकर्षण का बनेगा केंद्र - बी.एल. वर्मा**

लिए निरंतर संघर्षरत रहे हैं, के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि स्मारक का अवलोकन करने के दौरान वे स्वयं आश्चर्यचकित रह गए। उन्होंने कहा कि अब तक मैं भी वही मानता था जो इतिहास की पुस्तकों में लिखा गया है, लेकिन यहां प्रदर्शित अंग्रेजों के आधिकारिक दस्तावेजों और टेलीग्रामों को देखने के बाद यह स्पष्ट होता है कि 10 मई 1857, रविवार सुबह 9 बजे अंबाला छावनी से क्रांति की चिंगारी भड़की थी। ऐसे प्रमाणों को इतिहास में उचित स्थान मिलना ही चाहिए और अब इसे इतिहास में जोडा जाएगा। वर्मा ने कहा कि स्मारक में आधुनिक तकनीक के माध्यम से 1857 की क्रांति और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। यहां प्रदर्शित ऐतिहासिक घटनाओं, क्रांतिकारियों के संघर्ष और स्वतंत्रता आंदोलन की झलकियों को देखकर वास्तव में यहां से जाने का मन नहीं करता।

करनाल, 10 जून 2026
दैनिक एक्शन इंडिया
ACTION INDIA
www.actionindialive.com

# करनाल महाबैठक की ऐतिहासिक सफलता पर कश्यप समाज का आभार, एकजुटता ने दिखाई नई ताकतः प्रदेश प्रवक्ता मैनपाल कश्यप

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री 9 जून (मैनपाल कश्यप )**
करनाल स्थित कश्यप धर्मशाला में आयोजित कश्यप महापंचायत हरियाणा की प्रदेश स्तरीय महाबैठक की ऐतिहासिक सफलता पर कश्यप महापंचायत हरियाणा के प्रदेश प्रवक्ता मैनपाल कश्यप ने समस्त कश्यप समाज का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों ने एक छोटे से निमंत्रण पर भारी संख्या में पहुंचकर यह साबित कर दिया कि कश्यप समाज आज पहले से अधिक संगठित, जागरूक और अपने अधिकारों के प्रति सजग है। मैनपाल कश्यप ने कहा कि महाबैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में समाज के लोगों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। समाज के युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे समाज की एकता और भाईचारे का मजबूत संदेश पूरे प्रदेश में पहुंचा।



उन्होंने कहा कि महाबैठक का उद्देश्य समाज को एक मंच पर लाकर शिक्षा, रोजगार, राजनीतिक भागीदारी और सामाजिक उत्थान

**आभार**

**कश्यप महापंचायत के प्रदेश प्रवक्ता मैनपाल कश्यप ने समस्त कश्यप समाज का आभार व्यक्त किया**

जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श करना था, जिसमें समाज के लोगों ने पूरी गंभीरता और उत्साह के साथ भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान समाज के अधिकारों, आरक्षण, प्रतिनिधित्व और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को लेकर भी व्यापक चर्चा की गई। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि महाबैठक की सफलता किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे कश्यप समाज की सामूहिक मेहनत और सहयोग का परिणाम है।
उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी पदाधिकारियों, कार्यकताओं, समाजसेवियों एवं समाज के प्रत्येक सदस्य का हृदय से धन्यवाद किया।
मैनपाल कश्यप ने कहा कि जिस प्रकार समाज ने एकजुट होकर अपनी ताकत का प्रदर्शन किया है, उससे यह स्पष्ट हो गया है कि कश्यप समाज अब अपने सम्मान, अधिकारों और राजनीतिक भागीदारी के लिए मजबूती से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि समाज की यह एकता भविष्य में और अधिक मजबूत होगी तथा सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक क्षेत्रों में नए आयाम स्थापित करेगी।

## न्यूज फ्लैश

### सन शाइन क्रिकेट अकादमी भुना समर कप का आयोजन, हरियाणा सहित विभिन्न प्रदेशों की टीमें ले रहीं भाग*



**टीम एक्शन इंडिया**
**डॉ नैब सिंह मंडेर**
**रतिया / भुनाः**
रतिया के समीप सन शाइन क्रिकेट अकादमी भुना द्वारा सन शाइन स्कूल के ग्राउंड में आयोजित अंडर-16 समर कप क्रिकेट टूनामेंट आयोजित किया जा रहा है,। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ सन शाइन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के संचालक प्रेम सिंह नैन व एवरेस्ट स्पोट्र्स क्लब संचालक अरूण खोड द्वारा किया गया था। कोच हरप्रीत कम्बोज व आयोजकों के अनुसार टूनामेंट में कुल आठ टीमें भाग ले रही हैं। पहले चरण में चार टीमों के बीच मुकाबले खेले गए, जबकि दूसरे चरण में भी चार टीमें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। प्रतियोगिता में हरियाणा की हिसार, फतेहाबाद, झज्जर तथा सन शाइन क्रिकेट अकादमी भुना की टीमों के अलावा दिल्ली, आगरा और लखनऊ सहित अन्य राज्यों की टीमें भी हिस्सा ले रही हैं। युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का यह एक शानदार मंच साबित हो रहा है।
पहले चरण के मुकाबलों में खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। भुना के खिलाफ खेले गए मैच में झज्जर की ओर से अक्षत वर्मा ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए शानदार 88 रन बनाए। वहीं वंश ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट हासिल किए और अपनी टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
एक अन्य मुकाबले में सन शाइन क्रिकेट अकादमी भुना ने दिल्ली की टीम को एकतरफा मुकाबले में पराजित किया। इस मैच में कुशल सुखलेजा ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया, जबकि वेदाश हरमन ने अपनी प्रभावशाली गेंदबाजी से टीम की जीत में अहम योगदान दिया।उधर, हिसार की टीम ने भी शानदार खेल दिखाते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली। टीम की ओर से विकास और ऋषभ ने बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को महत्वपूर्ण जीत दिलाई। आयोजकों ने बताया कि दूसरे चरण के मुकाबलों में भी रोमांचक क्रिकेट देखने को मिलेगा। टूनामेंट के विजेता और उपविजेता टीमों के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार और ट्रॉफी निर्धारित की गई हैं, जिससे खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

### पीएम स्वनिधि योजना के तहत लोक कल्याण मेले का आयोजन, स्ट्रीट वेंडरों को मिला योजनाओं का लाभ



**इंद्री 9 जून (मैनपाल कश्यप )** नगरपालिका इंद्री द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत स्ट्रीट वेंडरों (रेहड़ी-फड़ी संचालकों) के लिए लोक कल्याण मेले का सफल आयोजन किया गया। मेले में लाभार्थियों को योजना की विस्तृत जानकारी देने के साथ-साथ उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया।
नगरपालिका सचिव धर्मवीर सिंह ने बताया कि भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के निदेर्शानुसार नगरपालिका इंद्री के मीटिंग हॉल में 8 जून को इस विशेष मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रेहड़ी-फड़ी संचालकों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ उपलब्ध कराना था।
मेले में बैंक प्रतिनिधियों ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए योजना से जुड़े लाभार्थियों और आवेदकों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। इस दौरान 25 लाभार्थियों एवं आवेदकों ने भाग लेकर योजना संबंधी जानकारी प्राप्त की और विभिन्न सुविधाओं का लाभ उठाया।
सचिव धर्मवीर सिंह ने बताया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए उनकी ऑनलाइन प्रोफाइलिंग भी की गई। इससे पात्र नागरिकों को भविष्य में विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में आसानी होगी।

# न्यायिक मजिस्ट्रेट उदय और एसडीएम ने लगाए पौधे




**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री, 9 जून(मैनपाल कश्यप )**
उप-मंडलीय न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं उप-मंडलीय विधिक सेवा समिति इंद्री के अध्यक्ष उदय प्रताप व एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता ने आज राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाए गये वृहद पौधारोपण अभियान के तहत एसडीएम कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा हरित एवं स्वच्छ वातावरण को प्रोत्साहित करना था। उप-मंडलीय न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं उप-मंडलीय विधिक सेवा समिति इंद्री के अध्यक्ष उदय प्रताप ने इस अवसर पर बताया कि पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने और लोगों को प्रकृति के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव के निदेर्शानुसार विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून से पौधारोपण अभियान की

**भावविभोर**

**श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित रशिमरथी की ओजस्वी पंक्तियों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया**

शुरूआत की गई थी, जो जुलाई माह तक लगातार जारी रहेगा।
उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए पौधारोपण सबसे प्रभावी उपायों में से एक है। पौधे न केवल वातावरण को शुद्ध करते हैं, बल्कि मानव जीवन और जैव विविधता के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अभियान के तहत आम, जामुन, अमरूद सहित कई फलदार एवं छायादार पौधे लगाए जा रहे हैं। इन पौधों से भविष्य में हरियाली बढ़ेगी, पर्यावरण संतुलित रहेगा और लोगों को स्वच्छ एवं शुद्ध वायु प्राप्त होगी।
उन्होंने आमजन से भी अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की।

# विकसित भारत-2047 के निर्माण में जनभागीदारी और जागरूक समाज की भूमिका महत्वपूर्णः विधायक शक्तिरानी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कालका मैनपाल**
हरियाणा लोकभवन, चंडीगढ़ में आयोजित कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन इंडिया रीजन जोन-कक सम्मेलन में कालका की लोकप्रिय विधायक शक्तिरानी शर्मा ने सहभागिता करते हुए विशेष थीम भविष्य की चुनौतियों से निपटने और विकसित भारत @2047 के स्वप्न को साकार करने में एक जागरूक समाज और जनप्रतिनिधियों की भूमिका विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। सम्मेलन के दौरान उन्होंने विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में जनभागीदारी, सुशासन, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा जागरूक नागरिकों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए लोकतांत्रिक संस्थाओं को और अधिक सशक्त बनाने पर बल



दिया।
देशभर के जनप्रतिनिधियों, संसदीय विशेषज्ञों एवं लोकतांत्रिक संस्थाओं से जुड़े प्रतिनिधियों की सहभागिता वाले इस तीन दिवसीय सम्मेलन में लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय परंपराओं, सुशासन, जनभागीदारी, तकनीकी नवाचार एवं विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक मंथन किया जा रहा है।सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती शक्तिरानी शर्मा ने कहा कि विकसित भारत-2047 का लक्ष्य केवल सरकार का लक्ष्य नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक का संकल्प है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी और लोकतांत्रिक संस्थाओं की सशक्त भूमिका आवश्यक है।
विधायक शक्तिरानी शर्मा ने कहा– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत का संकल्प आज

**लोकतांत्रिक**

**आज आवश्यकता इस बात की है कि लोकतांत्रिक संस्थाओं को और अधिक मजबूत बनाया जाए**

जनआंदोलन का रूप ले चुका है। सुशासन, पारदर्शिता और तकनीक आधारित व्यवस्था के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक प्रभावी और पारदर्शी तरीके से पहुंच रही हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि लोकतांत्रिक संस्थाओं को और अधिक मजबूत बनाया जाए तथा नागरिकों को शासन व्यवस्था में सहभागी बनाकर जनभागीदारी को बढ़ावा दिया जाए।

### ममाज टीम ने पौधा भेंटकर सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर धीरेपाल को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** सिसोठ गांव में बीएसएफ से सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर धीरेपाल को मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल (ममाज) टीम ने पौधा भेंटकर सम्मानित किया। हरियाली का प्रतीक यह पौधा पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश देता है। सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में सब इंस्पेक्टर धीरेपाल ने मंगलवार को हनुमानजी का रोट कराया।

# सुरक्षित मातृत्व अभियान की वर्षगांठ पर हुआ विशेष जांच शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 9 जून (कुलदीप सैनी)**
प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूरे होने पर मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रादौर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय परमार ने बताया कि वर्ष 2016 में शुरू हुए इस अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं में प्रसव पूर्व जोखिमों और जटिलताओं की समय रहते पहचान करना है। उन्होंने बताया कि सभी गर्भवती महिलाओं की



निःशुल्क जांच, लैब टेस्ट, परामर्श और दवा वितरण किया जा रहा है। डॉ. परमार ने कहा कि आशा वर्कर्स और सहेली के माध्यम से महिलाओं की नियमित निगरानी की जा रही है, जिससे समय पर चिकित्सा सहायता सुनिश्चित हो रही है। उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्षों में अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं और यमुनानगर जिले की मातृ मृत्यु दर लगभग आधी रह गई है।

# ग्लोबल रिसर्च ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में दो दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 9 जून (कुलदीप सैनी) :**
12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग, उच्चतर शिक्षा विभाग एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में ग्लोबल रिसर्च ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में दो दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्वास्थ्य जागरूकता, नशा मुक्ति और समग्र विकास को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान समूह निदेशक एवं फामेर्सी प्रिंसिपल डॉ. अश्वनी ढींगरा ने की। मुख्य अतिथि



सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. शारदा शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि आयुष विभाग के योग सहायक सोनी काम्बोज रहे। डॉ. शारदा शर्मा ने योग के माध्यम से तनाव प्रबंधन, मानसिक शांति और शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं सोनी काम्बोज ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया तथा उनके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी। इस मौके पर छात्रों और शिक्षकों को ताड़ासन, वृक्षासन, मकरासन व शवासन सहित विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया।

# जमीन विवाद में वृद्ध महिला की हत्या के मामले में तीन ओर आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़** । कनीना के गांव चेलावास में जमीन के विवाद के चलते आपसी रंजिश को लेकर एक वृद्ध महिला की हत्या के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर कनीना की पुलिस टीम ने तीन ओर आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान ऋतुराज वासी बुडोली रेवाड़ी, विनोद व संदीप वासी चेलावास के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित संदीप को रेलवे स्टेशन रेवाड़ी से पकड़ा और आरोपित ऋतुराज व विनोद को बुडोली रेवाड़ी से पकड़ा है। आरोपियों को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आरोपी संदीप और ऋतुराज को पुलिस रिमांड पर लिया गया है और आरोपी विनोद को न्यायिक



हिरासत में भेज दिया गया है।
पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव चेलावास में एक ही परिवार के सदस्यों के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर आपसी विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते रात के समय आरोपितों ने मृतका ओमपती (पत्नी स्वर्गीय राजसिंह) के घर पर कुल्हाड़ी, फरसा और लाठियों जैसे घातक हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले के दौरान वृद्ध महिला ओमपती को गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान होकर अपने कमरे में गिर गईं।
वारदात के दौरान जब मृतका का जेठ सुरेंद्र फोन पर सूचना पाकर मौके पर पहुंचा तो आरोपितों ने उस पर भी हमला करने का प्रयास किया, जिसके बाद उसने भागकर अपनी जान बचाई और तुरंत पुलिस सहायता नंबर 112 पर कॉल करके घटना की जानकारी दी।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**
**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**
**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**
**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं।
फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चुलकाना में सफाई कर्मी का पद रिक्त है। इच्छुक उम्मीदवार 10/06/2026 से 15/06/2026 तक अपना आवेदन खण्ड कार्यालय समालखा में जमा करवा सकता हैं।
**सरपंच , सतीश कुमार**
**ग्राम पंचायत चुलकाना तहसील**
**समालखा जिला पानीपत।**
**9050005470**

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत करहंस द्वारा गांव के कम्युनिटी हाल/बारात घर की चारदीवारी और फर्श का कार्य पंचायत फंड से करवाना चाहती है। इच्छुक फर्म या ठेकेदार **HSR** 2023 को आधार मानते हुए लेबर रेट पर एकल दर में कोटेशन 16/06/2026 तक बंद लिफाफे में सरपंच ग्राम पंचायत करहंस के पास जमा कराना सुनिश्चित करें। सामान मौका पर ग्राम पंचायत द्वारा ऊ्र रेट पर उपलब्ध करवाया जाएगा।

**सुखबीरी देवी**
**सरपंच ग्राम पंचायत करहंस तहसील समालखा जिला पानीपत।**

## बेदखली सूचना

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।


# सभी व्यावसायिक और सार्वजनिक भवनों में फायर सेफ्टी सिस्टम अनिवार्य : आनंद शर्मा

**निर्देश**

**नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि, सुरक्षा उपकरण केवल कानूनी औपचारिकता नहीं**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि जिला के नागरिकों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिला के सभी सार्वजनिक व व्यावसायिक भवनों में जल्द से जल्द फायर सेफ्टी सिस्टम लगवाना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही जिला में फायर सेफ्टी ऑडिट किया जाए और उसकी विस्तृत रिपोर्ट अगले 15 दिनों में प्रस्तुत की जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय में



आयोजित फायर सेफ्टी की बैठक में नगर निगम और फायर विभाग के अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिए कि अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया जाए, जिसमें उप निगम आयुक्त, सहायक नगर योजनाकार और जिला अग्निशमन अधिकारी को शामिल किया जाए। यह कमेटी जिला की सभी लक्षित इमारतों का फायर सेफ्टी ऑडिट करवाना सुनिश्चित करें।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के ऐसे निजी भवन, अस्पताल, शोरूम और मुख्य बाजार जहां लोगों का आवागमन बहुत अधिक रहता है, वहां विशेष सावधानी बरती जाए। उन्होंने साफ किया कि सरकार के दिशा-निर्देशों और तय गाइडलाइंस के अनुसार इन सभी व्यावसायिक व सार्वजनिक बिल्डिंगों में फायर सेफ्टी सिस्टम मानकों को इंस्टॉल करवाया जाए। उन्होंने बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर मार्किट की सभी बिल्डिंगों में नियमानुसार फायर सेफ्टी सिस्टम लगवाने के लिए जागरूक करे।

उपायुक्त ने जिला के सभी कमर्शियल बिल्डिंगों के मालिकों, निजी अस्पतालों के संचालकों और शोरूमों के मालिकों से अपील की कि वे जिम्मेदारी समझते हुए सरकार के निर्देशानुसार अपनी-अपनी इमारतों में फायर सेफ्टी सिस्टम लगाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा उपकरण केवल एक कानूनी औपचारिकता नहीं, बल्कि किसी भी आपात स्थिति में जान-माल बचाने का मुख्य साधन हैं। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी स्तर पर की गई लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निर्देशों की अवहेलना करने पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. राहुल रईया, उप निगम आयुक्त विनोद नेहरा, सहायक नगर योजनाकार प्रवेश कौशिक, जिला अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा सहित नगर निगम व फायर ब्रिगेड के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसआईआर के दौरान किसी भी सही मतदाता का नाम सूची से न कटे: शर्मा

**प्रशिक्षण**

**करनाल विधानसभा क्षेत्र-21 के बीएलओ और सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण**

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। करनाल विधानसभा क्षेत्र-21 में फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आज पंचायत भवन में एसडीएम देवेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में बीएलओ और सुपरवाइजरों को मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

एसडीएम देवेंद्र शर्मा ने बताया कि आज दो सत्रों में 120 बूथों के बीएलओ और सुपरवाइजरों को मास्टर ट्रेनर संजय कुमार व सुरेश कुमार सिंहमार ने ट्रेनिंग दी। इसी कड़ी में 10 जून को बूथ नंबर 121 से 234 तक के बीएलओ और सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि



फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्यक्रम से जुड़े बीएलओ और सुपरवाइजरों को 14 जून से 16 जुलाई तक कार्यमुक्त किया गया हैं। इस प्रशिक्षण के दौरान करनाल विधानसभा क्षेत्र में 234 बीएलओ और 26 सुपरवाइजरों को ट्रेनिंग दी जानी है। उन्होंने बीएलओ से यह सुनिश्चित करने को कहा कि एसआईआर के दौरान किसी भी सही मतदाता का नाम सूची से न कटे और कोई भी अपात्र मतदाता सूची में न रहे। उन्होंने कहा 24 साल बाद किए जा रहे एसआईआर में घर-घर जाकर मतदाता सूची का गहन निरीक्षण करें।

इस दौरान बीएलए को भी साथ ले जाएं। बीएलओ सभी मतदाताओं के घर जाकर गणना फार्म वितरित करेंगे। गणना फार्म की दो प्रतियां होगी जिन्हें भरकर एक प्रति बीएलओ के पास जमा होगी और दूसरी मतदाता के पास पावती के रूप में रहेगी।

बीएलओ को गणना फार्म प्राप्त करने के लिए कम से कम तीन बार मतदाता के दिए गए पते पर विजिट करना होगा।

# पत्नी के अफेयर से परेशान युवक ने किया सुसाइड

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। जिले में एक युवक ने संदिग्ध हालात में जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि वह अपनी पत्नी के संबंधों को लेकर लंबे समय से मानसिक तनाव में था। घटना के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाद में शव परिजनों को सौंप दिया गया।

मृतक की पहचान 32 वर्षीय सुमित निवासी करनाल के रूप में हुई है। सोमवार को उसने घर पर कोई जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों के प्रयास के बावजूद उसकी जान नहीं बच सकी। परिजनों के अनुसार सुमित की



पत्नी के संबंध उसके सहकर्मी धीरज के साथ थे। यह सिलसिला करीब 10 साल से चल रहा था। सुमित और धीरज दोनों एक साथ पेंट का काम करते थे। आरोप है कि धीरज उसे लगातार परेशान करता था और कई बार धमकी व मारपीट भी कर चुका था। वह सुमित पर तलाक लेने का दबाव भी बना रहा था।

मृतक की बहन शशी ने बताया कि सुमित की शादी 2013 में हुई थी और उसके दो बच्चे हैं। उसने बताया कि घटना वाले दिन करीब साढ़े तीन बजे सुमित ने जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर धीरज ही उसे अस्पताल लेकर गया। शशी के अनुसार सुमित बार-बार उससे बात करवाने की बात कहता रहा, लेकिन उसे बात नहीं करवाई गई। जब वह अस्पताल पहुंची तो सुमित ने उसके सामने कहा कि उसकी पत्नी और उसके आशिक ने ही उसे मारा है। सदर बाजार चौकी के इंचार्ज सुलिंद्र सिंह ने बताया कि सुमित नाम के व्यक्ति की मौत हुई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि परिजनों के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी और पूरे मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। परिजनों के आरोपों के बाद मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है।

# घर से चोरी करने के दो आरोपी गिरफ़्तार 5 हजार रुपए बरामद

**लाडवा 9, जून (विजय कौशिक)** : कुरुक्षेत्र पुलिस ने घर से चोरी करने के दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री चंद्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने घर से चोरी करने के आरोपी बब्बू उर्फ गब्बर व अभिमान वासीयान छोटा बांस जिला यमुनानगर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को दी अपनी शिकायत में विकास नगर लाडवा कुरुक्षेत्र वासी महिल ने बताया कि 4 जून 2026 को वो कहीं बाहर गए हुए थे। समय करीब 2 बजे दोपहर किसी अन्जान व्यकित उनके घर में घुसकर 10 हजार रुपये नगद, चांदी की पायल व एक माला चोरी करके ले गया। चोरीशुदा सामान की कीमत लगभग 7 हजार रुपए है।

# सीजेएम ने बाल भवन, नारी निकेतन और वन स्टाप क्राइसिस सेंटर का किया निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव ने मंगलवार को एमडीडी बाल भवन व नारी निकेतन का निरीक्षण किया।

इस दौरान सीजेएम ने बच्चों व महिलाओं से बातचीत की और उन्हें प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। इसके बाद सीजेएम ने वन स्टाप क्राइसिस सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां उपस्थित लड़कियों से बातचीत की और उन्हें प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। सीजेएम ने दोपहर बाद सभी मिडिएटर्स के साथ बैठक की और उन्हें समाधान समारोह-2026 के जरिए अधिकतम मुकदमों का निपटारा करने के लिए प्रेरित किया।

**न्यूज फ्लैश**

## अवैध कॉलोनियों पर डीटीपी की कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। जिले में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ डीटीपी विभाग ने काछवा रोड और कैथल रोड पर अवैध निर्माण पर कार्रवाई की। इस दौरान अवैध निर्माण, नींव, सडकों, गलियों और सीवरेज लाइनों को ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। टीम ने बताया कि प्रशासन लगातार अवैध कॉलोनियों पर रोक लगाने के प्रयास कर रहा है, लेकिन इसके बावजूद यह सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा।

जिले में अवैध कॉलोनियों का जाल फैलता जा रहा है। आंकड़ों के अनुसार जिले में करीब 180 अवैध कॉलोनियां विकसित हो चुकी हैं। डीटीपी विभाग समय-समय पर इन पर कार्रवाई करता है, लेकिन इसके बावजूद कालोनाइजर नियमों को नजरअंदाज कर लगातार प्लॉट बेच रहे हैं। प्रशासन के नियमों को ठेंगा दिखाकर कॉलोनियां काटने का काम जारी है, जिससे आम लोगों को नुकसान उठाना पड़ता है।

काछवा रोड की जिस कॉलोनी पर कार्रवाई हुई, वहां लोगों को सीवरेज और बिजली कनेक्शन देने का झांसा देकर प्लॉट बेचे जा रहे थे। इन प्लॉटों की कीमत 18 से 20 हजार रुपए प्रति गज तक रखी गई थी। कॉलोनाइजर कॉलोनी काटकर फरार हो जाते हैं और जब विभाग कार्रवाई करता है तो नुकसान खरीदारों को झेलना पड़ता है।

जिला नगर योजनाकार विभाग के एटीपी मोहित कुमार ने बताया कि पुलिस लाइन के सामने स्थित अवैध कॉलोनी में कार्रवाई की गई। इस मामले में जोगिंद्र सिंह, रविंद्र पाल सिंह, अशोक शेठ, गौरव कुमार और श्रवण कुमार को 2018 से 2026 तक नोटिस जारी किए जा चुके हैं। कई लोगों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की गई है। इनमें जोगिंद्र सिंह का नाम प्रमुख है, जिन्हें सबसे पहले नोटिस दिया गया था।

डीटीपी के अनुसार कैथल रोड पर करीब चार से पांच एकड़ में अवैध कॉलोनी विकसित हो रही थी, जबकि काछवा रोड पर दो से तीन एकड़ क्षेत्र में कार्रवाई की गई। इस दौरान कई निमार्णों को गिराया गया। जिन लोगों के खिलाफ पहले कार्रवाई हो चुकी है, उनके मामले अदालत में विचाराधीन हैं और अब फैसले का इंतजार किया जा रहा है।

डीटीपी विभाग ने स्पष्ट किया कि अवैध कॉलोनियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाएगा। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि वे बिना मंजूरी वाली कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## नागरिक निसंकोच अपनी दिक्कत समस्या को मुख्यमंत्री निवास पर आकर लिखित में दें : कैलाश सैनी

**लाडवा 9, जून (विजय कौशिक)** : मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि कोई भी नागरिक अपनी दिक्कत समस्या के संबंध में सीधे मुख्यमंत्री निवास पर आकर अपनी लिखित शिकायत दे सकता है। उस शिकायत को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संज्ञान में लाकर हल करवाया जाएगा। मुख्यमंत्री निवास पर शिकायत देने के लिए नागरिकों को किसी कार्यकर्ता या पदाधिकारी की जरुरत नहीं है।

प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी निर्देश पर मुख्यमंत्री निवासी सेक्टर-3, कोठी नंबर 50 में रोजाना सुबह 8:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक नागरिकों की समस्याएं सुनी जाती है। इस दौरान आने वाली सभी समस्याओं को ब्योरा बनाकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संज्ञान में डाला जाता है और उन्हें अधिकारियों को भेजकर हल करवाया जाता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी लगातार लाडवा विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेती हैं। इस दौरान विधानसभा के नागरिकों की समस्याएं भी सुनी जाती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को प्रदेशभर की व्यवस्था देखनी होती है।

# जिंदल पार्क में भारत विकास परिषद द्वारा कपड़े के थैलों का किया वितरण




**लाडवा 9, जून (विजय कौशिक)** : समाजसेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए भारत विकास परिषद की लाडवा शाखा द्वारा जिंदल पार्क में कपड़े के थैलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर परिषद के सदस्यों ने लोगों को प्लास्टिक मुक्त जीवन अपनाने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए कपड़े के थैलों के उपयोग का संदेश दिया। भारत विकास परिषद देशभर में सेवा एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम संचालित करती है।

कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण गतिविधि संयोजिका शिवानी गर्ग ने उपस्थित नागरिकों को बताया गया कि प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग से पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है, जबकि कपड़े के थैले पुनः उपयोग योग्य एवं पर्यावरण के अनुकूल होते हैं। उन्होने लोगों से दैनिक जीवन में प्लास्टिक की थैलियों का प्रयोग बंद कर कपड़े के थैले अपनाने का आह्वान किया।इस अवसर पर सचिव संजीव मंगला ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है और छोटे-छोटे प्रयासों से बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया तथा परिषद के इस प्रयास की सराहना की।

# ग्लोब हेरिटेज में आपदा प्रबंधन विषय पर इनहाउस प्रशिक्षण आयोजित

**कामना**

**आपदा में घबराने की अपेक्षा नियोजित कार्ययोजना के अनुसार काम करना महत्वपूर्ण – अमित**




**टीम एक्शन इंडिया**
**लाड़वा 9, जून (विजय कौशिक)** : ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षकों के व्यावसायिक विकास को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय इनहाउस प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका विषय आपदा प्रबंधन रहा, जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या रीतू सिंगला द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए कहा कि आज के समय में विद्यालयों के लिए केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के प्रति जागरूकता, तैयारी तथा त्वरित प्रतिक्रिया की क्षमता विकसित करना प्रत्येक शिक्षक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को संकट की परिस्थितियों में प्रभावी नेतृत्व प्रदान करने के लिए सक्षम बनाते हैं। कार्यशाला के मुख्य वक्ता सीबीएसई रिसोर्स पर्सन एवं मास्टर ट्रेनर अमित सिंघल ने आपदा प्रबंधन की अवधारणा, विभिन्न प्रकार की आपदाओं, जोखिम न्यूनीकरण, विद्यालय सुरक्षा योजना, आपातकालीन निकासी प्रक्रिया, प्राथमिक उपचार तथा आपदा के दौरान शिक्षकों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किसी भी आपदा के समय घबराने के बजाय पूर्व नियोजित कार्ययोजना के अनुसार कार्य करना सबसे अधिक महत्वपूर्ण होता है और साथ ही विद्यालयों में नियमित मॉक ड्रिल, जोखिम मूल्यांकन, आपातकालीन संपर्क व्यवस्था तथा विद्यार्थियों को सुरक्षा संबंधी व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षकों को विभिन्न वास्तविक जीवन आधारित केस स्टडी एवं समूह गतिविधियों के माध्यम से आपदा की परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी निर्णय लेने के उपाय भी बताए। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने भूकंप, आग लगने, बाढ़, लू तथा भीड़भाड़ जैसी आपात स्थितियों से निपटने की रणनीतियों पर चर्चा की। शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए तथा विद्यालय में सुरक्षा संस्कृति को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सुझाव भी प्रस्तुत किए। सभी प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।

# जब होगा स्वस्थ जच्चा-बच्चा अच्छा, तभी होगा समाज मजबूत: कैलाश सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 9, जून (विजय कौशिक)**: जब होगा स्वस्थ जच्चा-बच्चा अच्छा, तभी होगा समाज मजबूत और अच्छाह्व यह शब्द श्री कैलाश सैनी, मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कुरुक्षेत्र, ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (ढटरटअ) कार्यक्रम के दौरान कहे। उन्होंने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री एवं माननीय मुख्यमंत्री द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने हेतु चलाए जा रहे इस महत्वाकांक्षी अभियान के सफलतापूर्वक 10 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं।

यह अभियान गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व सेवाएं




उपलब्ध करवाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ है।

श्री कैलाश सैनी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह जी की सरकार द्वारा महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण हेतु अनेक जनहितकारी योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना तथा प्रत्येक गर्भवती महिला तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को नियमित प्रसव पूर्व जांच (अठउ) करवाने, संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने, समय पर टीकाकरण करवाने तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान कुल 72 गर्भवती महिलाओं की अठउ जांच की गई, जिनमें से 17 महिलाओं को हाई रिस्क प्रेग्नेंसी श्रेणी में चिन्हित किया गया। इन महिलाओं को विशेष निगरानी, आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं उचित उपचार हेतु चिन्हित कर आगे की स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ा गया। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत प्रत्येक माह की 9, 10, 23 एवं 30 तारीख को गर्भवती महिलाओं को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा व्यापक स्वास्थ्य जांच, परामर्श, प्रयोगशाला जांच एवं आवश्यक दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाती हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के नियमित स्वास्थ्य परीक्षणों से गर्भावस्था के दौरान संभावित जटिलताओं की समय रहते पहचान संभव हो पाती है, जिससे सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने में सहायता मिलती है।

कार्यक्रम में डॉ. रचना (महिला रोग विशेषज्ञ), डॉ. विशाल (चिकित्सा अधिकारी), प्रमिला (सीनियर नर्सिंग ऑफिसर), हरिंदर कौर (नर्सिंग ऑफिसर), भारती वर्मा (स्वास्थ्य कार्यकर्ता), कोमल सैनी, आशा कार्यकताओं सहित बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं ने भाग लिया।

# सीआईए ने हत्या आरोपी को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। जिले के निसिंग क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते हुई युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस पहले ही दो आरोपियों को पकड़ चुकी थी। अब तीसरे आरोपी को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। सब इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए गांव गौंदर निवासी गोविन्द को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसे कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया और पूछताछ के लिए 5 दिन के रिमांड पर हासिल किया है।

गांव गोन्दर क्षेत्र में 18 अप्रैल को पुरानी रंजिश के चलते सूरज पुत्र



कर्मबीर सिंह को गोली मार दी गई थी। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों की शिकायत पर थाना निसिंग में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ के दौरान दोनों ने गोविन्द की संलिप्तता का खुलासा किया था। इसके बाद पुलिस ने उसे भी मामले में शामिल मानते हुए कार्रवाई की। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि गोविन्द के खिलाफ पहले भी हत्या और चोरी के मामले दर्ज हैं। पुलिस रिमांड के दौरान उससे गहन पूछताछ की जा रही है, ताकि मामले से जुड़े अन्य पहलुओं का भी खुलासा हो सके।

## संपादकीय

# सिस्टम की आग में जलते मजदूर, प्रगति का स्वांग कब तक?

जब रोजी-रोटी कमाने निकले हाथ आग की लपटों में खो जाएं, तब हादसे सिर्फ दुर्घटनाएं नहीं, व्यवस्था की नाकामी का आईना बन जाते हैं। विशाखापत्तनम स्टील प्लांट में 8 जून 2026 की वह शाम भी ऐसा ही दर्दनाक सच बनकर उभरी। स्टील मेल्टिंग शॉप-1 में लेडल फटने के बाद 1600 डिग्री तापमान की पिघली धातु मजदूरों पर बरसी तो केवल आठ श्रमिकों की जान नहीं गई, बल्कि सुरक्षित और मानवीय औद्योगिक विकास का दावा भी सवालों के घेरे में आ गया। आग ने उनके शरीर झुलसाए, लेकिन उससे कहीं गहरा घाव हमारी व्यवस्था की संवेदनहीनता पर लगा। विकास की चकाचौंध के पीछे छिपा यह अंधेरा पूछ रहा है—क्या इस देश में एक मजदूर की कीमत अब लोहे से भी कम रह गई है? हर बड़ी त्रासदी से पहले लापरवाही की कई अनदेखी परतें होती हैं। यह हादसा भी अचानक नहीं हुआ। जर्जर मशीनें, सुरक्षा में चूक, अधूरा रखरखाव, कमजोर प्रशिक्षण और ठेका श्रमिकों के प्रति उपेक्षा ने मिलकर वह हालात बनाए, जिनमें आठ जिंदगियां बुझ गईं। विडंबना यह है कि खतरे के संकेत पहले ही मिल चुके थे। कुछ सप्ताह पूर्व इसी संयंत्र में कार्बन मोनोऑक्साइड रिसाव से चार श्रमिक अस्पताल पहुंचे थे। चेतावनी साफ थी, लेकिन व्यवस्था ने उसे नजरअंदाज कर दिया। सच यह है कि हादसे विस्फोट के दिन नहीं होते; वे उसी दिन शुरू हो जाते हैं, जब चेतावनियों को फाइलों में दफना दिया जाता है। यह सिर्फ विजाग (विशाखापत्तनम) स्टील प्लांट का हादसा नहीं, बल्कि देश की औद्योगिक व्यवस्था का कड़वा सच है। मैन्युफैक्चरिंग, खनन और इस्पात क्षेत्रों में हर वर्ष सैकड़ों श्रमिक मौत के मुंह में समा जाते हैं। जो आंकड़े दिखते हैं, वे अधूरी तस्वीर हैं; असंगठित क्षेत्र में तो कई मौतें रिकॉर्ड तक नहीं बन पातीं। ठेकेदारी व्यवस्था ने श्रमिक को अधिकारों वाले इंसान से ज्यादा एक इस्तेमाल की वस्तु बना दिया है। न पर्याप्त सुरक्षा, न समुचित प्रशिक्षण, न संकट से बचाव की ठोस व्यवस्था। जब एक प्रतिष्ठित सार्वजनिक संयंत्र में सुरक्षा का यह हाल है, तो उन निजी इकाइयों की स्थिति का अनुमान सहज लगाया जा सकता है, जहां मुनाफा अक्सर इंसानी जिंदगी पर भारी पड़ जाता है। इस त्रासदी का सबसे असहज सवाल जवाबदेही का है। हमारे यहां हर बड़े हादसे के बाद वही घिसा-पिटा क्रम दोहराया जाता है—शोक, मुआवजा, जांच समिति और कुछ दिनों तक मीडिया की हलचल। फिर धीरे-धीरे सब कुछ सामान्य मान लिया जाता है। पर क्या कभी सचमुच जिम्मेदारों की पहचान होती है? क्या दोष केवल मशीन का था या महज तकनीकी विफलता का? बिल्कुल नहीं। इस हादसे की जिम्मेदारी प्रबंधन, सुरक्षा तंत्र, निरीक्षण एजेंसियों, श्रम विभाग, सरकारों और उस राजनीतिक संस्कृति पर भी है, जो जवाबदेही से अधिक संरक्षण को महत्व देती है। यदि निरीक्षण निष्पक्ष होते, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होती और भ्रष्टाचार की परतें इतनी मोटी न होतीं, तो शायद यह त्रासदी टाली जा सकती थी।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# सेवा, सुशासन और संकल्प का स्वर्णिम अध्याय



**नायब सिंह सैनी, मुख्यमंत्री हरियाणा**

> "आज विश्व मंच पर भारत की भूमिका भी पहले से कहीं अधिक प्रभावशाली और निर्णायक है। एक समय था जब भारत वैश्विक घटनाओं का पर्यवेक्षक माना जाता था। लेकिन, आज भारत वैश्विक विमर्श का नेतृत्व कर रहा है। जी-20 की सफल अध्यक्षता, एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का संदेश, ग्लोबल साउथ की आवाज को विश्व मंच तक पहुंचाना और संतुलित विदेश नीति के माध्यम से विभिन्न वैश्विक शक्तियों के साथ मजबूत संबंध बनाना माननीय प्रधानमंत्री जी की वैश्विक कूटनीति और भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रमाण है।"

कुछ कालखंड राष्ट्र की दिशा और दशा बदलने वाले युग बन जाते हैं। उन्हें इतिहास में अलग ही अध्याय के रूप में लिखा जाता है। ऐसा ही एक अध्याय पिछले 12 सालों से भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में लिखा जा रहा है। यह काल राष्ट्र की चेतना के जागरण, वैश्विक पटल पर भारत की एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में पहचान और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के पुनः उत्थान का युग है। और इस युग का नेतृत्व एक ऐसे राष्ट्र पुरुष ने किया है, जिनमें 140 करोड़ भारतीयों के अटूट विश्वास, आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब दिखता है। यह आजादी के बाद दूसरी बार हुआ है कि भारत की जनता ने लगातार तीन बार किसी नेता में अपनी आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विश्वास व्यक्त किया है। जनता ने बार-बार ऐसे नेतृत्व पर भरोसा जताया, जिसने हर निर्णय और हर नीति के केंद्र में राष्ट्र प्रथम को रखा। इस महान नेतृत्व को कोटि-कोटि नमन।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार के 12 वर्ष पूरे होना भारत के आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के पुनर्जागरण की गाथा है। एक समय था जब भारत को संभावनाओं का देश कहा जाता था, लेकिन आज भारत उपलब्धियों का देश बनकर दुनिया के सामने खड़ा है। यह परिवर्तन किसी एक योजना, किसी एक निर्णय या किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समग्र राष्ट्र निर्माण की एक व्यापक प्रक्रिया का परिणाम है।

भारत हजारों वर्षों पुरानी सभ्यता है। यह वह भूमि है जिसने दुनिया को योग, आयुर्वेद, ध्यान, दर्शन और मानव कल्याण का मार्ग दिखाया। लेकिन लंबे समय तक हमने अपनी इसी अमूल्य धरोहर को केवल इतिहास की पुस्तकों तक सीमित कर दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपनी सांस्कृतिक चेतना को पुनः जागृत किया। उन्होंने यह संदेश दिया कि आधुनिकता और परंपरा विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस दुनिया के 190 से अधिक देशों में मनाया जाता है। काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्विकास, महाकाल लोक, केदारनाथ पुनर्निर्माण और अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण केवल धार्मिक परियोजनाएं नहीं हैं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक अस्मिता के पुनर्जागरण के प्रतीक हैं। इन पहलों ने करोड़ों भारतीयों के मन में अपनी सभ्यता और संस्कृति के प्रति नया गर्व पैदा किया है।

सांस्कृतिक पुनर्जागरण के साथ-साथ आर्थिक क्षेत्र में भी भारत ने अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। वर्ष 2014 में भारत विश्व की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। यह उपलब्धि करोड़ों भारतीयों के जीवन स्तर में सुधार का संकेत है। वैश्विक महामारी, युद्ध, आर्थिक मंदी और आपूर्ति श्रृंखला संकट जैसी चुनौतियों के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बना रहा। वस्तु एवं सेवा कर, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना और व्यापार के लिए ईज ऑफ डुइंग बिजनेस जैसीपहलों ने भारत को निवेश और विनिर्माण का प्रमुख केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इन 12 वर्षों की सबसे बड़ी उपलब्धियों में यदि किसी एक परिवर्तन को विशेष रूप से रेखांकित किया जाए, तो वह भारत की डिजिटल क्रांति है। एक समय था जब सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचने से पहले ही व्यवस्था की खामियों में खो जाता था। भ्रष्टाचार और बिचौलियों की भूमिका आम चर्चा का विषय थी। आज जनधनऔर तकनीक की शक्ति ने इस स्थिति को पूरी तरह बदल दिया है। 53 करोड़ से अधिक जनधन खाते, दुनिया के सबसे अधिक वढक हस्तांतरणों ने भारत को डिजिटल शासन का वैश्विक मॉडल बना दिया है। DBT के माध्यम से 51 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंचाई जा चुकी है। इससे पारदर्शिता बढ़ी हैऔर गरीबों को उनका अधिकार मिला है।

मोदी सरकार के 12 वर्षों की सबसे महत्वपूर्ण सफलता गरीब कल्याण रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत को व्यवहार में उतारते हुए उन्होंने विकास की धारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया है।प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ परिवारों को पक्के घर दिए। उज्ज्वला योजना ने लगभग 11 करोड़ गरीब माताओं को चूल्हे के धुएं से मुक्ति दिलाई। स्वच्छ भारत मिशन में 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कर महिलाओं के सम्मान और स्वास्थ्य की रक्षा की। जल जीवन मिशन ने गांव-गांव तक नल से जल पहुंचाने का कार्य किया। आयुष्मान भारत योजना में 60 करोड़ गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की। इन योजनाओं से करोड़ों लोगों के जीवन में सम्मान, सुरक्षा और आत्मविश्वास का संचार हुआ है।

वर्ष 2020 में जब पूरी दुनिया कोविड-19 महामारी की चपेट में थी, तब भारत के सामने भी विकट हालात थे। लेकिन, माननीय प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में भारत ने आपदा को अवसर में बदलते हुए अपनी क्षमता और नेतृत्व का परिचय दिया। एक समय जो देश वैक्सीन आयात करता था, वही देश दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन उत्पादक और आपूर्तिकर्ता बन गया। वैक्सीन मैत्री अभियान के माध्यम से भारत ने लगभग 60 देशों की सहायता की और मानवता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। यही वह समय था जब आत्मनिर्भर भारत का संकल्प राष्ट्रीय आंदोलन का रूप लेने लगा। रक्षा उत्पादन, इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल निर्माण, सेमीकंडक्टर, हरित ऊर्जा और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में भारत ने आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए।

आज विश्व मंच पर भारत की भूमिका भी पहले से कहीं अधिक प्रभावशाली और निर्णायक है। एक समय था जब भारत वैश्विक घटनाओं का पर्यवेक्षक माना जाता था।

लेकिन, आज भारत वैश्विक विमर्श का नेतृत्व कर रहा है। जी-20 की सफल अध्यक्षता, एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का संदेश, ग्लोबल साउथ की आवाज को विश्व मंच तक पहुंचाना और संतुलित विदेश नीति के माध्यम से विभिन्न वैश्विक शक्तियों के साथ मजबूत संबंध बनाना माननीय प्रधानमंत्री जी की वैश्विक कूटनीति और भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रमाण है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह सुनिश्चित किया है कि भारत किसी के पीछे चलने वाला देश नहीं, बल्कि अपनी शर्तों पर दुनिया के साथ साझेदारी करने वाला आत्मविश्वासी राष्ट्र बने।

भारत की इस विकास यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण आधार उसकी युवा शक्ति है। आज का युवा रोजगार सृजक बनने की आकांक्षा रखता है। स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया जैसी पहलों ने युवाओं को नए अवसर प्रदान किए हैं। भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। छोटे शहरों और गांवों से निकलकर युवा वैश्विक स्तर के नवाचार कर रहे हैं।

इन 12 वर्षों में एक और महत्वपूर्ण परिवर्तन देखने को मिला है, वह है सहकारी और प्रतिस्पर्धी संघवाद का सशक्तीकरण। प्रधानमंत्री मोदी जी ने राज्यों को विकास का साझेदार बनाया है। नीति आयोग की नई कार्यप्रणाली, राज्यों को अधिक भागीदारी और नवाचार के अवसर तथा विकास आधारित प्रतिस्पर्धा ने पूरे देश में सकारात्मक परिवर्तन की नई संस्कृति विकसित की है। हरियाणा सहित अनेक राज्यों ने इस मॉडल का लाभ उठाते हुए आधारभूत संरचना, उद्योग, कृषि, शिक्षा और डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।

हरियाणा के दृष्टिकोण से देखें तो प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत के विजन ने राज्य के विकास को नई प्रेरणा प्रदान की है। हिसार में महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से हवाई सेवाओं का शुभारंभ तथा नई टर्मिनल बिल्डिंग की आधारशिला प्रदेश की कनेक्टिविटी को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यमुनानगर में दीनबंधु छोटू राम थर्मल पावर प्लांट की 800 मेगावाट क्षमता वाली नई इकाई एवं कम्प्रेस्ड बायोगैस (CBG) प्लांट का शिलान्यास ऊर्जा क्षेत्र को नई मजबूती प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त द्वारका एक्सप्रेसवे, गुरुग्राम मेट्रो रेल परियोजना, एम्स रेवाड़ी, ज्योतिसर अनुभव केंद्र, रेलवे अवसंरचना उन्नयन तथा विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं प्रदेश में आधुनिक आधारभूत ढांचे के निर्माण को नई दिशा दे रही हैं।

हरियाणा में 1,390 किलोमीटर लंबे 22 राष्ट्रीय राजमार्ग, लगभग 3 लाख करोड़ रुपये का औद्योगिक निवेश, खेलों में देश के दो तिहाई से अधिक पदक जीतना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को 9,888 करोड़ रुपये मिलना जनसेवा व विकास की नई मिसाल हैं। इनके अलावा, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में लगभग 15 लाख महिलओं को मुफ्त गैस कनेक्शन मिलना, पी.एम. कुशुम योजना के तहत 1,93,000 सोलर ट्यूबवेल लगना, वीबी जी रामजी के तहत 5,337 करोड़ रुपये श्रमिकों को मिलना तथा आयुष्मान भारत चिरायु योजना के तहत 27 लाख से अधिक लोगों को 4,148 करोड़ रुपये से मुफ्त इलाज मिलना जैसी कितनी ही पहलें हैं, जिनका एक ही लेख में उल्लेख किया जाना संभव नहीं है।

सशक्त, पर्यावरण के प्रति संवेदनशील, अवसरों में समानता वाला और विश्व को दिशा देने वाला राष्ट्र होगा।

मोदी सरकार के 12 वर्षों की यह यात्रा हमें यह विश्वास दिलाती है कि जब नेतृत्व स्पष्ट हो, नीयत साफ हो, नीति प्रभावी हो और राष्ट्रहित सर्वोपरि हो, तब परिवर्तन अवश्य संभव होता है। यह 12 वर्ष नए भारत के उदय की कहानी है। यह विकसित भारत के स्वर्णिम भविष्य का उद्घोष है।

# राज्यसभा में 2/3 बहुमत से मोदी सरकार को असीम शक्तियां!

भारतीय राजनीति में 18 जून 2026 की तारीख एक निर्णायक मोड़ साबित हो सकती है। देश के 12 राज्यों में राज्यसभा की 26 सीटों पर होने वाले चुनाव केवल सांख्यिकीय फेरबदल नहीं हैं, बल्कि ये उस संवैधानिक भविष्य की नींव रख सकते हैं जिसे भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन वर्षों से आकार देने की कोशिश कर रहा है। इन चुनावों के बाद राज्यसभा में एनडीए का आंकड़ा 150 के पार पहुंचने की उम्मीद है, जो उसे दो-तिहाई बहुमत के और करीब ले जाएगा। राज्यसभा में दो तिहाई बहुमत का अर्थ केवल संख्या बल नहीं है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 368 में यह साफ किया गया है कि किसी भी संविधान संशोधन को संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा में विशेष बहुमत से पारित होना अनिवार्य है। इस विशेष बहुमत का मतलब उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के दो-तिहाई समर्थन से होता है।

यही वह कुंजी है जो संविधान के उन दरवाजों को खोल सकती है जो अब तक बंद थे। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का मामला सबसे पहले और सबसे अधिक चर्चित है। संविधान के 130वें संशोधन विधेयक को लोकसभा से संयुक्त संसदीय समिति को भेजे जाने की संस्तुति मिलने के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में इस बिल को सभा पटल के सामने रखा था, लेकिन सरकार के पास संवैधानिक संशोधन को पास कराने के लिए दो तिहाई बहुमत नहीं था। अप्रैल 2026 में संसद के विशेष सत्र में लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन बिल पर चर्चा हुई, लेकिन इसे पारित कराने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत थी, जो सरकार को नहीं मिल सकी। अब यदि 18 जून के बाद राज्यसभा में बहुमत का गणित बदलता है तो यह विधेयक मानसून सत्र में फिर से जीवित हो सकता है। इससे जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को मानसून सत्र में फिर से पेश करने के लिए भाजपा की योजना 18 जून को राज्यसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद द्रमुक समेत कुछ अन्य ऐसे विपक्षी दलों को साधने की है। भाजपा को तीन कारणों से संविधान संशोधन विधेयक पर आगे बढ़ने का हौसला मिला है।

पहला, राज्यसभा में बहुमत के करीब पहुंचना; दूसरा, तृणमूल कांग्रेस के संसदीय दल में टूट की संभावना; और तीसरा, द्रमुक और भाजपा के बीच बढ़ती करीबी।महिला आरक्षण के साथ ही परिसीमन का मुद्दा भी गहराई से जुड़ा हुआ है। वर्तमान में लोकसभा में 543 सीटें हैं, जो 1977 के बाद से स्थिर हैं। इंदिरा सरकार ने परिसीमन लाकर सीटें 525 से बढ़ाकर 543 कर इसे फ्रीज कर दिया था। अब जनसंख्या के अनुपात में लोकसभा की सीटें बढ़ाने और उनमें महिलाओं के लिए आरक्षण तय करने के लिए एक साथ संविधान संशोधन जरूरी है।

## विचार

# इंडिया गठबंधन के 5 निर्णय से विपक्ष को मिली संजीवनी ?

**सौरभ वार्ष्णेय**

**अभी** हाल ही में ५ राज्यों के चुनावों के बाद देश की राजनीति में विपक्षी दलों के गठबंधन (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) की बैठक में लिए गए पांच प्रमुख निर्णय केवल राजनीतिक घोषणाएं नहीं हैं, बल्कि केंद्र सरकार के खिलाफ विपक्ष की आगामी रणनीति का खाका भी प्रस्तुत करते हैं। इन निर्णयों से स्पष्ट संकेत मिलता है कि विपक्ष चुनावी पारदर्शिता, शिक्षा, आर्थिक चुनौतियों और संसदीय समन्वय जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी कर रहा है। इस बैठक से कुछ हद तक क्षेत्रियों दलों को संजीवनी मिलती दिखाई दे रही है। वहीं कांग्रेस पार्टी प्रदेशों में इन समस्याओं को लेकर आंदोलनरत हैं। अच्छी बात यह ही कि आज भी इस विपक्षी खेमे में २३ दलों ने उपस्थिति दर्ज कराई।

1. मतदाता सूची और चुनावी निष्पक्षता का मुद्दा : बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मतदाता सूची में कथित हेरफेर, विशेष गहन पुनरीक्षण और चुनावों की निष्पक्षता पर उठे प्रश्नों के संबंध में भारत के मुख्य न्यायाधीश को पत्र भेजा जाएगा। यह निर्णय दशार्ता है कि विपक्ष चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता को राष्ट्रीय बहस का विषय बनाना चाहता है। लोकतंत्र में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव उसकी आत्मा होते हैं। यदि मतदाता सूची या चुनावी प्रक्रिया पर संदेह उत्पन्न होता है तो लोकतांत्रिक संस्थाओं पर जनता का विश्वास प्रभावित हो सकता है। हालांकि इस मुद्दे पर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से अधिक महत्वपूर्ण यह है कि सभी पक्ष तथ्यात्मक प्रमाणों और संवैधानिक प्रक्रियाओं के आधार पर अपनी बात रखें। मुख्य न्यायाधीश को पत्र भेजने का निर्णय विपक्ष द्वारा संवैधानिक संस्थाओं के माध्यम से अपनी चिंता व्यक्त करने का प्रयास माना जा सकता है।

2. शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांगः बैठक का दूसरा महत्वपूर्ण निर्णय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग से जुड़ा है। हाल के वर्षों में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक, अनियमितताओं और प्रशासनिक विफलताओं के आरोप लगातार सामने आए हैं।लाखों युवाओं की मेहनत और भविष्य इन परीक्षाओं से जुड़ा होता है।

जब परीक्षा प्रणाली पर सवाल उठते हैं तो केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि पूरे भर्ती तंत्र की विश्वसनीयता प्रभावित होती है। विपक्ष इसी जनभावना को राजनीतिक मुद्दा बना रहा है।यद्यपि इस्तीफा मांगना विपक्ष का राजनीतिक अधिकार है, लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। देश के युवाओं को राजनीतिक बयानबाजी से अधिक भरोसेमंद व्यवस्था की आवश्यकता है।

**3. आर्थिक स्थिति, बेरोजगारी और महंगाई पर सर्वदलीय बैठक की मांग :** विपक्ष ने बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की समस्याओं और आर्थिक चुनौतियों पर केंद्र सरकार से तत्काल सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की है।यह निर्णय इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि आर्थिक मुद्दे सीधे आम नागरिकों के जीवन से जुड़े हैं। रोजगार के अवसर, बढ़ती कीमतें, कृषि संकट और आय असमानता जैसे विषय केवल राजनीतिक बहस नहीं बल्कि जनजीवन की वास्तविक चुनौतियां हैं।सर्वदलीय बैठक की मांग यह संदेश देती है कि विपक्ष इन मुद्दों पर राष्ट्रीय सहमति और व्यापक चर्चा चाहता है। यदि सरकार इस दिशा में पहल करती है तो लोकतांत्रिक संवाद को मजबूती मिल सकती है। वहीं यदि यह मांग अनसुनी रहती है तो विपक्ष इसे जनआंदोलन का रूप देने का प्रयास कर सकता है।

**4. प्रत्येक दो माह में बैठक का निर्णयः** गठबंधन ने प्रत्येक दो माह में नियमित बैठक करने तथा अगली बैठक अगस्त में हैदराबाद में आयोजित करने का निर्णय लिया है।गठबंधन राजनीति में सबसे बड़ी चुनौती विभिन्न दलों के बीच समन्वय बनाए रखना होती है।

**5. मानसून सत्र में संसदीय समन्वयः** बैठक का पांचवां निर्णय संसद के मानसून सत्र से जुड़ा है। सभी दलों ने प्रतिदिन समन्वय बैठक आयोजित करने और संसद के भीतर एकजुट रणनीति अपनाने पर सहमति व्यक्त की है।संसद लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है। यदि विपक्ष समन्वित ढंग से कार्य करता है तो वह सरकार को अधिक प्रभावी ढंग से जवाबदेह बना सकता है। यह निर्णय संकेत देता है कि विपक्ष आगामी सत्र में बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, चुनावी पारदर्शिता और किसानों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगा।

राजनीतिक मायने : इन पांच निर्णयों से तीन बड़े संदेश निकलकर सामने आते हैं।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआईः HARHIN / 2016 / 68417

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा 224, सेक्टर - 32 पी, यूई, ज़िला करनाल, हरियाणा से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : राजकुमार शर्मा ( 9671890000)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## आलेख

# मध्यप्रदेश राज्यसभा चुनावः भाजपा-कांग्रेस दोनों के परीक्षा

**पवन वर्मा**

मध्यप्रदेश के राज्यसभा चुनाव में इस बार सबसे ज्यादा चर्चा तीसरी सीट को लेकर है। दो सीटों पर तस्वीर साफ है, लेकिन तीसरी सीट ने भाजपा और कांग्रेस दोनों के सामने राजनीतिक चुनौती खड़ी कर दी है। तीसरी सीट के लिए भाजपा ने महेश केवट को उम्मीदवार बनाकर मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है, जबकि कांग्रेस ने मीनाक्षी नटराजन को मैदान में उतारा है। संख्या बल के हिसाब से कांग्रेस की स्थिति मजबूत दिखाई देती है, लेकिन भाजपा के इस दांव ने चुनाव को महज गणित का नहीं, बल्कि राजनीतिक प्रबंधन और संगठनात्मक क्षमता की परीक्षा बना दिया है। मध्य प्रदेश विधानसभा की कुल 230 सीटों में से दतिया सीट रिक्त है, जबकि विजयपुर विधानसभा क्षेत्र से जुड़े मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई लंबित है। ऐसे में राज्यसभा चुनाव में 228 विधायक मतदान के पात्र हैं।

राज्यसभा की एक सीट जीतने के लिए 58 मतों की आवश्यकता होती है। विधानसभा में भाजपा के 164 और कांग्रेस के 64 विधायक हैं, जबकि एक विधायक अन्य में है। इसी संख्या बल के आधार पर तीसरी सीट का मुकाबला रोचक स्थिति में पहुंच गया है।

तीन सीटों में से दो पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ और प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल का राज्यसभा पहुंचना तय है। कांग्रेस की उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन भी अपने दल के संख्या बल के आधार पर मजबूत स्थिति में हैं। यहां तक तो सबकुछ ठीक दिख रहा था लेकिन भाजपा ने तीसरे उम्मीदवार के रूप में महेश केवट को उतारकर इस चुनाव को और अधिक रोचक एवं चुनौतीपूर्ण कर दिया। भाजपा को यह पता है कि तीसरी सीट के लिए उसके पास अपने दम पर आवश्यक संख्या नहीं है। इसके बावजूद उम्मीदवार उतारने का फैसला बताता है कि पार्टी कांग्रेस की एकजुटता को परखना चाहती है और साथ ही यह संदेश देना चाहती है कि वह विपक्ष को बिना चुनौती दिए कोई सीट नहीं छोड़ने वाली।

# परिंदा और दरिंदा

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

हल्की-हल्की बारीश के बीच नामपल्ली के चौराहे पर उस्मान भाई के होटल की उस पाया-टूटी बेंच पर बैठकर जब मैं अमजद भाई और उनकी बेगम शकीला का वो पूरा माजरा देख रहा था, तो कसम खुदा की, मेरे कलेजे में एक अजीब सा हौल उठ गया था। लगा कि इस बैंगन की मेरी दुनिया में कोई एक मर्द तो मिला जिसके गुर्दे में सच बोलने का दम है, जिसने जमाने की परवाह किए बिना अपनी रूह की आवाज सुनी। अमजद भाई ने जो बात बोली थी, वो सीधे सीने को चीरती हुई आर-पार हो गई थी, मानो किसी ने जलते हुए कोयले पर ठंडे पानी के छींटे मार दिए हों। पर मियाँ, ये हमारा मुल्क है, यहाँ सच का तमाशा देखने सब जमा हो जाते हैं, लेकिन जब उसी सच की हिफाजत करने की बारी आती है, तो सब अपने-अपने घरों के किवाड़ बंद कर लेते हैं। यहाँ सच को जितनी जल्दी लोग किरकिरी करके तालियों के शोर में आसमान पर चढ़ाते हैं, उतनी ही जल्दी उसे सियासत की सूली पर भी लटका देते हैं। खैर, अमजद भाई के उस फैसले के बाद शकीला भाभी का वो काली चादर का साया तो हमेशा के लिए छूट गया, मानो किसी परिंदे को जिंदगी भर के पिंजरे से रिहाई मिल गई हो। वो खुले सर, कजरारे नैनों में थोड़ी सी झिझक और ढेर सारी शर्म लिए राशन की दुकान से लेकर तरकारी मंडी तक दिखने लगीं, जहाँ उनकी खुली जुल्फें हवा में आजादी का कसीदा पढ़ती थीं। शुरूआत में तो मोहल्ले के रऊडीशीटरों ने आँखें तरेरीं, बुड्ढियों की कानाफूसी का बाजार गर्म हुआ। नौजवानों की नजरों में आवारागर्दी की नई चमक दिखाई देने लगी। पर धीरे-धीरे लोगों ने इसे अमजद भाई का भेजा सरक गया है सोचकर हजम कर लिया, क्योंकि इस शहर में लोग हर रोज एक नया तमाशा देखते हैं और पुराने को भूल जाते हैं।

हमारे इलाके के बड़े नेता जी, जिन्हें लोग छोटे नेता जी कहते थे क्योंकि बड़े वाले तो सीधे मलाई डकारते थे, वो हाथ जोड़े, कड़क इस्त्री का कुर्ता चमकाते हुए हमारी तंग गली में पधारे। उनके साथ चार-छह चमचे थे, जो बात-बात पर ऐसे आवाजाँ लगाते थे।

## न्यूज फ्लैश

## एएसआई ने जमीन पर किया कब्जा, गन्ने की फसल नष्ट कर धमकी देने का आरोप, तीन पर केस

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल**। जिले के गांव मंगलौरा में हरियाणा पुलिस में तैनात एक एएसआई पर जमीन कब्जाने की कोशिश, गन्ने की फसल नष्ट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगे हैं। लंबे समय से चल रहे इस विवाद में कई शिकायतों और जांच रिपोर्ट के बाद अब पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी पुलिस कर्मचारी होने के कारण पहले कार्रवाई नहीं हो रही थी।

गांव मंगलौरा निवासी मनजीत ने शिकायत में बताया कि उसकी और उसकी पत्नी रीतू की किला नंबर 302 व 301 में जमीन है, जिस पर उनका कब्जा है। आरोप है कि हरियाणा पुलिस में एएसआई के पद पर तैनात रणदीप पुत्र सोमपाल, अपने पिता सोमपाल पुत्र रघुबीरा और परमाल पुत्र राजकुमार निवासी गांव मंगलौरा, जिला शामली, उत्तर प्रदेश के साथ मिलकर जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है।

मनजीत के अनुसार, आरोपियों का इस जमीन से कोई संबंध नहीं है। इस विवाद को लेकर उसने सिविल सूट नंबर सीएस 1128/2024 भी दायर किया हुआ है, जिसमें सिविल जज उदित अग्रवाल की अदालत से उसके पक्ष में स्टे ऑर्डर जारी है। इसके बावजूद आरोपी कब्जे की कोशिश कर रहे हैं।

पीड़ित ने बताया कि आरोपी पहले भी उसके खेत में घुस चुके हैं। जब उसने गन्ने की फसल काटी, तो आरोपियों ने उसे खेत से गन्ना उठाने नहीं दिया और मौके पर गाली-गलौज व मारपीट की। मनजीत का आरोप है कि उसने इस मामले में मंगलौरा चौकी में 15 से 20 बार शिकायत दी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उसने आरोप लगाया कि उस समय के पुलिस अधिकारी एएसआई रणदीप का साथ दे रहे थे, जिसके चलते उसकी शिकायतों को नजरअंदाज किया गया। हालांकि बाद में थाना मधुबन में मुकदमा नंबर 324/2024 दर्ज हुआ था, जिसमें आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया था।

मनजीत ने 18 अप्रैल 2025 को भी शिकायत दी थी कि आरोपियों ने उसकी खड़ी गन्ने की फसल को ट्रैक्टर-रोटर से नष्ट कर दिया। इस मामले की जांच डीएसपी घरौंडा ने की थी। 25 जून 2025 को दी गई जांच रिपोर्ट में पाया गया कि आरोपियों ने मिलकर खसरा नंबर 302 और 301 में खड़ी फसल को नुकसान पहुंचाया। इसके बाद मामला थाना मधुबन को कार्रवाई के लिए भेजा गया था।

पीड़ित का आरोप है कि डीएसपी की रिपोर्ट के बावजूद थाना स्तर पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं हुई। इसी वजह से आरोपी लगातार दबाव बनाते रहे और जमीन पर दखल देते रहे। उसने बताया कि आरोपी खेत जोतने के दौरान भी रोकते हैं, गाली.गलौच करते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं।

लंबे इंतजार के बाद 8 जून को पुलिस चौकी मंगलौरा के इंचार्ज सब इंस्पेक्टर मनजीत सिंह ने शिकायत के आधार पर तहरीर तैयार कर थाना मधुबन भेजी। इसके बाद थाना मधुबन में एसआई लछमन सिंह ने मुकदमा दर्ज किया। मामले में जमीन कब्जाने की कोशिश, फसल नष्ट करने और धमकी देने के आरोप शामिल किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, शिकायत मिलते ही टीम मौके के लिए रवाना हो गई और जांच शुरू कर दी गई है। पुराने मामलों और रिपोर्ट्स को भी जांच में शामिल किया जा रहा है।

मामले में एक एएसआई पर आरोप लगने से पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। पीड़ित का कहना है कि आरोपी पुलिस में होने के कारण उसे पहले न्याय नहीं मिला और उसकी शिकायतों पर कार्रवाई टाली जाती रही। मनजीत ने पुलिस से सुरक्षा और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उसका कहना है कि उसे आरोपियों से अपनी जान और संपत्ति का खतरा बना हुआ है।

गांव मंगलौरा में यह विवाद काफी समय से चल रहा है। अब एएसआई सहित तीन आरोपियों पर केस दर्ज होने के बाद पूरे मामले पर लोगों की नजर है। पुलिस का कहना है कि जांच निष्पक्ष तरीके से की जाएगी और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सम्पूर्ण मानवता हेतु कल्याणकारी है आर्य मान्यताएं: राज्यपालश्री आचार्य

**शिविर**

वेद और आर्य समाज की मान्यताएं एक वर्ग के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के के लिए हैं।

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : वेद और आर्य समाज की मान्यताएं केवल किसी एक वर्ग के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए हैं। आज के इस दौर में जब युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति से विमुख हो रही है, तब आर्यवीर दल और वीरांगना दल युवाओं में राष्ट्रभक्ति, सेवा और सदाचार के संस्कार फूंकने का महान कार्य कर रहे हैं। यह प्रेरणादायी विचार गुजरात के माननीय राज्यपाल आचार्य श्री देवव्रत जी ने गुरुकुल कुरुक्षेत्र में चल रहे सार्वदेशिक आर्यवीर दल एवं वीरांगना दल के राष्ट्रीय शिविर में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। इस अवसर पर सार्वदेशिक आर्यवीर दल न्यास के अध्यक्ष स्वामी देवव्रत सरस्वती, प्रधान संचालक नन्दकिशोर शास्त्री, सार्वदेशिक आर्य वीरांगना दल की प्रधान संचालिका श्रीमती व्रतिका आर्या, वैदिक विद्वान डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार, दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री विनय आर्य, आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान धर्मवीर आर्य, महामंत्री विजयपाल आर्य, वेद प्रचार अधिष्ठाता स्वामी सच्चिदानन्द जी, महाशय जयपाल आर्य, रामनिवास आर्य सहित अनेक महानुभाव उपस्थित रहे। शिविर में देश के 15 प्रान्तों से आए हजारों आर्यवीरों और वीरांगनाओं को संबोधित करते हुए राज्यपाल महोदय ने आर्य समाज की मान्यताओं, उसकी प्रासंगिकता और युवा शक्ति के दायित्वों पर विस्तार से प्रकाश डाला।आचार्य देवव्रत जी ने कहा कि आर्य समाज की मान्यताएं ईश्वर के सच्चे स्वरूप, मानवता और विज्ञान पर आधारित हैं।



महर्षि दयानन्द सरस्वती जी ने ह्यकृण्वन्तो विश्वमार्यम्ह्न अर्थात संपूर्ण विश्व को श्रेष्ठ बनाओ का जो संदेश दिया था, वह आज के अशांत विश्व के लिए एकमात्र समाधान है।

व्यसनमुक्ति और चरित्र निर्माण की आवश्यकता

युवाओं को सचेत करते हुए उन्होंने कहा कि आज देश को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत युवाओं की जरूरत है।

## यमुना और ड्रेन प्रदूषण पर प्रशासन का बड़ा एक्शन, उपायुक्त ने किया मैराथन निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 9 जून ( कमल चौधरी)** जिला उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने मंगलवार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जिले में जल प्रदूषण नियंत्रण, ड्रेन प्रबंधन तथा सीवरेज एवं औद्योगिक अपशिष्ट जल शोधन व्यवस्थाओं का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्थलों का दौरा कर अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।निरीक्षण की शुरूआत बाबरपुर मंडी के निकट एनएच पर ड्रेन नंबर-2 क्रॉसिंग ब्रिज से की गई। उपायुक्त ने ड्रेन नंबर-2 में आ रहे पानी की स्थिति का जायजा लिया और ड्रेन में पहुंच रहे दूषित एवं जहरीले पानी पर गंभीरता से संज्ञान लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि कोई औद्योगिक इकाई अथवा अन्य स्रोत बिना उपचारित पानी ड्रेन में छोड़ रहा है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने इस संबंध में प्राप्त शिकायतों और तथ्यों की जांच कर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश भी दिए।

इसके उपरांत उपायुक्त डॉ हरीश वशिष्ठ ने ददलाना गांव के निकट एचएसआईआईडीसी के नए औद्योगिक क्षेत्र में स्थित 2.5 एमएलडी क्षमता वाले कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) का निरीक्षण किया। उन्होंने प्लांट की कार्यप्रणाली, क्षमता तथा उपचारित जल के प्रबंधन की जानकारी ली और अधिकारियों को इसकी कार्यक्षमता और प्रभावशीलता बढ़ाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने शिमला गुजरान के निकट ड्रेन नंबर-1 और ड्रेन नंबर-2 के संगम स्थल तथा खोजकीपुर के पास ड्रेन नंबर-2 और पवित्र यमुना नदी के मिलन बिंदु का भी निरीक्षण किया।

## पानीपत के किशनपुरा में एनआईए की टीम ने दवा कारोबारी के घर की रेड

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 9 जून।** एनआईए की टीम ने पानीपत के किशनपुरा क्षेत्र में मंगलवार को सुबह दवा कारोबारी से जुड़े मंजीत के घर छापेमारी कर पूछताछ की। टीम ने मोबाइल, दस्तावेज और डिजिटल रिकॉर्ड की जांच की। कार्रवाई संदिग्ध वित्तीय लेनदेन से जुड़ी बताई जा रही है। इस दौरान पानीपत पुलिस भी एनआईए टीम के साथ रही। एनआईए टीम ने कई घंटे तक बैंक खाते एवं यूपीआई ट्रांजेक्शन को लेकर पूछताछ की गई। बताया जा रहा है कि संदिग्ध ट्रांजेक्शन के तार किसी गिरोह से जुडे होने की आशंका है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के निमित्त योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रतियोगिता**

केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि कवींद्र राणा तथा विधायक सुपुत्र सम्राट आनंद ने की शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर सतपाल ने बताया कि 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के निमित्त आज जिला के नारायणा ई-टेक्नो स्कूल नजदीक आईटीआई चौक में जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का भव्य व सफल आयोजन किया गया।




आयुष विभाग करनाल के योग विशेषज्ञ तथा हरियाणा योग आयोग करनाल के नोडल अधिकारी डॉ. अमित पुंज ने मंच का संचालन किया तथा यह जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता का आयोजन आयुष विभाग, खेल विभाग, शिक्षा विभाग तथा हरियाणा योगासन खेल संघ करनाल के संयुक्त तत्वाधान में किया गया है, जिसमें जिला के सभी ब्लॉकों के विजेता खिलाडि?ों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

उन्होंने बताया कि इससे पूर्व 2 जून को जिला के सभी ब्लॉकों में ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताएं करवाई गई थीं, जिसमें कुल 355 योग खिलाडि?ों ने भाग लिया था। वहां से प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं ने आज इस जिला स्तरीय मंच पर हिस्सा लिया।

मुख्य अतिथि कवींद्र राणा प्रतिनिधि, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने खिलाडि?ों को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि हमारी ऋषि परंपरा की अमूल्य धरोहर है। आज भारत की इस विधा को वैश्विक स्तर पर जो सम्मान मिला है, वह गौरव की बात है। सरकार योग को खेल के रूप में लगातार बढ़ावा दे रही है, जिससे युवाओं के लिए सुनहरे भविष्य के द्वार खुले हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है।

## पानीपत में 20 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा

**पानीपत, 9 जून ( कमल चौधरी )** केंद्र एवं हरियाणा सरकार के 12 साल की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के थीम पर जिला पानीपत में 20 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत विभिन्न विभागों की सहभागिता से जनकल्याण शिविर, प्रगति पथ यात्राएं, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण कार्यक्रम, रोजगार मेले, प्राकृतिक खेती जागरूकता कार्यक्रम तथा पशु मेले सहित अन्य जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। यह जानकारी डीसी डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने दी।

उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों व योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक को मिले इसके लिए व्यापक प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। पानीपत जिला में अभियान को प्रभावी रूप से चलाने के लिए संबंधित अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए लोगों को योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। डीसी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अभियान को सफल बनाने बारे आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

## रक्तदान महादान, जरूरतमंदों को मिलता है नया जीवन : पंकज मंगला

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत** । महाराजा अग्रसेन भवन, सेक्टर-14 सोनीपत में मंगला परिवार द्वारा दि महाराजा अग्रसेन समाज कल्याण समिति के सहयोग से समाजसेवी पंकज मंगला के नेतृत्व में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 200 युवाओं, सामाजिक कार्यकताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवियों एवं समिति पदाधिकारियों की उपस्थिति में हुआ रक्तदाताओं के उत्साह को देखते हुए पूरे दिन शिविर में लोगों का आना-जाना लगा रहा। रक्तदान करने वाले युवाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।




समाजसेवी पंकज मंगला ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों एवं आपातकालीन परिस्थितियों में रक्त की आवश्यकता पड़ती है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सामाजिक सरोकारों से जुड़ें और रक्तदान जैसे पुनीत कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लें। उन्होंने कहा कि ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को मजबूत करते हैं। शिविर के दौरान उपस्थित लोगों ने रक्तदान के महत्व पर विचार साझा किए और अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में पंकज मंगला ने सभी रक्तदाताओं, अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर राहुल मंगला, राजेश गुप्ता, संजीव शर्मा, नंदकिशोर आंतिल मुरथल, पार्षद वरुण जैन, आदि मौजूद रहे।

## महापौर रेणु बाला गुप्ता ने पूर्व मंत्री शशिपाल मेहता से की आत्मीय भेंट, जाना कुशलक्षेम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** महापौर रेणु बाला गुप्ता ने मंगलवार को अपने चंडीगढ़ प्रवास के दौरान पीजीआई में उपचाराधीन हरियाणा के पूर्व उद्योग मंत्री एवं वरिष्ठ जननेता शशि पाल मेहता से भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना। हाल ही में चोटिल होने के कारण पूर्व मंत्री मेहता इन दिनों पीजीआई में उपचाराधीन हैं।

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने अस्पताल पहुंचकर पूर्व मंत्री शशि पाल मेहता से आत्मीय भेंट की तथा उनके स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों द्वारा प्रदान किए जा रहे उपचार एवं स्वास्थ्य सुधार की प्रगति के संबंध में भी चर्चा की।



महापौर ने पूर्व मंत्री मेहता के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए कहा कि वे लंबे समय से जनसेवा एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहे हैं और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच उनकी विशेष पहचान एवं सम्मान है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि वे जल्द से जल्द पूर्णतः स्वस्थ होकर अपने शुभचिंतकों और जनसामान्य के बीच पुनः सक्रिय भूमिका निभाएं।

इस दौरान महापौर ने पूर्व मंत्री के परिजनों एवं उपस्थित सहयोगियों से भी भेंट कर उनका हौसला बढ़ाया तथा हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि समाज के वरिष्ठ एवं अनुभवी जनप्रतिनिधियों का स्वस्थ और सक्रिय रहना सार्वजनिक जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## 41 दिनों की कड़ी तपस्या के बाद गांव में भंडारा एवं मेला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** गांव स्याणा में प्राचीन बाबा ढाब आश्रम में पिछले 41 दिनों से धूप में चारों तरफ आग जलाकर अग्नि के बीच में बैठकर 41 दिन तक घोर तपस्या करने वाले युवा शक्ति को संदेश देने वाले युद्ध वीर सिंह हिंदू ने समाज को एक अच्छा संदेश दिया है। जिले का यह आश्रम बहुत ही प्राचीन आश्रम है, लोगों के अनुसार अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने यहां अपना कुछ समय व्यतीत किया था, तब से इस आश्रम की आसपास के क्षेत्र में बहुत मान्यता है।

## विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाएं कार्यकर्ता: गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** भारतीय जनता पार्टी के पंचकूला स्थित पंच कमल कार्यालय में मंगलवार को आयोजित प्रदेश प्रकोष्ठ एवं विभाग बैठक में करनाल की महापौर रेणु बाला गुप्ता ने सक्रिय सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने संगठनात्मक मजबूती, जनसेवा एवं जनसंपर्क विस्तार से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक विचार साझा किए।

बैठक में भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष डॉण अर्चना गुप्ता, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, प्रदेश महासचिव फणींद्रनाथ शर्मा, पूर्व महामंत्री डॉण पवन सैनी सहित पार्टी के सभी प्रकोष्ठों एवं विभागों के संयोजकए सह संयोजक, प्रमुख एवं सह प्रमुख सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।



महापौर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसका संगठन और कार्यकताओं का समर्पण है। प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित, जनसेवा और विकास के संकल्प को आगे बढ़ा रहा है। बैठक में शीर्ष नेतृत्व एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों के प्रेरणादायी मार्गदर्शन से संगठनात्मक कार्यों को और अधिक गति एवं दिशा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि बैठक में उपस्थित कार्यकताओं का उत्साह और संगठन के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता यह विश्वास और मजबूत करती है कि भाजपा निरंतर जनसेवा, सुशासन और विकास के लक्ष्यों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। महापौर ने सभी कार्यकताओं से आह्वान किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प तथा हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करें।

## जन जागरूकता व स्वच्छता को लेकर हुआ सार्थक संवाद : अशोक कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सर्वोच्च न्यायालय के निदेर्शों तथा आवासन एवं शहरी मामले मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों की अनुपालना में नगर निगम द्वारा 7 जून से 12 जून तक निगम क्षेत्र में सप्ताहव्यापी जन-जागरूकता एवं स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ानाए स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण को प्रोत्साहित करना तथा व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से स्वच्छ, स्वस्थ एवं पर्यावरण अनुकूल शहर का निर्माण करना है।



अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार ने बताया कि अभियान के तहत मंगलवार को वार्ड नंबर-19 के राम नगर क्षेत्र में वार्ड समिति सदस्यों, स्थानीय नागरिकों एवं निगम अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने, कचरा पृथक्करण को घर.घर लागू करने तथा नागरिक सहभागिता बढ़ाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान क्षेत्र में पौधारोपण भी किया गया तथा उपस्थित लोगों को पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर वार्ड 19 के पार्षद राजेश अग्गी, मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेन्द्र चोपड़ा तथा वार्ड समीति सदस्य मौजूद रहे।

अभियान के दौरान निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों, रिहायशी क्षेत्रों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, सार्वजनिक स्थलों, गौशालाओं, नंदीशालाओं तथा सामाजिक संस्थाओं में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान में जनप्रतिनिधियों, वार्ड समितियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, युवा समूहों, सामाजिक संगठनों तथा आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

उन्होंने बताया कि 7 जून को गौशाला, नंदीशाला एवं अनाथ आश्रम क्षेत्र तथा 8 जून को सेक्टर-6 क्षेत्र में जन-जागरूकता, स्वच्छता एवं पौधारोपण गतिविधियां आयोजित की गई थी। इसी क्रम में आगामी कार्यक्रमों के तहत 10 जून को वार्ड नंबर.12, 11 जून को वार्ड नंबर-7 तथा 12 जून को पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में जन-जागरूकता एवं स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाए रखने की जिम्मेदारी केवल नगर निगम की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भी है। उन्होंने वार्ड समिति सदस्यों से आह्वान किया कि वे अपने.अपने क्षेत्रों में लोगों को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्रित करने, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फेंकने तथा स्वच्छता नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें।

## रक्तदाताओं को धनराशि देने की घोषणा पर आपत्ति व पुनर्विचार की मांग

**सोनीपत, हरियाणा।**
हाल ही में प्रकाशित एक समाचार में प्रदेश के मंत्री श्री अनिल विज द्वारा रक्तदान शिविरों में प्रत्येक रक्तदाता को ?1100 की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की गई है। इस घोषणा के बाद पूरे हरियाणा में सामाजिक संस्थाओं, रक्तदाताओं एवं सामाजिक कार्यकताओं के बीच व्यापक चर्चा एवं विरोध सामने आया है।

सभी रक्तदान संगठनों का स्पष्ट मत है कि रक्तदान एक निःस्वार्थ सेवा और मानवता का सर्वोच्च कार्य (महादान) है, जिसे किसी भी प्रकार के आर्थिक प्रलोभन या धनराशि से जोड़ना इसकी मूल भावना के विपरीत है।

हरियाणा रेडक्रॉस सब कमेटी के सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम गौतम ने इस विषय पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि–
ह्लहम मंत्री श्री अनिल विज का सम्मान करते हैं और उनके द्वारा लिए गए निर्णय प्रायः जनहित में होते हैं, लेकिन रक्तदाताओं को ?1100 देना रक्तदान की भावना के विरुद्ध है। इससे रक्तदान सेवा की पवित्रता प्रभावित हो सकती है।ह्व
उन्होंने आगे कहा कि सरकार को इस प्रकार की धनराशि देने के बजाय रक्तदान व्यवस्था को मजबूत करने पर ध्यान देना चाहिए, जैसेः
ब्लड बैंकों में आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता
ब्लड कंपोनेंट मशीनों की स्थापना
रक्त संग्रहण एवं परिवहन के लिए बेहतर सुविधाएं
रक्तदान शिविरों के लिए लॉजिस्टिक सहयोग
प्रेम गौतम ने उदाहरण देते हुए बताया किः
खानपुर ढत्र्क्क्ब्लड बैंक द्वारा साधनों की कमी के चलते कई रक्तदान शिविर रद्द करने पड़े
सोनीपत के सरकारी ब्लड बैंक में अभी तक ब्लड कंपोनेंट मशीन उपलब्ध नहीं है।

## न्यूज फ्लैश

### रक्तदान करने वाला व्यक्ति मानवता की प्रथम श्रेणी का व्यक्ति होता है : विज




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अंबाला छावनी के प्रतिष्ठित जैन सोडा वॉटर द्वारा अंबाला छावनी स्थित जैन सोडा वॉटर पर स्वर्गीय रीता जैन की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने किया। इस अवसर पर आयोजकों द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री अनिल विज ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है और रक्तदान करने वाला व्यक्ति मानवता की प्रथम श्रेणी का व्यक्ति होता है। उन्होंने कहा कि विज्ञान ने आज अभूतपूर्व प्रगति कर ली है तथा मानव अंतरिक्ष तक पहुंच चुका है, लेकिन आज भी कृत्रिम रूप से रक्त का निर्माण संभव नहीं हो पाया है। ऐसे में किसी रोगी, दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति अथवा ऑपरेशन के दौरान रक्त की आवश्यकता होने पर केवल मानव ही मानव के काम आता है।

### जेप्टो लिमिटेड ने सेबी के पास दाखिल किया यूडीआरएचपी-1

**नोएडा।** भारत के सबसे तेजी से बढ़ते क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्मों में से एक जेप्टो लिमिटेड ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना यूडीआरएचपी-1 (अपडेटेड ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस-1) दाखिल किया है। रेडसीर रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024 से वित्त वर्ष 2026 के बीच ऑर्डर वॉल्यूम के आधार पर स्केल्ड क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्मों में जेप्टो सबसे तेजी से बढ़ने वाला प्लेटफॉर्म रहा है। प्रस्तावित आईपीओ में रु8,010 करोड़ तक का फ्रेश इश्यू तथा रु5 अंकित मूल्य वाले 11,34,66,566 इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) शामिल है। फ्रेश इश्यू से प्राप्त राशि का उपयोग निम्न उद्देश्यों के लिए किया जाएगा:

1. मौजूदा एवं नए भौगोलिक क्षेत्रों में नए डार्क स्टोर्स स्थापित कर नेटवर्क का विस्तार।
2. मौजूदा डार्क स्टोर्स के लीज किराए का भुगतान।
3. प्रौद्योगिकी एवं क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश।
4. ब्रांड जागरूकता और दृश्यता बढ़ाने के लिए जेप्टो मार्केटप्लेस प्राइवेट लिमिटेड में विपणन एवं व्यवसाय प्रोत्साहन गतिविधियों हेतु निवेश।
5. संभावित अधिग्रहणों और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए पूंजी उपलब्ध कराना।

वित्त वर्ष 2024 से 2026 के दौरान जेप्टो का ऑर्डर वॉल्यूम लगभग 119.50■ की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ा, जो उद्योग की वृद्धि दर से काफी अधिक है। कंपनी का मुख्य फोकस क्विक कॉमर्स व्यवसाय है और इसका लक्ष्य ग्राहकों को अत्यंत तेज डिलीवरी उपलब्ध कराना है।

# गुरुकुल शादीपुर मे आर्य वीर दल आवासीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ

**नितिन सिंगला जगाधरी**
स्वामी आत्मानन्द जी महाराज की पावन तपोस्थली *श्रीमद्दयानन्द उपदेशक महाविद्यालय एवं वैदिक साधन आश्रम, गुरुकुल शादीपुर (यमुनानगर)* द्वारा आयोजित *आर्य वीर दल आवासीय प्रशिक्षण शिविर* का शुभारम्भ *माननीय मेयर श्रीमती सुमन बहमनी जी* द्वारा वैदिक विधि से हवन, ध्वजारोहण के साथ सम्पन्न हुआ।
इस अवसर पर यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य कर्मवीर जी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ सम्पन्न कराया तथा अपने उद्बोधन में यज्ञ की महत्ता, उपयोगिता एवं मानव जीवन में उसके महत्व पर प्रकाश डाला।
गुरुकुल के प्रधान श्री मोहित आर्य ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए उनका परिचय कराया तथा गुरुकुल की गतिविधियों एवं उद्देश्यों से उपस्थित जनसमूह को अवगत कराया।
कार्यक्रम का संचालन आचार्य सर्वमित्र आर्य ने किया। उन्होंने आर्य वीर दल के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल एक शिविर का उद्घाटन नहीं, बल्कि भारत के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के महान कार्य का शुभारम्भ है।
उन्होंने बताया कि आज राष्ट्र को ऐसे संस्कारित, चरित्रवान एवं राष्ट्रनिष्ठ युवाओं की आवश्यकता



है जो अपने माता-पिता, समाज और देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में सक्षम हों।
इस अवसर पर गुरुकुल की उपप्रधाना श्रीमती सोनिया पुरी, कोषाध्यक्ष डॉ. पुनीत बंसल, प्रधान मोहित आर्य तथा समस्त प्रबन्ध समिति के सदस्यों ने माननीय मेयर महोदया का गायत्री मंत्र पटका एवं ओ३म् का स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया।
शिविर में आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 135 आर्य वीरों ने सहभागिता की है। यह प्रशिक्षण शिविर दिनांक 13 जून की सायंकाल तक चलेगा। शिविर में प्रतिभागी बालकों को चरित्र निर्माण, शारीरिक शिक्षा, आत्मिक शिक्षा, आत्मरक्षा, राष्ट्रभक्ति, वैदिक संस्कृति, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा माता-पिता, समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।
मुख्य अतिथि श्रीमती सुमन बहमनी जी ने अपने संबोधन में इस प्रकार के संस्कारयुक्त शिविरों की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा की भावना का विकास करते हैं तथा समाज को एक सशक्त दिशा प्रदान करते हैं।
इस अवसर पर गुरुकुल समिति के माननीय राजीव अग्रवाल, गुरुकुल कुरुक्षेत्र के उप प्रधान मास्टर सत्यपाल, रवि अग्रवाल, जति?दर नाथ चंड़ोक, संजीव नरूला, गुरुकुल कुरुक्षेत्र से वेद प्रचार अधिष्ठाता जयपाल आर्य जी, जसविंदर आर्य जी, आचार्य यज्ञदेव शास्त्री, व्यवस्थापक हरीश आर्य, जिला वेद प्रचार मंडल के प्रधान जयपाल आर्य व मंत्री संजय आर्य सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों एवं सैकड़ों श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।
कार्यक्रम का समापन शांति-पाठ एवं सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य, राष्ट्र की उन्नति तथा समाज के कल्याण की मंगलकामनाओं के साथ हुआ।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत अभियान ने बदली देश की तस्वीरः बी.एल. वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** केन्द्रीय सामाजिक न्याय अधिकारिता तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री बी.एल. वर्मा ने पुरानी अनाजमंडी अम्बाला शहर में स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता के बारे लोगों को प्रेरित करने का काम किया। इस मौके पर उनके साथ मेयर अक्षिता सैनी, पूर्व मंत्री असीम गोयल नन्यौला, भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, नगर निगम कमीश्नर विरेन्द्र सहरावत, अतिरिक्त नगर निगम आयुक्त दीपक सूरा विशेष रूप से मौजूद रहें। इस मौके पर केन्द्रीय राज्यमंत्री बी.एल.वर्मा के साथ-साथ अन्य ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता को बनाए रखने का संदेश भी दिया।
केन्द्रीय राज्यमंत्री बी.एल. वर्मा ने इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि अम्बाला में उनका पहला स्वच्छता अभियान कार्यक्रम हैं और इस कार्यक्रम में



नगर निगम के साथ-साथ भाजपा के सभी पार्षदगण व अन्य लोगों ने शामिल होकर स्वच्छता अभियान में अपनी आहूति डाली हैं। उन्होनें कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में वर्ष 2014 में स्वच्छता अभियान शुरू किया गया था। जिसके आज सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होनें कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में इन 12 वर्षो में लोगों का विश्वास बढ़ा है, विकास के नए आयाम स्थापित किए गए है तथा जन कल्याण के कार्य निरंन्तरता में जारी हैं। इतने कार्य हुए है कि लोगों ने इसकी कल्पना भी नहीं की थी।
केन्द्रीय राज्यमंत्री ने इस मौके पर यह भी कहा कि स्वच्छता के साथ-साथ पर्यावरण सरंक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। 5 जून को पूरे देश में विश्व पर्यावरण दिवस के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने बारे जागरूक करने का काम किया गया हैं। उन्होनें यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम से लगाने बारे अभियान चलाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया हैं, इस कार्य के तहत हमें जहां अधिक से अधिक पौधे लगाने है वहीं उसे सिंचने का काम भी करना हैं।

### सिसोठ में भीषण गर्मी में युवा टीम ने लगाई छबील, राहगीरों को पिलाया ठंडा शरबत

**टीम एक्शन इंडिया**
**महेंद्रगढ़।** गांव सिसोठ में दादरी रोड स्टेट हाईवें पर मंगलवार को गांव के युवाओं ने ममाज टीम के सहयोग से राहगीरों के लिए मीठे पानी की छबील लगाई गई। भीषण गर्मी को देखते हुए युवा टीम के सदस्यों ने सुबह आठ बजे से ही ठंडे मीठे शरबत की व्यवस्था की। गांव सिसोठ से दादरी-महेंद्रगढ दिनों साइड रोड से गुजरने वाले सैकड़ों राहगीरों, वाहन चालकों, महिलाओं व बच्चों ने छबील पर रुककर मीठा शरबत पानी पीया और अपनी प्यास बुझाकर गर्मी से राहत पाई। ममाज टीम मुकेश चौहान एवं दीपक राव ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और गर्मी में प्यासे को पानी पिलाना पुण्य का काम है। ग्रामीणों ने युवाओं की इस पहल की बड़ी सराहना करते हुए उनका इस नेक व पुण्य काम करने के लिए धन्यवाद किया!

### 13 वर्षीय नाबालिग युवती लापता, केस दर्ज

**रादौर, 9 जून (कुलदीप सैनी) :** थाना क्षेत्र से 13 वर्षीय नाबालिगा घर से लापता हो गई। पुलिस को दी शिकायत में युवती पिता ने बताया कि उसकी 13 वर्षीय बेटी रात्रि करीब आठ बजे घर से अचानक कहीं चली गई। जिसके बाद हमने उसकी सभी जगहों पर तलाश की लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा। उसका मोबाइल नंबर भी बंद आ रहा है।

## अर्चना गुप्ता 13 को सुबह 9.30 बजे पहुंचेंगी जगाधरी गुप्ता पैलेस में: सपरा

**नितिन सिंगला जगाधरी**
भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा जिला यमुनानगर संगठन की आज एक ऑनलाइन वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिला यमुनानगर के सभी भाजपा वरिष्ठ पदाधिकारी ,जिला पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चों के जिला अध्यक्ष ,मंडल अध्यक्ष, चेयरमैन आदि ने हिस्सा लिया ,बैठक में विशेष रूप से भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के कार्यक्रमों के कलस्टर ईंचार्ज वरिष्ठ भाजपा नेता जवाहर सैनी एवं रवि बतान ने भी भाजपा कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देश अनुसार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अर्चना गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम प्रवास पर जिला यमुनानगर में पहुंच रही हैं उनके स्वागत के लिए जगाधरी के गुप्ता पैलेस में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा



,सभी भाजपा कार्यकर्ता 13 जून को सुबह 9:30 बजे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा भाजपा कार्यकर्ता और आमजन को लेकर पहुंचे। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कार्यक्रम को सफल करने के लिए भाजपा पदाधिकारीओ की डयूटियां लगाई और कहा कि सभी कार्यकर्ता आज से ही जोर-शोर से इस कार्यक्रम की सफलता में जुट जाएं और सोशल मीडिया व मीडिया के माध्यम से जोरदार प्रचार करें । भाजपा नेता रवि बतान ने कहा कि सभी भाजपा पदाधिकारी अपनी भूमिका को समझें और यह सुनिश्चित करें कि जिस कार्यकर्ता की जो जिम्मेदारी लगाई गई है वह जिम्मेदारी पूरी तरह से पूर्ण हो सके इसके लिए वह मेहनत ईमानदारी के साथ कार्य करें वह जल्द ही सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिए जगाधरी आएंगे। वरिष्ठ भाजपा नेता जवाहर सैनी ने कहा कि जिला यमुनानगर के लिए यह बड़ी बात है कि प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता का पहला कार्यक्रम जिला यमुनानगर को मिला है, जिला यमुनानगर संगठन की दृष्टि से पूरे हरियाणा में अलग पहचान रखता है और उन्हें उम्मीद है बीजेपी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रम में जिला यमुनानगर इस गति को और तेज गति से आगे बढ़ाएगा, उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता अनुशासन और संयम में रहकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता का स्वागत करें।

## थाना सेक्टर-17 हुड्डा की टीम ने दो भगोड़े आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नितिन सिंगला जगाधरी**
पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पुलिस द्वारा भगोड़े आरोपियों और बेल जंपर्स की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के दिशा-निदेर्शों पर कार्य करते हुए थाना सेक्टर-17 हुड्डा की टीम ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने न्यायालय द्वारा भगोड़ा घोषित किए गए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के अंतर्गत आगे की कार्रवाई के लिए अदालत में पेश कर दिया है।
पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना प्रबंधक प्रमोद कुमार ने एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने भगोड़े आरोपी राकेश कुमार गुप्ता पुत्र ईश्वर दयाल निवासी फतेहपुर व अशोक कुमार पुत्र रामधारी निवासी चाहड वाला को गुप्त सूचना के आधार पर



सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। दोनो आरोपी अपराधिक मामले में संलिप्त थे और न्यायालय में पेश न होने के कारण उन्हें माननीय अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित कर दिया गया था। आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे थे, लेकिन टीम की सतर्कता और प्रयासों के चलते उन्हें दबोच लिया गया।पुलिस अधीक्षक ने टीम के इस कार्य की सराहना की है और कहा है कि जिले में अपराधियों के खिलाफ यह अभियान भविष्य में भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा, जिससे कानून व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके।

**धरपकड़**
**भगोड़े आरोपियों और बेल जंपर्स की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा**

## जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन: डॉ रामअवतार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पार्षद अनुराग जैन द्वारा दीप प्रज्वलित करके प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। जहाँ जिला सोनीपत के सभी ब्लाकों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम सोनीपत के एस एम हिन्दू स्कूल के प्रांगण में विभिन्न आयु वर्ग 10-18, और 19-55 महिला/पुरुष वर्गों में 45 प्रतिभागियों ने भाग लेकर जिला योगासन प्रतियोगिता को




सफल बनाया। जिसमें आयु वर्ग 10-18 महिला में प्रथम युक्ति, द्वितीय वंशिका और तृतीय प्रियंका ने स्थान प्राप्त किया। आयु वर्ग 19-55 महिला में प्रथम नेहा, द्वितीय रितिका और तृतीय कीर्ति ने स्थान प्राप्त किया। आयु वर्ग 10-18 पुरुषों में प्रथम कृष्ण, द्वितीय तनिष और तृतीय सूर्यकांत ने स्थान प्राप्त किया।
आयु वर्ग 19-55 पुरुषों में प्रथम अंकित, द्वितीय हरिओम और तृतीय अजीत ने स्थान प्राप्त किया।

### बाबा जयरामदास धाम के विकास के लिए श्राईन बोर्ड बनाने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** बाबा जयरामदास मंदिर धाम एवं आसपास के क्षेत्र के सुनियोजित विकास के लिए श्राईन बोर्ड बनाने की मांग करते हुए श्री सुण्डाराम ट्रस्ट के प्रधान संदीप मालड़ा ने हरियाणा के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि बाबा जयरामदास मंदिर की आस्था बढ़ती जा रही है। यहां प्रत्येक माह की एकादशी को हजारों भक्त आते हैं। साथ ही प्रति वर्ष माघ मास की एकादशी को यहां बड़ा मेला लगता है।

## मतदाता सूची को बनाया जाएगा शुद्ध एवं त्रुटिरहित: एसडीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला/बराड़ा:** निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत लघु सचिवालय बराड़ा के सभागार में सभी बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर मुलाना विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं उपमण्डल अधिकारी (ना.) बराड़ा सतीन्द्र सिवाच ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल करना तथा



अपात्र नामों को हटाकर मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाना है। इस अवसर पर उन्होंने सभी को ईमानदारी व लगन से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रक्रिया, निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों, एन्यूमरेशन फार्म भरवाने की व्यवस्था तथा घर-घर सर्वेक्षण से संबंधित सभी पहलुओं पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। बीएलओ को अभियान के दौरान अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं और जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि 15 जून से 14 जुलाई 2026 तक बीएलओ घर-घर जाकर सर्वे करेंगे तथा प्रत्येक मतदाता को एन्यूमरेशन फार्म की दो प्रतियां उपलब्ध करवाएंगे। मतदाताओं को स्वयं हस्ताक्षरित एन्यूमरेशन फार्म भरकर बीएलओ को सौंपना होगा।
इच्छुक मतदाता यह फार्म सीधे निर्वाचक पंजीयन अधिकारी कार्यालय अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय में भी जमा करवा सकते हैं।

**कार्यशाला**
**सभागार में सभी बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई**

## योग प्रोटोकॉल का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करें, किसी प्रकार की चूक न रहे: कुलपति प्रो. धीमान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में योग विभाग की प्रोफेसर डॉ. शीलत सिंगला से योग दिवस से संबंधित प्रस्तावित कार्यक्रमों एवं तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली गई। कुलपति प्रो. धीमान ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को प्रत्येक वर्ष भव्य एवं गरिमामय तरीके से मनाया जाता है। इसलिए इस वर्ष भी कार्यक्रम के सफल



आयोजन के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन विरासत है, जिसे आज पूरी दुनिया अपना रही है। योग दिवस के अवसर पर योग प्रोटोकॉल का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी प्रकार की चूक न रहे, इसके लिए अभी से नियमित रिहर्सल शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन का भी माध्यम है।
बैठक के दौरान कुलपति ने विश्वविद्यालय परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने, हरित वातावरण को और बेहतर बनाने तथा पौधों की सुंदरता एवं रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी संबंधित कर्मचारियों को दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं सुंदर परिसर विश्वविद्यालय की पहचान होता है और योग दिवस जैसे महत्वपूर्ण आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाएं उत्कृष्ट स्तर की होनी चाहिए। कुलपति ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी शिक्षक, अधिकारी व कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। कुलसचिव डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था समय पर सुनिश्चित करेगा। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योग दिवस को यादगार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है ।

## गर्मी के प्रकोप से अस्पताल में बढ़े उल्टी-दस्त के मरीज, चिकित्सकों ने दी विशेष हिदायत

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, (कुलदीप सैनी) :** क्षेत्र में बढ़ती गर्मी और हीट वेव के प्रकोप को देखते हुए रादौर सरकारी अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय परमार ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों, बुजुर्गों तथा मधुमेह, ब्लड प्रेशर व अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचना चाहिए। डॉ. परमार ने बताया कि अब सुबह 11 बजे के बाद ही गर्मी का असर काफी बढ़ जाता है। हीटवेव के कारण अस्पताल में उल्टी-दस्त के



मरीजों की संख्या में भी वृद्धि देखी जा रही है। उन्होंने लोगों को पर्याप्त पानी, ओआरएस, नींबू पानी, लस्सी और रसीले फलों का सेवन करने, सिर ढक कर बाहर निकलने तथा छाते का उपयोग करने की सलाह दी। साथ ही सड़क किनारे खुले खाद्य पदार्थों और अशुद्ध पेयजल से परहेज करने को कहा है। डॉ. परमार ने बताया कि एसी में रहने वाले लोगों को भी नियमित रूप से पानी पीना चाहिए, क्योंकि डिहाइड्रेशन का खतरा वहां भी बना रहता है।

# भारतीय किसान यूनियन अंबावता की बैठक में किसानों की समस्याओं पर मंथन

**मांग**

-- अगवानपुर रेलवे फाटक पर निमार्णाधीन अंडरपास का कार्य जल्द पूरा कराने की मांग उठाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) की बैठक हलका प्रधान बलजीत मलिक की अध्यक्षता में हुई । बैठक में किसानों ने अपनी समस्याएं रखीं। बैठक में किसानों ने अगवानपुर रेलवे फाटक पर निमार्णाधीन अंडरपास का कार्य जल्द पूरा कराने की मांग उठाई। किसानों ने कहा कि निर्माण कार्य में देरी के कारण आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा गन्नौर रेलवे रोड पर बने गहरे गड्ढों को भरवाने, धान सीजन को देखते हुए किसानों को डीएपी एवं यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने की मांग भी रखी गई। बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में बरसात के दौरान सड़कों पर जलभराव की समस्या का भी समाधान करने की मांग उठाई गई।



बलजीत मलिक ने कहा कि किसानों की सभी मांगों को संबंधित विभागों और प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से उठाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 10 से 12 जून तक हरिद्वार में किसान चिंतन शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देशभर के किसान भाग लेकर कृषि और किसान हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इस मौके पर बैठक में जयभगवान मलिक, राजेंद्र, रामभजन, भीम, प्रकाश, जगवीर, विजेंद्र सहित अनेक किसान मौजूद थे।

# राजलूगढ़ी आईटीआई में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के तहत योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**प्रशिक्षण शिविर**

योग दिवस के उपलक्ष्य में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) राजलूगढ़ी में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम आयुष विभाग हरियाणा एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी सोनीपत के निदेर्शानुसार आयोजित किया गया। शिविर में आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी (एएमओ) डॉ. दिनेश दत्त, योग प्रशिक्षक धीरज कुमार एवं पूजा ने संस्थान के छात्र-छात्राओं तथा स्टाफ सदस्यों को विभिन्न योगासनों और प्राणायाम का अभ्यास करवाया। डॉ. दिनेश दत्त ने विद्यार्थियों को योग के महत्व के बारे में बताया। संस्थान के इंचार्ज अशोक कुमार ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति स्वस्थ, ऊर्जावान और तनावमुक्त जीवन जी सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ अनुदेशक सत्येंद्र दहिया, आईईसी इंचार्ज तेजेंद्र सिंह आदि स्टाफ सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## न्यूज फ्लैश

### एआई+ स्मार्टफोन ने नोवा2 नियो और प्रो की समीक्षा बिक्री से पहले लॉन्च को ओपन ट्रायल में बदला

**गुड़गांव 8 जून2026 :** भारतीय स्मार्टफोन उद्योग में अपनी तरह की पहली पहल करते हुए एआई+ स्मार्टफोन ने घोषणा की है कि वह अपने आगामी नोवा2 नियो और नोवा2 प्रो स्मार्टफोन को बिक्री शुरू होने से पहले ही देशभर के रिव्यूअर्स, कंटेंट क्रिएटर्स, पत्रकारों और टेक्नोलॉजी समुदाय के सदस्यों को उपलब्ध कराएगा, ताकि वे इन डिवाइसेज की खुलकर समीक्षा कर सकें और अपनी निष्पक्ष राय दे सकें। ऐसे समय में जब उद्योग आमतौर पर लॉन्च इवेंट्स पर केंद्रित रहता है, एआई+ स्मार्टफोन ने अलग रास्ता चुना है, जहाँ प्रचार से पहले संवाद, बिक्री से पहले फीडबैक और मार्केटिंग से पहले उपभोक्ताओं को महत्व दिया जा रहा है।

एआई+ स्मार्टफोन के सीईओ और एनएक्सटीक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीस के संस्थापक माधव शेठ ने कहा, ह्लऐसे समय में जब प्रोडक्ट लॉन्च के साथ अक्सर पहले से तय और नियंत्रित संदेश पेश किए जाते हैं, एआई+ एक अलग सोच के साथ आगे बढ़ रही है, जिसमें लॉन्च के दिन की मार्केटिंग से ज्यादा उपभोक्ताओं के हित को प्राथमिकता दी जाती है। हमें सिर्फ तारीफ नहीं चाहिए, बल्कि उपयोगकताओं के हित में ईमानदार और निष्पक्ष फीडबैक चाहिए ।ह्व

कंपनी की ओर से किसी तरह की कोई रोक-टोक नहीं होगी। न कोई रिव्यू गाइडलाइन होगी, न पहले से तय संदेश और न ही कोई नियंत्रित लॉन्च अनुभव। सबसे खास बात यह है कि जब तक समीक्षकों को अपनी राय साझा करने के लिए सात दिन का समय नहीं मिल जाता, तब तक ये स्मार्टफोन बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। समीक्षकों को डिवाइस के हर पहलू को परखने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसमें हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर प्रदर्शन से लेकर कैमरा, बैटरी लाइफ, डेटा ट्रांसफर, भरोसेमंद प्रदर्शन और समग्र यूजर अनुभव तक सब कुछ शामिल होगा।माधव शेठ ने आगे कहा, 'एक युवा ब्रांड के रूप में हम हर दिन सीख रहे हैं, खुद को बेहतर बना रहे हैं और उपभोक्ताओं का भरोसा जीतने की कोशिश कर रहे हैं। अगर हमसे कहीं कोई कमी रह गई है, तो हम चाहेंगे कि समीक्षक हमें उसके बारे में पहले बताएँ, इससे पहले कि उपभोक्ता अपना पैसा खर्च करें। यही वजह है कि नोवा2 नियो और नोवा2 प्रो को तब तक बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं कराया जाएगा, जब तक यह फीडबैक अवधि पूरी नहीं हो जाती। उपकरण मिलने के 7 दिनों के भीतर समीक्षक अपने विचार पूरी स्वतंत्रता के साथ प्रकाशित कर सकेंगे। चाहे प्रतिक्रिया सकारात्मक हो, आलोचनात्मक हो या दोनों के बीच की कोई भी राय हो, ब्रांड उसे पारदर्शिता और लगातार सुधार की अपनी प्रतिबद्धता का हिस्सा मानते हुए स्वीकार करेगा। सभी समीक्षाएँ ब्रांड की वेबसाइट पर रियल-टाइम में सभी के लिए उपलब्ध होंगी। यह पहल एआई+ स्मार्टफोन की उस सोच को दशार्ती है, जिसके अनुसार तकनीक का भविष्य जवाबदेही, पारदर्शिता और लोगों की बात सुनने की इच्छा पर आधारित होना चाहिए।

### टाटा एआईजी का नया मेडिकेयर रिजर्व, रु 5 करोड़ तक के कवरेज के साथ एक लचीला सुपर टॉप-अप प्लान

**गुरुग्राम।** टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने 'मेडिकेयर रिजर्व' लॉन्च किया है। यह एक नया और आधुनिक स्वास्थ्य बीमा समाधान है। यह प्लान एक सुपर टॉप-अप स्ट्रक्चर पर बना है। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसका वेवर ऑफ एग्रीगेट डिडक्टिबल का अनोखा फायदा है। इसके तहत, जो पॉलिसीधारक इसके योग्य होंगे, वे लगातार 5 साल तक पॉलिसी चलाने के बाद किसी नए मेडिकल टेस्ट या दोबारा कागजी जांच के बिना, सीधे एक पूरी सुरक्षा देने वाली हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी में बदल सकते हैं। इसमें एग्रीगेट डिडक्टिबल चुनने के लिए रु 3 लाख से लेकर रु 50 लाख तक और कुल बीमा राशि चुनने के लिए रु 5 लाख से लेकर रु 5 करोड़ तक के विकल्प मिलते हैं। मेडिकेयर रिजर्व में ट्रांसीकेयर वॉलेट की भी सुविधा है। एक वैकल्पिक लाभ है और नौकरी बदलने के दौरान आपको आर्थिक सुरक्षा देता है। इसके अलावा, इस प्लान में पॉकेट प्रोटेक्ट शामिल है, जो लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान जेब से होने वाले खर्चों को संभालने में मदद करता है, और अस्पताल में भर्ती होने के दौरान होने वाले चुनिंदा गैर-मेडिकल खर्चों के लिए कंज्यूमबल्स बेनिफिट भी मिलता है।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की : कौशिक

**उपलब्धियां**

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल कौशिक ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल कौशिक ने भारत विकास परिषद गन्नौर शाखा के सदस्यों के साथ संवाद किया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, सुशासन, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसान हित एवं आत्मनिर्भर भारत जैसे विषयों पर चर्चा की गई। मोहनलाल कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है और भारत विश्व स्तर पर नई पहचान बना रहा है। उन्होंने भारत विकास परिषद के सेवा, संस्कार और सामाजिक जागरण से जुड़े कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर योगेश कौशिक, विकास भगवती, निशा कौशिक, राजकुमार अग्रवाल, अंकित त्यागी, मनीषा जैन, भावना, अमित बत्रा, डॉ. राजेश शर्मा, नरेंद्र पतंजलि, संदीप जैन, दीपिका शर्मा, अलका गुप्ता, निशि पाहुजा, चारु चांदना और राजेश चौहान सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

# मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने पर खरखौदा में भाजपा टीम का जनसंपर्क अभियान

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर मंगलवार को खरखौदा में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। पूर्व भाजपा प्रत्याशी मीना नरवाल व उनकी की टीम द्वारा खरखौदा सब्जी मंडी में महिलाओं से मुलाकात कर मोदी सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाया गया। टीम ने महिलाओं को केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही उज्ज्वला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री आवास योजना, जन धन योजना और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मीना नरवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते 12 वर्षों में देश को विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर किया है। गरीब, महिला, किसान और युवा हर वर्ग को योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश की छवि वैश्विक स्तर पर मजबूत की है और हर घर तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने का काम किया है।

# गुरु साहिब अर्जुन देव जी का शहीदी पर्व 18 को डेरा कारसेवा गुरुद्वारे में

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** सिखों के गुरु साहिब श्री गुरु अर्जुन देव जी का शहीदी पर्व 18 जून को डेरा कारसेवा में धार्मिक कार्यक्रमों तथा गुरमत समागम के साथ मनाया जाएगा। शहीदी पर्व गुरु पर्व प्रबंधक कमेटी डेरा कारसेवा करनाल द्वारा पंथ प्रचारक बाबा सुक्खा सिंह डेरा प्रमुख डेरा कारसेवा के विशेष सहयोग से मनाया जाएगा। गुरु पर्व प्रबंधक कमेटी के महासचिव सरदार इंद्रपाल सिंह ने बताया कि शहीदी पर्व पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी के लिए गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के प्रधान वरिंद्र सिंह ने की। इस अवसर पर रतन सिंह गुरपाल सिंह डोनी, हरमीत सिंह हैप्पी तथा तेजेंद्र सिंह डोनी मौजूद रहे।

सरदार इंद्रपाल सिंह डोनी ने बताया कि 18 जून को सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक तथा सायं साढ़े छह बजे से रात साढ़े दस बजे तक गुरमति समागम होगा। इस अवसर पर रागी ढाडी जत्थे गुरु की महिमा का गुणगान करेंगे।

# ओपन रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट में लव गुलिया ने जीता कांस्य पदक

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । गांव पुरखास के युवा पहलवान लव गुलिया ने उत्तर प्रदेश के गोंडा में 6 से 8 जून तक आयोजित ओपन रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-17 वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। लव गुलिया की इस उपलब्धि से गांव पुरखास और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। लव गुलिया अर्जुन अवार्डी पहलवान रमेश गुलिया के पुत्र हैं, जो हरियाणा पुलिस में डीएसपी के पद पर कार्यरत हैं। प्रतियोगिता में देशभर के प्रतिभाशाली पहलवानों ने भाग लिया। लव गुलिया ने



पदक की राह में कुल पांच मुकाबले खेले। पहले मुकाबले में उन्होंने महाराष्ट्र के पहलवान को हराकर जीत के साथ शुरूआत की। इसके बाद दूसरे और तीसरे मुकाबले में हरियाणा के पहलवानों को पराजित कर अपनी दावेदारी मजबूत की। चौथे मुकाबले में उन्हें उत्तर प्रदेश के पहलवान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

इसके बाद उन्होंने वापसी करते हुए पांचवें मुकाबले में हरियाणा के पहलवान को हरा कर कांस्य पदक अपने नाम किया। ग्रामीणों, खेल प्रेमियों और परिवार के सदस्यों ने लव गुलिया को बधाई देते हुए भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन की कामना की।

# बाबैन के बाजार मे छबील लगाकर लोगों को ठंड़ा मीठा पानी पिलाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**बाबैन, 9 जून (विजय कौशिक):** बाबैन बाजार मे दुकानदारों ने मीठे पानी की छबील लगाकर लोगों को ठंड़ा मीठा पानी पिलाया जिसमें काफी संख्यां मे आने जाने वाले लोगों ने ठण्ड़ा जल पीकर गर्मी से राहत महसूस की। इस अवसर पर कैमिस्ट एसोसिएशन के सदस्य विपिन रावल ने कहा कि गर्मी के मौसम में सामूहिक रुप से मिलकर लोगों को मीठा पानी पिलाना पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि हमें इस तरह के सामाजिक व धार्मिक कार्यों मे बढ़-चढ़ कर सहयोग करना चाहिए।

# संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत : पराग गाबा

**मंथन**

बूथ स्तर तक संगठन विस्तार, मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान पर हुआ मंथन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला कांग्रेस कमेटी शहरी की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक जिला अध्यक्ष पराग गाबा के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कार्यकताओं ने भाग लिया।



बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष पराग गाबा ने बताया कि हाल ही में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन को मजबूत करने, बूथ स्तर तक पार्टी की पहुंच बढ़ाने तथा मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्रदेश नेतृत्व का स्पष्ट उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर तक और अधिक सशक्त बनाना तथा पार्टी की विचारधारा एवं जनहितकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाना है।

बैठक के दौरान मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। पराग गाबा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकताओं को बूथ स्तर तक सक्रिय होकर कार्य करना होगा तथा ब्लॉक स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाना होगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान के दौरान संबंधित अधिकारियों, बूथ स्तरीय अधिकारियों तथा प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पात्र मतदाता अपने लोकतांत्रिक अधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे पूरी एकजुटताए सक्रियता और प्रतिबद्धता के साथ मैदान में उतरें तथा संगठन की ताकत को जमीनी स्तर पर प्रदर्शित करें।

# नशा तस्करों पर जिला पुलिस करनाल का बड़ा प्रहार

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिला पुलिस द्वारा अवैध नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मई माह में लगातार प्रभावी कार्रवाई करते हुए नशा तस्करी के नेटवर्क पर कड़ा प्रहार किया गया। जिला पुलिस की विभिन्न इकाइयों, सीआईए टीमों, एंटी नारकोटिक सेल तथा थाना पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से चलाए गए अभियान के दौरान कई महत्वपूर्ण सफलताएं हासिल की गई हैं।

माह मई 2026 के दौरान जिला पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज 16 मामलों में कार्रवाई करते हुए 28 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा की गई सख्त कार्रवाई के परिणामस्वरूप बड़ी मात्रा में विभिन्न प्रकार के नशीले पदार्थ बरामद किए गए जिनमें पोस्ता भूसा 86.162 किलोग्राम, गांजा पत्ती 2.266 किलोग्राम, स्मैक 746 ग्राम, नशीली दवाइयां 233 ग्राम, नशीले कैप्सूल 240, शामिल हैं। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई है। मामलों की गहन जांच जारी है तथा नशा तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# गन्नौर चैंपियंस ने गन्नौर रॉयल्स को 14 रन से हराकर पुरस्कार व ट्रॉफी पर किया कब्जा

**जीपीएल**

मुख्य अतिथि भाजपा नेता माईराम कौशिक, निशांत छोक्कर तथा रजनी शर्मा रही

**गन्नौर** । रौनक पब्लिक स्कूल क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित गन्नौर प्रीमियर लीग (जीपीएल) सीजन-1 का रोमांचक समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में गन्नौर चैंपियंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गन्नौर रॉयल्स को 14 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को एक लाख रुपये नकद पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता टीम को 70 हजार रुपये का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा नेता माईराम कौशिक, निशांत छोक्कर तथा रौनक पब्लिक स्कूल की प्राचार्या रजनी शर्मा उपस्थित रहीं। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों को अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।




टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए गन्नौर चैंपियंस ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 87 रन बनाए। टीम की ओर से अंश कुमार ने 34 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली, जबकि रौनक ने नाबाद 16 और संचित लूथरा ने नाबाद 11 रन बनाए। गन्नौर रॉयल्स की ओर से रुदेर सैनी और हर्ष रापड़िया ने दो-दो विकेट लिए। 88 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गन्नौर रॉयल्स की टीम 19.2 ओवर में 73 रन पर सिमट गई। ईमेल ने 19, दक्ष गुलाटी ने 16 और कार्तिक शरावत ने 14 रन बनाए। गन्नौर चैंपियंस के गेंदबाज तेजस कंवल ने मात्र छह रन देकर चार विकेट झटककर मैच का रुख बदल दिया। पूरे टूर्नामेंट में आठ टीमों ने भाग लिया आयोजन समिति, आरपीएस स्पोर्ट्स क्लब और रौनक पब्लिक स्कूल परिवार ने सभी खिलाड़ियों, अतिथियों, अभिभावकों, कोचों, प्रायोजकों और खेल प्रेमियों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# भोगीपुर से बड़ी औद्योगिक क्षेत्र तक 11 केवी लाइन बिछाने का विरोध, ग्रामीणों ने मांगा समय

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । भोगीपुर पावर हाउस से बड़ी औद्योगिक क्षेत्र पावर हाउस तक 11 केवी बिजली लाइन शिफ्ट करने की विद्युत निगम की योजना का ग्रामीणों ने विरोध करते हुए कार्य रुकवा दिया। निगम की ओर से दोनों पावर हाउसों के बीच वैकल्पिक बिजली आपूर्ति व्यवस्था मजबूत करने के लिए नई लाइन बिछाई जा रही है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर एक पावर हाउस का लोड दूसरे पर स्थानांतरित किया जा सके और उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सके। ग्रामीणों के विरोध की



सूचना मिलने पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं पंचायती राज विभाग के एसडीओ विपुल छोक्कर, पुलिस कर्मियों तथा विद्युत निगम के शहरी एसडीओ सतीश गोयत मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उन्हें योजना की जानकारी दी और इसके लाभ समझाए। अधिकारियों ने बताया कि लाइन बिछने के बाद भोगीपुर पावर हाउस से जुड़े गांवों को भी इसका लाभ मिलेगा। यदि किसी कारणवश भोगीपुर पावर हाउस की बिजली आपूर्ति प्रभावित होती है तो बड़ी औद्योगिक क्षेत्र पावर हाउस से सप्लाई दी जा सकेगी। इसी प्रकार बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में किसी तकनीकी समस्या या अधिक लोड की स्थिति में भोगीपुर पावर हाउस से बिजली उपलब्ध कराई जा सकेगी। इससे दोनों क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को बेहतर और अधिक विश्वसनीय बिजली आपूर्ति मिलेगी। अधिकारियों की बात सुनने के बाद ग्रामीणों ने मामले पर विचार-विमर्श के लिए एक सप्ताह का समय मांगा।

## न्यूज फ्लैश

### मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाए मीडिया : एसडीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**




**पलवल।** एसडीएम एवं निर्वाचन अधिकारी पलवल भूपेंद्र सिंह ने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण लोकतंत्र को मजबूत बनाने की एक महत्वपूर्ण संवैधानिक प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, अद्यतन एवं पारदर्शी बनाना है ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर प्राप्त हो सके।

एसडीएम भूपेंद्र सिंह मंगलवार को लघु सचिवालय पलवल में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के संबंध में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। एसडीएम ने मीडिया प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि वे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित इस विशेष अभियान की जानकारी आमजन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं, जिससे अधिक से अधिक पात्र नागरिक इस प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची अत्यंत आवश्यक है।

एसडीएम भूपेंद्र सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर-2026 के लिए 1 जुलाई 2026 को क्वालिफाइंग डेट निर्धारित की गई है। निर्धारित कार्यक्रमानुसार 14 जून 2026 तक प्रशिक्षण गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसके उपरांत 15 जून से 14 जुलाई 2026 तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर सत्यापन कार्य करेंगे तथा गणना प्रपत्रों का वितरण एवं संग्रहण करेंगे।

एसडीएम ने बताया कि इस दौरान मतदान केंद्रों का पुनर्गठन भी किया जाएगा, जिसकी प्रक्रिया 14 जुलाई तक पूर्ण होगी। इसके उपरांत 21 जुलाई 2026 को प्रारूप (ड्राफ्ट) मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। ड्राफ्ट सूची के प्रकाशन के बाद नागरिक 21 जुलाई से 20 अगस्त 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत कर सकेंगे। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण 18 सितंबर 2026 तक किया जाएगा तथा 22 सितंबर 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी।

एसडीएम ने स्पष्ट किया कि यह प्रक्रिया केवल नाम हटाने के लिए नहीं है, बल्कि नए पात्र मतदाताओं को जोड़ने, मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के विवरण को अद्यतन करने तथा मतदाता सूची को वास्तविक स्थिति के अनुरूप बनाने के लिए की जाती है। समय के साथ अनेक लोग नए स्थानों पर निवास करने लगते हैं, कुछ नागरिक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर नए मतदाता बनते हैं तथा कुछ मतदाताओं के विवरण में संशोधन की आवश्यकता होती है। विशेष गहन पुनरीक्षण के माध्यम से इन सभी तथ्यों का सत्यापन किया जाता है।

एसडीएम भूपेंद्र सिंह ने बताया कि बीएलओ द्वारा प्रत्येक घर तक पहुंचकर सत्यापन किया जाएगा तथा निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर मतदाता विवरण का मिलान किया जाएगा। सत्यापन के बाद तैयार ड्राफ्ट मतदाता सूची पर कोई भी पात्र नागरिक निर्धारित अवधि में दावा अथवा आपत्ति दर्ज कर सकता है।

सभी दावों एवं आपत्तियों की निष्पक्ष सुनवाई के बाद ही अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की पूरी प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, नियमबद्ध एवं जनसहभागिता आधारित है।

# छाता में गठबंधन का सियासी पेंच

**दिलचस्प मोड़**

छाता विधानसभा की राजनीति इन दिनों एक दिलचस्प मोड़ पर खड़ी दिखाई दे रही है।

**टीम एक्शन इंडिया**
**लोकेश चौधरी**



**मथुरा।** छाता विधानसभा की राजनीति इन दिनों एक दिलचस्प मोड़ पर खड़ी दिखाई दे रही है। भाजपा-रालोद गठबंधन के बीच सीट बंटवारे को लेकर भले ही अभी कोई आधिकारिक घोषणा न हुई हो, लेकिन क्षेत्र में दो बड़े नाम लगातार चर्चा के केंद्र में हैं। एक तरफ प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी हैं, तो दूसरी तरफ रालोद के वरिष्ठ नेता ठाकुर तेजपाल सिंह।दिलचस्प बात यह है कि दोनों नेता गठबंधन के ऐसे समीकरण में बंधे हुए हैं, जहां खुलकर राजनीतिक आक्रामकता दिखाना आसान नहीं है। किसी बड़े मुद्दे या विवाद पर तेजपाल सिंह विपक्षी तेवर अपनाना चाहते हैं, लेकिन गठबंधन की मर्यादाएं उन्हें संभलकर बोलने के लिए मजबूर कर देती हैं। हाल ही में बरसाना प्रकरण के दौरान भी उनका रुख इसी संतुलन का उदाहरण माना गया।दूसरी ओर, तेजपाल सिंह लगातार यह दावा करते रहे हैं कि आगामी विधानसभा चुनाव में छाता सीट रालोद के खाते में आएगी और वे ही पार्टी के उम्मीदवार होंगे। रालोद नेतृत्व की ओर से भी समय-समय पर ऐसे संकेत दिए गए हैं, हालांकि अंतिम फैसला अभी बाकी है।

उधर, लक्ष्मी नारायण चौधरी भी पहले गठबंधन को लेकर अपनी स्पष्ट राय जाहिर कर चुके हैं। उनका वह बयान काफी चचाओं में रहा था, जिसमें उन्होंने कहा था कि रालोद के साथ गठबंधन से भाजपा को नुकसान हुआ है। इस बयान पर राजनीतिक गलियारों में काफी चर्चा हुई और पार्टी नेतृत्व की नाराजगी की खबरें भी सामने आई थीं। हालांकि बाद में मामला शांत हो गया।

राजनीतिक विश्लेषकों की नजर में छाता विधानसभा की सबसे बड़ी पहेली यह है कि अब तक इन दोनों नेताओं के अलावा कोई तीसरा मजबूत दावेदार प्रभावी रूप से सामने नहीं आया है। ऐसे में चुनावी मुकाबला फिलहाल इन्हीं दो चेहरों के इर्द-गिर्द घूमता दिखाई देता है।

यदि भविष्य में यह सीट भाजपा के खाते में जाती है, तो तेजपाल सिंह के सामने राजनीतिक चुनौती खड़ी हो सकती है। गठबंधन की स्थिति में उनके लिए बिना अधिकृत चुनाव चिन्ह के मैदान में उतरना आसान नहीं होगा। वहीं, ऐसी स्थिति में लक्ष्मी नारायण चौधरी का पलड़ा अपेक्षाकृत भारी दिखाई दे सकता है, भले ही वे लंबे समय से सत्ता में रहने के कारण एंटी-इनकम्बेंसी का सामना कर रहे हों।

## ब्रहमचारी मुख्य सड़क पर सीवर का ढक्कन क्षतिग्रस्त होने से वाहन चालकों को उठानी पड़ रही परेशानी

**टीम एक्शन इंडिया**

**महेंद्रगढ़।** शहर के ब्रह्मचारी सड़क मार्ग पर सुशीला बच्चों के अस्पताल के पास सीवर का ढक्कन क्षतिग्रस्त होने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के बीचों-बीच स्थित यह क्षतिग्रस्त सीवर करीब दो दिन से दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है, लेकिन संबंधित विभाग की ओर से अभी तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है।

जानकारी के अनुसार, ब्रहमचारी सड़क मार्ग पर सुशीला बच्चों के अस्पताल के पास सीवर का ढक्कन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है, जिससे सड़क पर एक बड़ा और खतरनाक गड्ढा बन गया है। दिन के समय तो वाहन चालक किसी तरह सावधानी बरतकर निकल जाते हैं, लेकिन रात के समय यह स्थान बेहद जोखिमभरा साबित हो रहा है। पर्याप्त रोशनी के अभाव में कई दोपहिया वाहन चालक अचानक गड्ढे के पास पहुंच जाते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। हालांकि आसपास के लोगों ने चेतावनी संकेत के तौर एक लकडी लगाई हुई हैं।

स्थानीय दुकानदारों और निवासियों ने बताया कि पिछले दो दिनों में कई बाइक सवार संतुलन खोकर गिर चुके हैं। हालांकि अभी तक कोई गंभीर हादसा नहीं हुआ है, लेकिन यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

## केडी डेंटल कॉलेज में आधुनिक जांच तकनीकों पर हुई गंभीर मंत्रणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** राधे-राधे उद्घोष के साथ के.डी. डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में इंडियन एसोसिएशन ऑफ ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल पैथोलॉजिस्ट्स के 23वें राष्ट्रीय पोस्ट ग्रेजुएट कन्वेंशन का समापन हो गया। तीन दिन के इस राष्ट्रीय स्नातकोत्तर ओरल पैथोलॉजी सम्मेलन में देश के कोने-कोने से आए 500 से अधिक पोस्ट-ग्रेजुएट डेलिगेट्स और वरिष्ठ संकाय सदस्यों ने अपने-अपने तरीके से बदलते दंत चिकित्सा स्वरूप और जांच तकनीकों पर प्रकाश डाला। सम्मेलन के मुख्य वैज्ञानिक सत्रों में ओरल पैथोलॉजी को क्लीनिकल प्रैक्टिस से जोड़ने पर विशेष बल दिया गया।

केडी विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर मनोज अग्रवाल, कुलपति डॉ. मनेष लाहौरी, इंडियन एसोसिएशन ऑफ ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल पैथोलॉजिस्ट्स के अध्यक्ष डॉ. नदीम जैदी, सचिव डॉ. गुरुराज और कोषाध्यक्ष डॉ. ललित प्रकाश चंद्र ने स्नातकोत्तर सम्मेलन की प्रशंसा करते हुए देशभर से आए पोस्ट-ग्रेजुएट डेलिगेट्स और वरिष्ठ संकाय सदस्यों के अनुभवों को अमूल्य बताया। प्रो-चांसलर मनोज अग्रवाल ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा में नवाचार और कौशल विकास बहुत जरूरी है। यह सम्मेलन दंत चिकित्सा क्षेत्र में कुछ नया करने की प्रेरणा देगा। कुलपति डॉ. मनेष लाहौरी ने कहा कि सम्मेलन में तीन दिन तक विशेषज्ञों ने जो सुझाव दिए, उन पर प्रत्येक भावी दंत चिकित्सक को अमल करना चाहिए।

के.डी. डेंटल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल की प्राचार्या डॉ. नवप्रीत कौर ने सम्मेलन की सराहना करते हुए कहा कि इस मंच पर साझा किए गए विचार और शोध देश में ओरल कैंसर एवं अन्य जटिल मुख विकारों की शुरूआती पहचान (अर्ली डायग्नोसिस) तथा इलाज में मील का पत्थर साबित होंगे।

## पानीपत में विकास नगर में मनाया गया बिसरा मुंडा का बलिदान दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, 9 जून (बिजेंद्र सिंह)।** विकास नगर एनएफएल की परशुराम धर्मशाला भवन में महान क्रांतिकारी बिसरा मुंडा का 127वां बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक कल्याण संगठन हरियाणा जिला पानीपत के अध्यक्ष राजवीर शर्मा ने कहा कि यह देश सभी ज्ञात अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों और बलिदानियों का हमेशा ऋणी रहेगा, जिन्होंने इस देश को आजाद करवाने में अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। महान स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की देशभक्ति और धैर्य को विश्व युगों तक याद रखेगा। महान क्रांतिकारी बिरसा मुंडा ने अपने समुदाय को इका करके जमीदारों और अंग्रेजों की शोषण नीति के खिलाफ गोरिल्ला युद्ध शुरू किया।

## डेरा सच्चा सौदा की अनुयायी माता का मरणोपरांत परिजनों ने किया शरीर दान

**टीम एक्शन इंडिया**
**डॉ नैब सिंह मंडेर**

**रतिया,9 जून** :डॉ गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां की पावन शिक्षाओं पर चलते हुए रतनगढ़ ब्लॉक के गांव बबनपुर के एक डेरा श्रद्धालु परिवार ने अपने पारिवारिक सदस्य के निधन के बाद उनके पार्थिव शरीर को चिकित्सा अनुसंधान के लिए दान कर सराहनीय कार्य किया है।।



जानकारी के अनुसार गांव बबनपुर निवासी 86 वर्षीय माता शांति देवी इन्सां ने पूज्य गुरु संत डॉ गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां की पावन शिक्षाओं का चलते हुए जीते जी मरणोपरांत शरीरदान करने का निर्णय लिया था। उनके इस संकल्प को पूरा करते हुए उनकी बेटी सुनीता देवी, भतीजे ईश्वर चंद, मेघराज, कृष्ण कुमार, राकेश इन्सां, रमेश इन्सां, सुलोचना देवी इन्सां, पोत्रे अनमोल बंसल, धिरेश बंसल, कमल इन्सां, राजेंद्र इन्सां, अमानत, जितेंद्र, टिंकू तथा अन्य परिजनों ने उनके पार्थिव शरीर को मेडिकल रिसर्च हेतु मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज मुजफ्फरनगर में दान कर दिया। मृतक के निवास स्थान से परिजनों, रिश्तेदारों, शाह सतनाम जी ग्रीन एस वैल्फेयर कमेटी के सेवादारों, क्षेत्रवासियों तथा बड़ी संख्या में साध संगत ने शरीरदानी माता शांति देवी इन्सां अमर रहे और शरीरदान महादान के नारों के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी। 86 वर्षीय शरीरदानी माता शांति देवी की आत्मिक शांति के लिए नाम चर्चा बुढ़लाडा रोड जैन समाधि धर्मशाला रतिया में 18 जून वीरवार, समय 1 बजे से लेकर 2 तक आयोजित होगी। इस मौके पर हरियाणा स्टेट के सच्चे नम्र सेवादार हरदीप सिंह इन्सां, ब्लॉक रतनगढ़ के प्रेमी सेवक जगजीवन, जसवीर प्लाट, प्रीत, जसवीर सूबेदार, रवि, डॉक्टर सतनाम, दलवीर, प्रेमी सेवक गुरजंट, सरदूल, भूषण बंसल, नैब, तेजा, प्यारेलाल सरपंच, मिट्ठु, लोकचंद, आशा, गरनैब, शाह सतनाम जी ग्रीन एस संगठन के सेवादार भाई बहन उपस्थित थे।

## प्रशासन की अनदेखी के विरोध में शहीद भगत सिंह संगठन समिति ने चलाया सफाई अभियान

**सफाई अभियान**

पार्कों की सफाई को लेकर कई बार नगर परिषद हांसी के अधिकारियों से गुहार लगाई गई,

**टीम एक्शन इंडिया**

**हांसी(दिनकर गावड़ी)**:झ शहीद भगत सिंह संगठन समिति के सदस्यों ने प्रशासन द्वारा लंबे समय से सफाई व्यवस्था की ओर ध्यान नहीं दिए जाने के विरोध में शहीद भगत सिंह पार्क और शहीद मदन लाल ढींगड़ा पार्क में स्वयं सफाई अभियान चलाया। यह जानकारी समिति के प्रधान सरदार कृष्ण इलावादी ने प्रेस को जारी बयान में दी।




उन्होंने कहा कि पार्कों की सफाई को लेकर कई बार नगर परिषद हांसी के अधिकारियों से गुहार लगाई गई, लेकिन आज तक एक भी सफाई कर्मचारी पार्कों की सफाई के लिए नहीं भेजा गया। इसके चलते संगठन के सदस्यों को स्वयं सफाई व्यवस्था संभालनी पड़ी।

महिला प्रधान शमां मल्होत्रा ने कहा कि जब किसी सफाई ठेके की अवधि समाप्त होने वाली होती है तो नगर परिषद को समय रहते नया ठेका जारी कर देना चाहिए, ताकि सफाई व्यवस्था प्रभावित न हो। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

किशोरी नागपाल ने आरोप लगाया कि पार्क निर्माण करने वाला ठेकेदार अधिकारियों की मिलीभगत से भुगतान लेकर चला गया, जबकि पार्क का काम आज भी अधूरा पड़ा है। उन्होंने कहा कि पार्क में लगी कई लाइटें खराब हैं, फव्वारा बंद पड़ा है और सुविधाएं बदहाल हैं, लेकिन अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

सन्नी नायक ने कहा कि पार्क में न तो माली की व्यवस्था है और न ही चौकीदार की, जिसके कारण पार्क के रखरखाव की जिम्मेदारी स्थानीय बाजार के लोगों को उठानी पड़ रही है।

समिति के प्रधान सरदार कृष्ण इलावादी ने प्रशासन से पार्कों की सभी कमियों को जल्द दूर करने की मांग करते हुए कहा कि पार्क में लगी टूटी कुर्सियों की मरम्मत, फव्वारे को चालू करने, खराब लाइटों को ठीक करने तथा नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए।

इस अवसर पर हमेश खुराना, रवि, मलकियत, सन्नी नायक, शमां मल्होत्रा, वीरेन्द्र तनेजा, शमशेर, केशू, किशोरी नागपाल, रोहित, हन्नी, केशव धमीजा, सोनू खट्टर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## चीका मंडी में अज्ञात चोरों द्वारा सोना व चांदी के गहनों सहित नकदी व सामान लेकर फरार

टीम एक्शन इंडिया
**प्रमोद भार्गव,**

**गुहला चीका।** बीती रात यहां चीका मंडी में अज्ञात चोरों द्वारा एक आढ़ती के घर से सोने व चांदी के गहने, 22 लाख रुपए नकदी व अन्य सामान चोरी करके फरार होने का समाचार मिला है। चोरी की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस व सीआईए पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। चोरी का शिकार हुए संबंधी आढ़ती ने बताया कि वह चोरी वाली रात को दिन में दोपहर को अपने परिवार सहित चीका से बाहर अपनी बीमारी के चलते अपने टेस्ट करवाने के लिए गया था, जिसके बारे में किसी को भी कुछ नहीं पता था। आज सुबह उसके पास किसी व्यक्ति का फोन आया कि उसके घर में सारा सामान बिखरा पड़ा है, जिसके बाद वह तुरंत चंडीगढ़ से चीका के लिए चल दिया और जैसे ही उसने अपने घर में प्रवेश किया, तो उसने देखा कि घर में सारा सामान बिखरा पड़ा है और अलमारी आदि के ताले टूटे पड़े हैं। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस व सीआईए पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। चोरी हुए सामान की जानकारी देते हुए संबंधी व्यक्ति ने बताया कि अज्ञात चोर उसके घर बुलेट मोटरसाइकिल पर तीन व्यक्ति आए, जिन्होंने अपना बोल्ट मोटरसाइकिल उनके घर से काफी दूर खड़ा कर दिया। जो कि पड़ोसियों के सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दे रहा है। आढ़ती ने बताया कि अज्ञात चोर उसके घर की साइड वाली दीवार से लांघ कर घर में प्रवेश हुए। उन्होंने बताया कि चोरों ने घर में रखे सारे सामान को उथल-पुथल किया।

## प्रधानमंत्री जल्द राष्ट्र को समर्पित करें शहीद स्मारक, देश-दुनिया के आकर्षण का बनेगा केंद्रः बी.एल. वर्मा

**चण्डीगढ़, 9 जून - केंद्रीय** उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री श्री बी.एल. वर्मा ने कहा कि अंबाला क्रांतिकारियों की धरती रही है और यहां निर्मित ह्ह्हआजादी की पहली लड़ाई का शहीद स्मारकह्ह्ह न केवल देश बल्कि एशिया का सबसे बड़ा शहीद स्मारक बनने जा रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी शीघ्र ही इस भव्य स्मारक को राष्ट्र को समर्पित करेंगे, जिससे नई पीढ़ी देश के गौरवशाली और वास्तविक इतिहास को प्रत्यक्ष रूप से जान और समझ सकेगी।

श्री वर्मा आज अंबाला छावनी में निमार्णाधीन ह्ह्हआजादी की पहली लड़ाई के शहीद स्मारकह्ह्ह का अवलोकन करने के उपरांत मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज भी उपस्थित रहे।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि स्मारक के पूर्ण होने और जनता के लिए खुलने के बाद इसकी भव्यता और दिव्यता देश-दुनिया के लोगों को आकर्षित करेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह स्मारक इतिहास, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा तथा देश-विदेश से बड़ी संख्या में लोग इसे देखने आएंगे

ऊर्जा मंत्री श्री अनिल विज पिछले लगभग 30 वर्षों से इस स्मारक के निर्माण के लिए निरंतर संघर्षरत रहे हैं, के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि स्मारक का अवलोकन करने के दौरान वे स्वयं आश्चर्यचकित रह गए।

## नगर निगम में मलिन बस्ती में चलाया विशेष स्वच्छता अभियान

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने की उपलब्धि के दृष्टिगत मंगलवार को नगर निगम मथुरा वृंदावन के बार्ड नंबर 5 भरतपुर गेट मलिन बस्ती में अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह के नेतृत्व में नगर निगम की संस्था नेचर ग्रीन ने विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अपर नगर आयुक्त ने स्वयं रोड से कचरे को उठाकर सफाई की। अपर नगर आयुक्त ने बताया की स्वयं निरीक्षण कर व जनता के द्वारा फीडबैक लिया गया है। जिसमें लोगों का कहना है नगर निगम की पूरी टीम बार्ड को स्वच्छ रख रही है। प्रतिदिन डोर टू डोर उठने वाला कूड़ा भी समय से उठ रहा है। नगर के सभी बार्ड स्वच्छ रहें इसके लिए नगर निगम की टीम हमेशा प्रयासरत रहती है उन्होंने जनता से भी सहयोग करने की अपील की। टीम ने दुकानदारों व लोगों के घर-घर जाकर समझाया। इस दौरान परियोजना प्रबंधक अभिलाष सांगवान ने बताया की विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 से 12 जून तक जोन के दो बार्डो की मलिन बस्तियों में सफाई अभियान जारी है। इस दौरान ऑपरेशन प्रभारी अभिषेक बाजपेई , उत्तम शर्मा, गिरीश कुमार गौरव ठाकुर वंदना आदि मौजूद रहे।




# बाढ़ से बचाव के लिए समय रहते तैयार करें प्रभावी बाढ़ प्रबंधन कार्य योजना : अतिरिक्त उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**निर्देश**

– यमुना तटीय क्षेत्रों, जोहड़ों और ग्रामीण इलाकों में सुरक्षा एवं बचाव बारे विशेष प्रबंध करने के दिए निर्देश

**पलवल।** अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद ने मंगलवार को जिला सचिवालय के सभागार में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आगामी मानसून के मद्देनजर बाढ़ बचाव एवं राहत कार्यों के लिए समय रहते प्रभावी बाढ़ प्रबंधन कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए ताकि संभावित जोखिमों को कम किया जा सके और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने अधिकारियों को योजना में संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करने, जलभराव वाले स्थानों का सर्वेक्षण, राहत एवं बचाव दलों की तैनाती, नावों और आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद रहने के निर्देश भी दिए।



अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक में ड्रेनेज स्वच्छता व्यवस्था सहित आगामी मानसून को देखते हुए संभावित बाढ़ एवं जलभराव से बचाव की तैयारियों को लेकर जन स्वास्थ्य विभाग, एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग, नगर परिषद सहित अन्य विभागों के संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट तलब करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करें कि बरसात के मौसम में आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय सीमा में बाढ़ बचाव एवं राहत से संबंधित तैयारियां पूरी करें।

अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद ने कहा कि जिले में किसी भी स्थान पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सभी संबंधित विभाग अभी से सक्रिय होकर कार्य करें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर परिषद तथा अन्य संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा जहां-जहां जलभराव की संभावना अधिक रहती है, उन स्थानों की पहचान कर वहां आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में चिन्हित जलभराव वाले स्थानों पर विशेष कार्य योजना बनाकर स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त सभी विभाग अपने-अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता दें।

अतिरिक्त उपायुक्त ने निर्देश दिए कि पंप सेट, मशीनरी तथा अन्य आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता समय रहते सुनिश्चित की जाए ताकि आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने सभी विभागों को काम में तेजी लाकर नालों और ड्रेन की सफाई जल्द से जल्द करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी ड्रेन की सूची तैयार करें। उन्होंने कहा कि वे सभी ड्रेनों का निरीक्षण करेंगे, जिसके लिए संबंधित विभाग अपनी-अपनी ड्रेन और नालों की सफाई करवा लें और रूट चार्ट बनाकर उन्हें दें। उन्होंने यमुना के साथ लगते क्षेत्रों में विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त उपायुक्त ने पंचायत विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा मानसून के दौरान जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यमुना नदी से सटे गांवों में विशेष सतर्कता बरतने को कहा तथा यमुना तटबंधों को मजबूत करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए ताकि बाढ़ जैसी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। उन्होंने कहा कि जोहड़ों की सफाई समय रहते पूरी की जाए तथा इसके आस-पास रहने वाले नागरिकों को जोहड़ों के ओवरफ्लो होने की स्थिति में सावधानी बरतने, स्वच्छता बनाए रखने तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने के प्रति जागरूक किया जाए।

बैठक में सीईओ जिला परिषद जितेंद्र कुमार, डीएमसी मनीषा शर्मा, सहित विभिन्न विभागों के एसई और एक्सईएन उपस्थित रहे।

# जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग ने हीट वेव से बचाव के लिए जारी की एडवाइजरी

## डीसी प्रीति ने कहा, आम नागरिक हीट वेव से बचाव के लिए एडवाइजरी की करें अनुपालना

**नितिन सिंगला जगाधरी**

**यमुनानगर:** जिला आपदा एवं प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त प्रीति ने कहा कि गर्मी के मौसम में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से लू (हीट वेव) लगने का खतरा बढ़ जाता है, खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसकी सभी को पालना करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखनी है।

हीट वेव से बचाव के लिए अपनाएं ये उपाय- डीसी

डीसी ने आमजन से आह्वान किया कि प्रशासन की ओर से जारी की




गई एडवाइजरी की पालना करें और हीट वेव से बचे रहें। उन्होंने बताया कि हीट वेव से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें, गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढक कर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं-भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस (ओरल रीहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड) नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। बच्चों को वाहनों में छोड़कर न जाएं उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है, नंगे पांव बाहर न जाएं, गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास रखें, काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें, खेत खलीहान में काम कर रहे हैं तो समय-समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन न करें। ताजे फल, सलाद तथा घर में बना खाना खाएं। खासतौर से दोपहर 12 बजे से सायं 3 बजे के बीच धूप में सीधे न जाए। यदि बच्चे को चक्कर आए, उल्टी घबराहट अथवा तेज सिरदर्द हो, सीने में दर्द हो अथवा सांस लेने में कठिनाई हो तो चिकित्सक को दिखाएं।

डीसी ने बताया कि बढ़ती गर्मी में वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों की खास देखभाल करें, तेज गर्मी, खासतौर से जब वे अकेले हों, तो कम से कम दिन में दो बार उनकी जांच करें, ध्यान रहे कि उनके पास फोन हो, यदि वे गर्मी से बेचैनी महसूस कर रहे हों तो उन्हें ठंडक देने का प्रयास करें, उनके शरीर को गीला रखें, उन्हें नहलाएं अथवा उनकी गर्दन तथा बगलों में गीला तौलिया रखें, उनके शरीर को ठंडक देने के साथ साथ डॉक्टर अथवा एम्बुलेंस को बुलाएं, उन्हें अपने पास हमेशा पानी की बोतल रखने के लिए कहें। अपने जानवरों का हीट वेव से कैसे बचाव करें- डीसी

डीसी ने बताया कि जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें, उन्हें घर के भीतर रखें, पीने के पानी के दो बाउल रखें ताकि एक में पानी खत्म होने पर दूसरे से वे पानी पी सकें, यदि उन्हें घर के भीतर रखा जाना संभव न हो तो उन्हें किसी छायादार स्थान में रखें, जहां वे आराम कर सकें। ध्यान रखें कि जहां उन्हें रखा जाए वहां दिनभर छाया रहे, अपने पालतू जानवर का खाना धूप में न रखें, जानवरों को किसी बंद जगह में न रखें, यदि आपके पास कुत्ता है तो उसे गर्मी में न टहलाएं, उन्हें सुबह और शाम को घुमाएं जब मौसम ठंडा हो, पालतू पशुओं को गर्म सतह (पटरी, तारकोल की सड़क, गर्म रेत) पर न टहलाएं, किसी भी स्थिति में जानवर को वाहन में न छोड़ें।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूरे, शाहबाद सीएचसी में गर्भवती महिलाओं की हुई निःशुल्क जांच

**शाहबाद(प्रदीप कुमार)-** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच (एएनसी) करवाने के लिए स्वास्थ्य केंद्र पहुंचीं। गौरतलब है कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 9 जून 2016 को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की शुरूआत की गई थी। योजना का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था की दूसरी और तीसरी तिमाही के दौरान प्रत्येक माह की 9 तारीख को गुणवत्तापूर्ण और निःशुल्क प्रसव पूर्व जांच उपलब्ध कराना है, ताकि मां और शिशु दोनों का स्वास्थ्य सुरक्षित रखा जा सके। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। उन्होंने कहा कि अभियान के 10 वर्ष पूरे होने के चलते इस बार कार्यक्रम को विशेष रूप से मनाया जा रहा है। स्वास्थ्य केंद्र में आने वाली प्रत्येक गर्भवती महिला का पंजीकरण किया जाता है और आवश्यक स्वास्थ्य जांच की जाती है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान यदि किसी महिला में उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था या कोई गंभीर स्वास्थ्य समस्या सामने आती है, तो उसे विशेष निगरानी में रखा जाता है और आवश्यकता अनुसार उच्च चिकित्सा केंद्रों में रेफर भी किया जाता है। अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराकर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है

## न्यूज फ्लैश

# सुरजेवाला को कांग्रेस अध्यक्ष बनाने से पार्टी को मिलेगी नई गतिः मधुसूदन बवेजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं राज्यसभा सदस्य रणदीप सुरजेवाला को यदि पार्टी आलाकमान राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपता है तो इससे कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी।

बवेजा ने कहा कि सुरजेवाला ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में युवा कांग्रेस से लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि सुरजेवाला विभिन्न राज्यों के प्रभारी, टिकट वितरण समिति के सदस्य, अनुशासन समिति के सदस्य तथा स्टार प्रचारक के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं।

उन्होंने कहा कि सुरजेवाला की पहचान एक समर्पित, अनुभवी और संगठन के प्रति निष्ठावान नेता के रूप में है। सभी वर्गों और कार्यकताओं के बीच उनकी अच्छी पकड़ है तथा वे पार्टी के लिए हमेशा एक सच्चे सिपाही की तरह खड़े रहे हैं।

बवेजा ने कांग्रेस नेतृत्व से आग्रह किया कि आगामी चुनावों को देखते हुए संगठन को मजबूत बनाने के लिए सुरजेवाला के अनुभव और कार्यशैली का लाभ उठाया जाए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यदि पार्टी की कमान सुरजेवाला के हाथों में आती है तो कांग्रेस को मजबूती मिलेगी तथा पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकेगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और सुरजेवाला की टीम कांग्रेस को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सक्षम है।

# ब्रह्मसरोवर स्थित डेरा बाबा गुड़दड़ा की भूमि विवादों में, बेचने के प्रयासों के खिलाफ पुलिस में शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर स्थित ऐतिहासिक डेरा बाबा गुड़दड़ा एक बार फिर विवादों के घेरे में है। डेरे की धार्मिक भूमि को कथित रूप से गैरकानूनी तरीके से बेचने के प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है, जिसके बाद बाबा हनुमान दास ने पुलिस और उच्च अधिकारियों से हस्तक्षेप की गुहार लगाई है। और इसकी लिखित शिकायत पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र को दी है शिकायत पंजीकृत नंबर 196532 करके शिकायत जाँच के लिए आदर्श थाना में भेज दी है

**साजिश का गंभीर आरोप**

बाबा हनुमान दास ने आरोप लगाया है की इस पूरे प्रकरण में स्वर्गीय महंत बाबा मदन मोहन दास के एक पुत्र की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। महंत बाबा हनुमान दास ने कुरुक्षेत्र के पुलिस अधीक्षक को दी गई शिकायत में गंभीर आरोप लगाए हैं। बाबा हनुमान दास का दावा है कि उनके गुरुभाई अश्वत्थामा दास को कथित रूप से नशीला पदार्थ देकर हिमाचल प्रदेश ले जाया गया, जहां जबरन उनसे भूमि संबंधी पावर ऑफ अटॉर्नी पर हस्ताक्षर करवाए गए। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इसी पावर ऑफ अटॉर्नी का उपयोग कर डेरे की बहुमूल्य भूमि को बेचने और उसका हस्तांतरण करने की साजिश रची जा रही है।

**पूर्व में भी सामने आए हैं विवाद**

यह पहला मौका नहीं है जब डेरे की संपत्ति विवादों में घिरी हो। इससे पूर्व भी इस धार्मिक संपत्ति का एक हिस्सा बेचे जाने का मामला सामने आ चुका है, जो वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है।

शिकायतकताओं का यह भी कहना है कि विवादित भूमि के एक हिस्से पर कथित रूप से मैरिज पैलेस का निर्माण भी किया गया है।

# गांव मेघनवास में टीबी जागरूकता एवं जांच शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत गांव मेघनवास में टीबी जागरूकता एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को क्षय रोग टीबी के प्रति जागरूक करना, संभावित रोगियों की पहचान करना तथा समय पर जांच एवं उपचार के लिए प्रेरित करना था। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सीएचओ अरुण चौधरी, ऋषिराज तथा आशा सहयोगिनी शर्मिला ने सक्रिय भूमिका निभाई। स्वास्थ्य टीम द्वारा ग्रामीणों को टीबी के लक्षण जैसे लगातार खांसी, बुखार, वजन कम होना, भूख न लगना एवं रात में पसीना आने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर के दौरान कुल 75 लोगों की टीबी स्क्रीनिंग की गई। जांच के दौरान संदिग्ध पाए गए 11 व्यक्तियों के बलगम के नमूने लेकर आगे की जांच के लिए भेजे गए। स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों को बताया कि टीबी एक पूर्णतः उपचार योग्य बीमारी है तथा सरकार द्वारा इसकी जांच एवं उपचार की सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। ग्रामीणों को टीबी के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने, नियमित जांच करवाने तथा उपचार को बीच में न छोड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

# निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान, 7 दुकानदारों के चालान

**नितिन सिंगला जगाधरी**

**यमुनानगर, 9 जून।** नगर निगम की टीम ने मंगलवार को जगाधरी रोड पर अतिक्रमण के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए सड़क किनारों से अवैध कब्जे हटाए और सात दुकानदारों के मौके पर ही चालान किए। अभियान के दौरान सड़क तक फैला सामान जब्त किया गया तथा रेहड़ियों, फड़ियों और अस्थायी ढांचों को हटवाया गया।



नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निदेर्शों पर जोन-1 में मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह और जोन-2 में मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद बेनीवाल के नेतृत्व में गठित टीमें लगातार सिंगल यूज प्लास्टिक, अतिक्रमण, खुले में गंदगी फैलाने और कचरे में आग लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं।

मंगलवार को जोन-2 में मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद बेनीवाल के मार्गदर्शन में सफाई निरीक्षक सुशील शर्मा, सफाई निरीक्षक प्रदीप दहिया, पीडब्ल्यूडी एवं बीएंडआर विभाग के कनिष्ठ अभियंता तथा होमगार्ड जवानों की टीम महाराणा प्रताप चौक से पंचायत भवन तक पहुंची और सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाना शुरू किया। कार्रवाई की सूचना मिलते ही दुकानदारों में हड़कंप मच गया और कई लोगों ने स्वयं ही अपना सामान दुकानों के अंदर रख लिया। नगर निगम की टीम ने सड़क किनारे अवैध रूप से लगाए गए टेंट, साइन बोर्ड और अन्य सामान को हटाकर निगम के वाहन में लोड किया। साथ ही सड़क किनारे खड़ी रेहड़ियों और फड़ियों को भी हटवाया गया। अभियान के दौरान सड़क पर मिला सामान जब्त कर लिया गया तथा अतिक्रमण करने वाले सात दुकानदारों के चालान काटे गए।

सफाई निरीक्षक सुशील शर्मा ने बताया कि जगाधरी रोड शहर के सबसे व्यस्त मार्गों में से एक है, जहां दिनभर वाहनों की आवाजाही रहती है। सड़क किनारे रेहड़ियां और अन्य अतिक्रमण होने के कारण अक्सर जाम की स्थिति बन जाती थी, जिससे वाहन चालकों, राहगीरों और दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ता था।

# ग्लोब हेरिटेज स्कूल में आपदा प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**रादौर, 9 जून (कुलदीप सैनी) :** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षकों के व्यावसायिक विकास एवं सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आपदा प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यार्थियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी



विद्यालयों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने आपदा संबंधी जागरूकता और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता विकसित करने पर बल दिया। कार्यशाला में सीबीएसई रिसोर्स पर्सन एवं मास्टर ट्रेनर अमित सिंघल ने आपदा प्रबंधन, विद्यालय सुरक्षा योजना, आपातकालीन निकासी, प्राथमिक उपचार तथा संकट के समय शिक्षकों की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने नियमित मॉक ड्रिल और सुरक्षा प्रशिक्षण की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

# भीषण गर्मी में युवा टीम ने लगाई छबील

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** गांव सिसोठ में दादरी रोड स्टेट हाईवें पर मंगलवार को गांव के युवाओं ने ममाज टीम के सहयोग से राहगीरों के लिए मीठे पानी की छबील लगाई गई। भीषण गर्मी को देखते हुए युवा टीम के सदस्यों ने सुबह आठ बजे से ही ठंडे मीठे शरबत की व्यवस्था की। गांव सिसोठ से दादरी-महेंद्रगढ दिनों साइड रोड से गुजरने वाले सैकड़ों राहगीरों, वाहन चालकों, महिलाओं व बच्चों ने छबील पर रुककर मीठा शरबत पानी पीया और अपनी प्यास बुझाकर गर्मी से राहत पाई।

# नर्सिंग कर्मचारियों की दो घंटे की पेन डाउन हड़ताल, स्वास्थ्य सेवाएं रहीं प्रभावित



**नितिन सिंगला जगाधरी**

**यमुनानगर, 9 जून।** हरियाणा के सरकारी अस्पतालों में मंगलवार को नर्सिंग स्टाफ ने अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इसी क्रम में सिविल अस्पताल यमुनानगर में नर्सिंग वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले नर्सिंग कर्मचारियों ने दो घंटे की पेन डाउन हड़ताल की। इस दौरान इमरजेंसी सेवाओं को छोड़कर अस्पताल की अन्य स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रहीं, जिससे ओपीडी और वार्डों में मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

प्रदर्शन कर रहे नर्सिंग कर्मचारियों ने कहा कि वे अपने सम्मान और सुरक्षा की मांग को लेकर आवाज उठा रहे हैं। उनका आरोप है कि हाल ही में कुरुक्षेत्र के एलएनजेपी सिविल अस्पताल में हुई घटना से प्रदेशभर का नर्सिंग स्टाफ आहत है। कर्मचारियों ने सरकार और स्वास्थ्य विभाग से नर्सिंग कर्मचारियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करने की मांग की। गौरतलब है कि 7 जून को हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया कुरुक्षेत्र स्थित एलएनजेपी सिविल अस्पताल में 15 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म के मामले की जांच के लिए पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने प्रिंसिपल मेडिकल ऑफिसर डॉ. साराह अग्रवाल सहित ड्यूटी पर मौजूद नर्सिंग स्टाफ को फटकार लगाई थी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद नर्सिंग कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ गई।

उल्लेखनीय है कि दुष्कर्म मामले में केयूके थाना पुलिस आरोपी डॉक्टर को गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी अस्पताल में कंसल्टेंट फिजिशियन के पद पर कार्यरत था।

**विरोध**

**आदर्श सरकारी अस्पतालों में मंगलवार को नर्सिंग स्टाफ ने अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया**

# किसानों ने किया निगम कार्यालय पर प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**रादौर :** गांव गुमथला के किसानों और ग्रामीणों ने यमुना नदी पार स्थित खेतों में पर्याप्त बिजली आपूर्ति न मिलने के विरोध में बुधवार को बिजली निगम कार्यालय में धरना दिया। प्रदर्शनकारियों ने निगम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि पिछले दो माह से शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है।

ग्रामीण सोनू गुमथला, बलविंद्र, रमेश खुराना, राजेश सलूजा, विजय सेठी, भीम सेतिया,



दीवान चंद खुराना आदि का कहना है कि उन्हें दिन में केवल एक से दो घंटे ही बिजली मिल रही है, जिससे सब्जियों की फसल प्रभावित हो रही है और धान सीजन की तैयारियां भी बाधित हैं। उन्होंने बिजली लाइनों व खंभों की खराब स्थिति तथा कर्मचारियों पर सामान के लिए पैसे मांगने और अभद्र व्यवहार करने के आरोप भी लगाए। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो किसान यूनियन के बैनर तले अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। बाद में मौके पर पहुंचे एक्सईएन पंकज देशवाल ने चार दिन के भीतर समस्या का स्थायी समाधान कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया।

वहीं बिजली निगम के एसडीओ अवनीश कुमार ने बताया कि किसानों की समस्या के समाधान के लिए फीडर को अलग करने की प्रक्रिया चल रही है और तीन-चार दिनों में स्थिति सुधारने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने किसानों से पैसे मांगने के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदनः विश्राम

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए व्यक्तियों एवं संस्थाओं को प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर प्रदान किया जाता



है।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि यह पुरस्कार दो श्रेणियों में दिया जाता है, जिसमें व्यक्तिगत एवं संस्थागत श्रेणियां शामिल हैं। केवल भारतीय नागरिक और भारतीय संस्थान ही इस पुरस्कार के लिए पात्र हैं। इसमें ऐसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिनका संबंध आपदा प्रबंधन के विभिन्न क्षेत्रों जैसे रोकथाम, शमन, तैयारी, बचाव, प्रतिक्रिया, राहत, पुनर्वास, अनुसंधान, नवाचार तथा जागरूकता गतिविधियों से हो। आवेदन के साथ आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में किए गए कार्यों का विस्तृत विवरण देना अनिवार्य होगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने जिले के सभी पात्र संस्थानों एवं व्यक्तियों से अपील की कि वे इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए समय रहते आवेदन करें।

# हमीदा हेड पर नहर में डूबे 17 वर्षीय शिवम का शव दो दिन बाद बरामद

**नितिन सिंगला जगाधरी**

**यमुनानगर, 9 जून।** हमीदा हेड स्थित पश्चिमी यमुना नहर में डूबे 17 वर्षीय छात्र शिवम का शव दो दिन बाद बरामद कर लिया गया। सोमवार देर शाम रादौर क्षेत्र से आगे नहर में उसका शव पानी में उतराता दिखाई दिया। सूचना मिलने पर पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालकर उसकी पहचान कराई। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। शादीपुर निवासी शिवम रविवार को हमीदा हेड पर नहर में नहाने के दौरान तेज बहाव की चपेट में आकर बह गया था। घटना के बाद पुलिस और गोताखोरों की टीम लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई



थी। दो दिनों तक नहर के विभिन्न हिस्सों में सर्च ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। आखिरकार सोमवार शाम उसका शव रादौर क्षेत्र के पास नहर में मिला।

**इकलौता बेटा था शिवम**

मृतक के पिता उपेंद्र तिवारी ने बताया कि शिवम उनकी इकलौती संतान था। रविवार को वह घर से स्विमिंग पूल में नहाने की बात कहकर निकला था। उन्होंने उसे जाने से मना भी किया था, लेकिन वह नहीं माना। बाद में वह अपने



दोस्त के साथ स्विमिंग पूल की बजाय हमीदा हेड पर नहर में नहाने चला गया, जहां यह हादसा हो गया। उन्होंने बताया कि सोमवार देर शाम उन्हें नहर में एक शव बहता हुआ दिखाई दिया, जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। पुलिस और गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला गया, जिसकी पहचान शिवम के रूप में हुई।

**दोस्त के साथ गया था नहर में नहाने**

जानकारी के अनुसार शिवम 10वीं कक्षा का छात्र था। वह रविवार को अपने दोस्त किरणजीत के साथ घर से निकला था। दोनों का पहले स्विमिंग पूल जाने का कार्यक्रम था, लेकिन बाद में उन्होंने हमीदा हेड पर नहर में नहाने का निर्णय लिया। किरणजीत के अनुसार दोनों नहर में एक-दूसरे का हाथ पकड़कर नहा रहे थे। इसी दौरान वे थोड़ा आगे बढ़ गए और पीछे से आए तेज जल प्रवाह ने उनका संतुलन बिगाड़ दिया।

# राम को अपने जीवन का आदर्श बनाने वालों का हुआ कल्याणः योगी

जिनके मन में देश के प्रति आस्था व निष्ठा नहीं, उनके लिए भारत की ध?ती धर्मशाला नहीं हो सकतीः मुख्यमंत्री
9 दिवसीय रामकथा महोत्सव के समापन समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ

**आदर्श**

जिसने प्रभु श्रीराम को अपने जीवन का आदर्श बनाया, उसका कल्याण हुआ है : सीएम योगी



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिसने प्रभु श्रीराम को अपने जीवन का आदर्श बनाया, उसका कल्याण हुआ है और जिसने राम से द्रोह किया है, उसको इस धरती पर कहीं जगह नहीं मिली है। मारीच, खरदूषण और रावण का क्या हश्र हुआ। नारी गरिमा का कैसे ध्यान रखना है, लव जेहाद के खिलाफ कैसे आवाज उठानी है, उसका यह उदाहरण आप सबके सामने है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को सीतापुर रोड स्थित सेवा अस्पताल परिसर में चल रही पद्मविभूषण तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरू रामभद्राचार्य की राम कथा के अंतिम दिन पहुंचे। मुख्यमंत्री ने व्यास पीठ पर पुष्प अर्पित कर पूजन किया। रामभद्राचार्य का माल्यार्पण किया। वहीं जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अंग वस्त्र ओढ़ाकर उन्हें आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लव जेहाद के प्रति लोगों को सजग किया। उन्होंने कहा कि केरल उच्च न्यायालय ने 2009 में इसको लेकर चिंता व्यक्त की। तब भी हम उस पर ध्यान नहीं दिए। हमने उप्र में 2020 में इस पर कानून बनाया। तब भी इस पर व्यापक जनजागरूकता की जरूरत है। उन्होंने कहा कि रामायण काल खण्ड के उदाहरण आपके सामने हैं। मारीच हैं, रावण हैं। उच्च कुल और श्रेष्ठ व्यवस्था में जन्म लेते हैं लेकिन पशुवत मारे जाते हैं। हमारे पवनसुत हनुमान जी, विभीषण हैं, सामान्य जीवन में जन्म के समय और उसके उपरांत भले ही उस प्रकार सम्मान न मिला हो, राम की संगत में आने के बाद पूज्य हो गए। सबके लिए पूज्य हो गए। हम प्रातःकाल जिन सात नामों का स्मरण करते हैं उनमें विभीषण का भी नाम है। हमारे यहां हर समस्या का समाधान, हम किसी को मानते हैं, हम बचपन से देखते आए हैं कि गांव का अनपढ़ व्यक्ति भी होगा, उसे हनुमान चालीसा जरूर याद होगी। हनुमान चालीसा जरूर याद करके रखता है। यह है ताकत। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 491 वर्ष तक श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन चलता रहा। 2019 में सर्वोच्च न्यायालय की फुल बेंच के न्यायमूर्तियों ने अपने फैसले में कहा कि जहां रामलला विराजमान हैं, वहीं रामजन्मभूमि है। इसे लेकर साक्ष्य-प्रमाण और विद्वानों के वक्तव्य भी दिए गए थे। सर्वोच्च न्यायालय के एक न्यायमूर्ति ने स्वामी रामभद्राचार्य जी के बारे में कहा कि जब मैंने उनके वक्तव्य को सुना तो लगा कि सनातन धर्मावलंबियों के साथ सैकड़ों वर्षों से अन्याय हो रहा था। उन्होंने कहा कि आप सब सौभाग्यशाली हैं कि तुलसीपीठाधीश्वर के श्रीमुख से इस पावन कथा का श्रवण करने का सौभाग्य प्रात हुआ है। हम लोग इसीलिए कहते हैं। मध्यकाल में तुलसी दास जी ने समाज के एकजुट होने की, विदेशी आक्रांताओं के सचेत होने की की चेतना जागृत की।
प्रभु श्रीराम के प्रति भक्ति का संदेश देकर उन्होंने पूरे उत्तर भारत को एकता के सूत्र में जोड़ने का कार्य किया था। वही कार्य आज जगद्गुरु रामानंदाचार्य तुलसीपीठाधीश्वर रामभद्रचार्य जी कर रहे हैं। उनके श्रीमुख से पाव कथा श्रवण करने का सौभाग्य आप सबको प्राप्त हो रहा है।

# मप्र सरकार ने मंडी शुल्क एक से बढ़ाकर किया डेढ़ रुपये



**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें प्रदेश के बुनियादी ढांचे, तकनीकी विकास और किसान कल्याण से जुड़े कार्यों के लिए लगभग 13 हजार 800 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई। इसके साथ ही कपास पर लगने वाले मंडी शुल्क को घटाकर अन्य उपज पर लगने वाले मंडी शुल्क को एक रुपये से बढ़ाकर 1.50 रुपये कर दिया है। बैठक में भोपाल मेट्रो रेल परियोजना की संशोधित कुल लागत और अतिरिक्त वित्त पोषण को मिलाकर 13,565.84 करोड़ रुपये की पुनरीक्षित राशि की स्वीकृति दी गई। इसके अलावा राज्य में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन को सुदृढ़ करने के लिए आगामी 5 वर्षों 2026-2031 के लिए आईटी संवर्ग परामर्श सेवाओं और कार्य योजना के लिए 235 करोड़ 63 लाख रुपये स्वीकृत किए गए है। एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप ने बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि मंत्रि-परिषद ने कृषि और व्यापार जगत को गति देने के लिए कपास पर मंडी फीस की दर को एक फीसदी से घटाकर 0.5 प्रतिशत करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है, जिससे स्थानीय जिनिंग मिलों को मजबूती मिलेगी और रोजगार बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में लगभग 158 कपास जिनिंग मिलें है, जिनकी प्रसंस्करण क्षमता लगभग 13 लाख मीट्रिक टन है। प्रदेश में कपास पर मंडी फीस की दर में कमी किए जाने से जिनिंग मिलों के द्वारा अन्य पड़ोसी राज्यों में पलायन की अपेक्षा प्रदेश में ही व्यवसाय करने को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे रोजगार में तथा जी.एस.टी संग्रहण में वृद्धि होगी। जिनिंग मिलों की इनपुट लागत में कमी आएगी और उनकी आर्थिक व्यवहारिता में वृद्धि होगी। वे प्रतिस्पर्धात्मक बाजार में अपनी स्थिति सुदृढ़ बनाए रखने में सक्षम होगी। मंत्री काश्यप ने बताया कि किसान हित में सामान्य मंडी शुल्क को एक रुपये से बढ़ाकर एक रुपये 50 पैसे किया गया है। इस राशि से जिलों में कोल्डस्टोरेज, वेयरहाउस प्रसंस्करण इकाईयों एवं लॉजिस्टिक सुविधाओं को प्रोत्साहन मिलेगा। इस शुल्क राशि में से 50 पैसे विपणन विकास निधि के अंश के रूप में किसानों के कल्याण में उपयोग किया जायेगा। निराश्रित शुल्क को यथावत 20 पैसे रखा जायेगा। इस वृद्धि से इस वर्ष में लगभग 500 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय होना संभावित है। इस आय का उपयोग किसान सड़क निधि एवं कृषि अनुसंधान तथा अधोसंरचना विकास में किया जाएगा। काश्यप ने बताया कि कैबिनेट ने भोपाल मेट्रो रेल परियोजना की मूल लागत 6,941.40 करोड़ में 3,092.22 करोड़ रुपये की अतिरिक्त लागत जोड़कर संशोधित कुल लागत 10,033.62 करोड़ रुपये के प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की है। मंत्रि-परिषद ने इसके अतिरिक्त उद्योग के स्वीकृत मानदंडों के अनुसार परियोजना के लिए अतिरिक्त वित्त पोषण के लिए 3,532 करोड़ 22 लाख रुपये की भी स्वीकृति प्रदान की है।

# मन की बात करने वाले जनता की बात की कर रहे अनदेखीः शिवपाल




**टीम एक्शन इंडिया**
**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा जनपद में मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ला से मिलने पहुंचे समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि मन की बात करने वाले जनता की बात की अनदेखी कर रहे हैं। उन्होंने उक्त बातें पत्रकारों से बात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर निशाना साधते हुए कही। उन्होंने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ओम प्रकाश राजभर पर जुबानी हमला बोलते हुए कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव में केवल परिवार की पांच सीटें जीत की बात कही जा रही थीं, फिर सपा की 37 और कांग्रेस की पांच सीटें इंडिया गठबंधन कैसे जीत गया। शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि सपा को सैफई भेजने की बात कहने वाले 2027 में विधानसभा जाने लायक नहीं रहेंगे। सपा को सत्ता से दूर करने का सपना देखने वालों को जनता घर भेज देगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विपक्ष को खत्म करना चाहती है। विपक्ष में बैठे जनता के द्वारा चुने गये सांसद, विधायकों को इनकम टैक्स, सीबीआई का डर दिखाकर चुप करना चाहती है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संपन्न की गिरिराज धरण की सप्तकोसीय परिक्रमा

**पूजा-अर्चना**

मुकुट मुखारविंद मंदिर की तलहटी पर दुग्ध एवं जलाभिषेक कर गिरिराज जी की विधिवत पूजा-अर्चना की



**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को गिरिराज धरण (गोवर्धन पर्वत) की लगभग 21 किलोमीटर की परिक्रमा भक्तिभाव के साथ संपन्न की। अपने दो दिवसीय डीग प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने सपत्नीक पूंछरी का लौठा स्थित श्रीनाथ जी के दर्शन किए। साथ ही, उन्होंने मुकुट मुखारविंद मंदिर की तलहटी पर दुग्ध एवं जलाभिषेक कर गिरिराज जी की विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेश की निरंतर खुशहाली व सुख-समृद्धि के लिए मंगलकामना की। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने श्रीनाथ जी मंदिर परिसर में उपस्थित संतों, स्थानीय नागरिकों और दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं को अपने हाथों से प्रसादी वितरित की। उन्होंने इस दौरान श्रद्धालुओं से आत्मीय संवाद कर यात्रा के दौरान मिल रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली।
उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने सोमवार शाम को सप्तकोसीय परिक्रमा प्रारंभ की थी जो मंगलवार सुबह लगभग 4 बजे संपन्न हुई।
उन्होंने पूंछरी का लौठा में आमजन से मुलाकात की। विकास कार्यों को लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश
मुख्यमंत्री ने भरतपुर व डीग जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र के विकास कार्यों पर चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# आयुष पाण्डेय ने छग के उप मुख्यमंत्री अरुण साव से की मुलाकात



**बधाई दी**

कार्यालय में हुई मुलाकात के दौरान श्री साव ने उन्हें भारतीय टीम में चयन पर बधाई दी

**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव से छत्तीसगढ़ के उभरते क्रिकेटर और श्रीलंका दौरे के लिए इंडिया-ए टीम में चुने गए आयुष पाण्डेय ने सौजन्य मुलाकात की। उप मुख्यमंत्री श्री साव के नवा रायपुर स्थित निवास कार्यालय में हुई मुलाकात के दौरान श्री साव ने उन्हें भारतीय टीम में चयन पर बधाई दी। उन्होंने श्रीलंका में अच्छे प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दीं। उप मुख्यमंत्री साव ने आयुष के खेल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी प्रतिभा, क्षमता, मेहनत और प्रदर्शन से इंडिया-ए टीम में जगह बनाई है। यह छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का क्षण है। छत्तीसगढ़ की ओर से रणजी ट्रॉफी में वे लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। अपने अच्छे प्रदर्शन और दमखम से उन्होंने राष्ट्रीय चयनकताओं का ध्यान अपनी ओर खींचा है।
उल्लेखनीय है कि आयुष पाण्डेय छत्तीसगढ़ के सबसे प्रतिभाशाली बल्लेबाजों में से एक हैं। वे बाएं हाथ के आक्रामक ओपनर बैट्समैन हैं। वे रणजी ट्रॉफी में लगातार बड़े स्कोर कर चर्चा में आए हैं। उनमें नई गेंद को अच्छी तरह खेलने और लंबे समय तक बल्लेबाजी करने की क्षमता है। आक्रामक बल्लेबाजी और कवर ड्राइव उनकी ताकत है। ध्रुव जुरेल की कप्तानी में दो टेस्ट मैच खेलने श्रीलंका जा रही 15 सदस्यीय भारतीय टीम में चयनकर्ताओं ने ओपनिंग बैट्समैन के रूप में आयुष पाण्डेय पर भरोसा जताया है।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चयनित अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र



**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से शहरी विकास, कौशल विकास व सेवायोजन विभाग, पशुपालन विभाग में विभिन्न पदों पर चयनित 2 सौ 21 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शहरी विकास, कौशल विकास एवं सेवायोजन तथा पशुपालन विभाग के अंतर्गत आज नवचयनित 221 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। राज्य में बीते साढ़े चार वर्षों में सरकार ने 33 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी सेवाओं से जोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा यह पल युवाओं की वर्षों के परिश्रम और संघर्ष की सफलता का स्वर्णिम क्षण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के चेहरों पर मुस्कान बताती है कि राज्य सरकार, सही दिशा में आगे बढ़ रही है। राज्य के युवा वर्तमान के साथ भविष्य की भी सबसे बड़ी पूंजी है।

**निष्पक्षता**

सरकार इसी रफ्तार, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ युवाओं को लगातार रोजगार के अवसर देगी

उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नई स्टार्टअप नीति, राज्य में नया स्टार्टअप कल्चर को बढ़ावा दे रही है। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना और युवा प्रोत्साहन योजनाओं के माध्यम से युवाओं को आर्थिक और तकनीकी रूप मजबूत किया जा रहा है। सरकार के प्रयासों से युवा आज अपने सपनों को लेकर पहले से कई अधिक आश्वस्त है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय ऐसा था जब युवाओं के सपनों और उनके माता-पिता के त्याग के साथ अन्याय होता था। पर आज रिकॉर्ड समय में भर्तियां पूरी हो रही हैं। पहले युवाओं को हताशा और निराशा मिलती थी, आज राज्य सरकार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपने का काम करती है। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार, युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी कीमत पर समझौता नहीं होने देगी।
उन्होंने कहा आज के दिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में पूरे 12 वर्ष पूरे हो रहे हैं। जो एक ऐतिहासिक दिन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने नकल माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। राज्य सरकार ने देश में सबसे कड़ा कठोर नकल विरोधी कानून लागू किया है। मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट किया कि आगे भी राज्य सरकार इसी रफ्तार, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ युवाओं को लगातार रोजगार के अवसर देती रहेगी।

# मायावती ने की एसडीएम पर जानलेवा हमले की निंदा



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को जिला हरदोई में एसडीएम के ऊपर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है, ऐसी घटनाओं पर रोक लगाना जरूरी है। बसपा प्रमुख मायावती ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि यूपी की राजधानी लखनऊ के पड़ोसी ज़िला हरदोई में एक सरकारी अधिकारी शाहाबाद के एसडीएम सुशील मिश्रा पर निरीक्षण के दौरान दबंगों ने ईंट व पत्थर आदि से हमला कर दिया, इसमें वह घायल हो गए। उनको इलाज के लिया अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। ऐसी खबर दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं बल्कि अति-चिन्ताजनक भी है। सरकारी कार्यों में कथित भ्रष्टाचार के साथ-साथ प्रदेश को अराजक तत्वों से बचाया जा सके।

# बिहार में 30 दिनों में उद्योग लगाने को मिलेगी स्वीकृतिः मुख्यमंत्री

**क्लीयरेंस**

राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद सचिवालय द्वारा 'डीम्ड क्लीयरेंस' जारी कर दिया जाएगा



**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक में बिहार को तीव्र औद्योगिक विकास, व्यापक रोजगार सृजन और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। इसमें बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन अधिनियम, 2016 के अंतर्गत राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद सचिवालय को एकल नोडल एजेंसी के रूप में प्राधिकृत करते हुए उसे व्यापक प्रशासनिक एवं विधिक शक्तियां प्रदान करने की स्वीकृति दी गई। इस बाबत मंगलवार को मुख्यमंत्री ने बयान जारी कर कहा कि बिहार में निवेशकों के लिए उद्योग लगाना आसान हुआ है। उन्हें सरल, पारदर्शी और समयबद्ध व्यवस्था सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उद्योगों की स्थापना से जुड़ी प्रक्रियाओं को आसान कर निवेशकों को अनावश्यक विलंब तथा प्रशासनिक जटिलताओं से पूरी तरह मुक्ति मिले। उन्होंने कहा कि अब राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षदसचिवालय द्वारा किसी आवेदन की तकनीकी जांच एवं अनुशंसा किए जाने के बाद संबंधित सक्षम प्राधिकार को 30 दिनों के भीतर अथवा निर्धारित समय-सीमा के अंदर स्वीकृति प्रदान करना अनिवार्य होगा। यह व्यवस्था केवल प्रशासनिक निर्देश नहीं, बल्कि विधिक रूप से बाध्यकारी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कोई विभाग अथवा सक्षम प्राधिकार निर्धारित समय-सीमा के भीतर निर्णय लेने में विफल रहता है तो निवेशकों के हितों की रक्षा करते हुए राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद सचिवालय द्वारा 'डीम्ड क्लीयरेंस' जारी कर दिया जाएगा।

# शुभेंदु सरकार का एक महीना : अवैध घुसपैठियों और भ्रष्टाचार के खिलाफ उठाए सख्त कदम



**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में बनी नई सरकार के पहले एक महीने ने राज्य की राजनीति और प्रशासनिक ढांचे में बड़े बदलावों की शुरूआत के संकेत दिए हैं। ब्रिगेड परेड मैदान में पिछले महीने 09 मई को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद शुभेंदु अधिकारी ने भ्रष्टाचार और अवैध घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ कई फैसले लिए। पहले ही महीने में भाजपा सरकार ने महिलाओं के लिए अन्नपूर्णा योजना लागू की और करीब 32 लाख महिलाओं के खाते में तीन-तीन हजार रुपये आए हैं। इसके अलावा राज्य की सरकारी बसों में महिलाओं का मुफ्त सफर भी शुरू हुआ है जो नारी शक्ति के लिए बड़ी सौगात के तौर पर देखा जा रहा है। भाजपा सरकार के शुरूआती महीने में सबसे बड़ा फोकस भ्रष्टाचार पर कार्रवाई को लेकर रहा। विभिन्न स्तरों पर हुई जांच और कार्रवाई में कई राजनीतिक नेताओं, अधिकारियों और प्रभावशाली व्यक्तियों के खिलाफ कदम उठाए जाने की जानकारी सामने आई है। रिपोर्टों के अनुसार, सैकड़ों लोगों पर कार्रवाई की गई, जिनमें कई बड़े नाम भी शामिल बताए जा रहे हैं। इनमें पूर्व मंत्री सुजीत बोस, स्वरूप विश्वास, दिलीप मंडल, जहांगीर खान, असित मजूमदार, सब्यसाची दत्त और रविंद्रनाथ चट्टोपाध्याय जैसे नाम चर्चा में रहे हैं। इसी अवधि में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय जैसी एजेंसियों की सक्रियता भी बढ़ी है।

**बड़े बदलाव**

राज्य की राजनीति और प्रशासनिक ढांचे में बड़े बदलावों की शुरूआत के संकेत दिए हैं

खासकर शिक्षक भर्ती घोटाले और अन्य कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी से जुड़े फर्जी हस्ताक्षर मामले में पूछताछ की प्रक्रिया तेज हुई। सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर भ्रष्टाचार की जांच के लिए एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में विशेष जांच समिति के गठन की घोषणा की है। इसके साथ ही कई मामलों की जांच केंद्रीय एजेंसियों को सौंपने का निर्णय भी लिया गया है। शिक्षा व्यवस्था और भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए भी नए कदम उठाए गए हैं। सीमा सुरक्षा और अवैध घुसपैठ के मुद्दे पर भी सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। भारत-बांग्लादेश सीमा पर निगरानी बढ़ाने, होल्डिंग सेंटरों के निर्माण और अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी लोगों की वापसी की प्रक्रिया तेज की गई। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जमीन सौंपनी की प्रक्रिया शुरू की गई है ताकि बांग्लादेश सीमा पर तारबंदी किया जा सके।

# पिछले पांच साल में कब्जेदारों से 200 वर्ग किमी से ज्यादा जमीन वापस लीः मुख्यमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**
**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार रात को कई उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के बाद उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन को कब्जे से मुक्त कराना राज्य सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में से एक है। उनके मुताबिक, सरकार ने पिछले पांच साल में कब्जेदारों से 200 वर्ग किलोमीटर से ज्यादा जमीन वापस ली है। मुख्यमंत्री ने बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए सोशल मीडिया एक्स पर बताया कि अब हम पक्के कदम उठा रहे हैं ताकि यह पक्का किया जा सके कि कब्जेदार इन जमीनों पर कभी वापस न आ सकें। मुख्यमंत्री ने शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली जैसे अहम विभागों को ऐसे जरूरी प्रोजेक्ट्स की पहचान करने का निर्देश दिया, जिन्हें केंद्र की व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) पहल के तहत लाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस योजना का फायदा उठाने से आधारभूत संरचना के विकास में तेजी आएगी और बड़े पब्लिक प्रोजेक्ट्स की आर्थिक व्यवहार्यता में सुधार करके असम की विकास की रफ्तार को मजबूत किया जा सकेगा।